राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 21, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

खीरी पुलिस को आख़िर कार हत्या का मुक़दमा एक महीने बाद लिखना ही पड़ा ...06

नगर निगमः एक और कार्यदायी संस्था पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा...12

इलेक्शन पिटीशन क्या है, जिसके पेंच में फंसी यूपी की मिल्कीपुर सीट, जानें कहां और क्यों किया जाता है दाखिल?

स्वतंत्र प्रभात

उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर सीट पर चुनाव आयोग ने उपचुनाव की घोषणा नहीं की है. बताया गया है कि इस सीट पर इलेक्शन पिटीशन यानी चुनाव याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की गई है. ऐसे में आइए जानने की कोशिश करते हैं कि ये इलेक्शन पिटीशन आखिर है क्या और ये क्यों दाखिल किया जाता है? चुनाव आयोग ने देशभर में होने वाले उपचुनावों के तारीखों की घोषणा कर दी. इसमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर चुनाव होंगे, लेकिन एक सीट पर पेंच फंस गया है और वो है अयोध्या का मिल्कीपुर सीट, जहां अभी उपचुनाव नहीं कराए जाएंगे. मुख्य निवार्चन आयुक्त राजीव कुमार ने इसकी वजह ये बताई है कि इस सीट पर इलेक्शन पिटीशन यानी चुनाव याचिका दाखिल हुई है. इसका मतलब ये हुआ है मिल्कीपुर सीट का मामला कोर्ट में पहुंच गया है. ऐसे में आइए जानते हैं कि ये इलेक्शन पिटीशन क्या है, जिसके पेंच में मिल्कीपुर सीट फंस गया है और इसे कहां और क्यों दाखिल किया जाता है?

क्या है इलेक्शन पिटीशन?

इलेक्शन पिटीशन संसदीय या स्थानीय चुनावों के परिणामों की वैधता की जांच करने की एक प्रक्रिया है यानी साफ शब्दों में कहें तो यह लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय इलेक्शन में उम्मीदवार के चुनाव नतीजे को चुनौती देने की कानूनी प्रक्रिया है. अगर किसी उम्मीदवार या चुनाव से संबंधित किसी मतदाता को लगता है कि चुनाव के नतीजे सही नहीं हैं यानी उसमें धांधली हुई है, तो वह कोर्ट द्वारा ऑथराइज्ड अधिकारी के सामने चुनाव याचिका दायर कर सकता है.

कहां दायर कर सकते हैं याचिका?

चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन पिटीशन उसी राज्य के हाईकोर्ट में दायर किया जा सकता है, जहां चुनाव कराए गए थे. इसलिए चुनाव याचिकाओं पर फैसला लेने का मूल अधिकार सिर्फ हाईकोर्ट के पास होता है. वैसे आमतौर पर तो ऐसे मामलों में एक ही जज सुनवाई करता है, लेकिन अगर जरूरत पड़े तो हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस यानी मुख्य न्यायाधीश अधिक जजों की भी नियुक्ति उस मामले में कर सकते हैं।

कब तक दायर कर सकते हैं पिटीशन?

चुनाव परिणामों पर सवाल उठाने वाली याचिका इलेक्शन रिजल्ट की घोषणा की तारीख से 45 दिनों के भीतर दायर की जा सकती है. इलेक्शन पिटीशन दायर करने के लिए याचिकाकर्ता को संबंधित हाईकोर्ट के नियमों के अनुसार 2 हजार रुपये शुल्क के रूप में जमा करने होते हैं. हालांकि देशभर में मौजूद अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट के अलग-अलग नियमों के मुताबिक शुल्क अलग-अलग भी हो सकते हैं.

कब रद्द हो जाती है चुनाव याचिका?

चुनाव याचिका आमतौर पर पिटीशन

दायर करने की समयसीमा बीत जाने, संबंधित उम्मीदवार की सदस्यता समाप्त हो जाने या याचिका से संबंधित पक्ष की मौत हो जाने के कारण रद्द हो जाती है.

कब तक चलता है केस?

अगर हाईकोर्ट में एक ही चुनाव से संबंधित एक से अधिक याचिकाएं दायर की जाती हैं तो उन सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह की जाती है. जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में ये सिफारिश की गई है कि चुनाव याचिका पर सुनवाई जल्द से जल्द होनी चाहिए. वैसे अधिनियम में ये भी सुझाव दिया गया है कि चुनाव याचिका पर सुनवाई को उस डेट से 6 महीने के भीतर खत्म करने की हरसंभव कोशिश की जानी चाहिए, जिस दिन पिटीशन सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में दायर किया गया था. हालांकि कुछ-कुछ थोड़े लंबे खिंच जाते हैं।

कैसे वापस ले सकते हैं इलेक्शन पिटीशन?

एक बार अगर किसी ने चुनाव याचिका यानी इलेक्शन पिटीशन हाईकोर्ट में दाखिल कर दिया तो उसे वो अपने मन से कभी भी वापस नहीं ले सकता है बल्कि इसके लिए हाईकोर्ट की अनुमति जरूरी होती है. जब पिटीशन वापसी के लिए आवेदन किया जाता है तो उसकी सूचना पिटीशन से संबंधित सभी पक्षों को दी जाती है और फिर उसे आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है।

चुनाव रद्द हो जाने के बाद क्या?

अगर किसी चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट फैसला सुना देता है और चुनाव को रद्द कर दिया जाता है तो विजेता घोषित हुए उम्मीदवार ने अगर संसद या राज्य विधानमंडल के सदस्य के रूप में किसी भी कार्यवाही में भाग लिया हो, वो अमान्य नहीं माना जाता और न ही उस उम्मीदवार को कोई सजा दी जाती है, लेकिन हाईकोर्ट चुनाव याचिका की सुनवाई पूरी होने के तुरंत बाद अपने फैसले की सूचना चुनाव आयोग और राज्य विधानमंडल के अध्यक्ष या सभापति को जरूर देता है और फैसले की कॉपी चुनाव आयोग को भेज दी जाती है.

क्या हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ कर सकते हैं अपील?

अगर किसी चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया तो उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाती है, लेकिन शर्त ये है कि हाईकोर्ट के फैसले की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपील की जानी चाहिए. हालांकि सुप्रीम कोर्ट 30 दिन के बाद भी उस अपील पर सुनवाई करने के लिए विचार कर सकता है, अगर उसे लगता है कि अपीलकर्ता के पास उस समयसीमा के अंदर अपील न कर पाने का पर्याप्त कारण है।

कब-कब दायर हुई हैं चुनाव याचिकाएं?

साल 2009 के चुनावों के दौरान अखबारों में विज्ञापनों पर अपने चुनाव खर्च को कम बताने के लिए अशोक चव्हाण और मधु कोड़ा के खिलाफ इलेक्शन पिटीशन दायर किया गया था. इन दोनों ही मामलों में साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया था और चुनाव आयोग को 45 दिन के अंदर मामले की जांच करने और अपना फैसला बताने का आदेश दिया था. इसके अलावा इंदिरा गांधी के खिलाफ भी एक चुनाव याचिका दायर की गई थी, जिसमें उन्हें 6 साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था. वहीं, वोटों में हेराफेरी के आधार पर चिदंबरम के खिलाफ भी एक चुनाव याचिका दायर की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता रेप मर्डर केस- बंगाल सरकार से सिविक वॉलंटियर की भर्ती प्रक्रिया का ब्यौरा मांगा

स्वतंत्र प्रभात

कोलकाता के RG Kar अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से सिविक वॉलंटियर की नियुक्तियों और उनकी योग्यताओं से संबंधित जानकारी का ब्यौरा मांगा है. कोर्ट ने असत्यापित नागरिक स्वयंसेवकों को दिए गए 'राजनीतिक संरक्षण' की आशंका जाहिर की है।

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 15 अक्टूबर को कोलकाता के RG Kar अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से सिविक वॉलंटियर की नियुक्तियों और उनकी योग्यताओं से संबंधित जानकारी का ब्यौरा मांगा है. कोर्ट ने असत्यापित नागरिक स्वयंसेवकों को दिए गए 'राजनीतिक संरक्षण' की आशंका जाहिर की है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है. राज्य सरकार अपनी 'रात्रि साथी' योजना के लिए 1,500 से अधिक नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती कर रही है. जिसको लेकर बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि वह अगले आदेश तक इन लोगों को अस्पतालों और स्कूलों में तैनात न करे. कोर्ट ने कहा कि यह ऐसे लोगों को राजनीतिक संरक्षण प्रदान करने की एक प्रक्रिया दिखती है जिनकी पृष्ठभूमि की पक्की जानकारी भी उपलब्ध नहीं है।

सिविक वॉलंटियर था मुख्य आरोपी

दरअसल RG Kar अस्पताल में रेप-हत्या कांड का मुख्य आरोपी एक सिविक वॉलंटियर ही था. ऐसे में कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से ऐसे वॉलंटियर की भर्ती की वैधानिकता, भर्ती के तौर-तरीकों, वॉलंटियर की पृष्ठभूमि के सत्यापन और उन संस्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है, जहां उनकी तैनाती की जानी है. कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से तीन सप्ताह में हलफनामा मांगा है. जिसमें कई पहलुओं को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

ये हैं निर्देश

» राज्य में नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए प्राधिकरण का कानूनी स्रोत।

» भर्ती के लिए तौर-तरीके।

» भर्ती के लिए योग्यता।

» भर्ती किए जाने से पहले किए गए सत्यापन।

» जिन संस्थानों में उन्हें कर्तव्य सौंपा गया है.

» दैनिक और मासिक आधार पर नागरिक स्वयंसेवकों को किए गए भुगतान और बजट परिव्यय।

कोर्ट ने साफ किया कि हलफनामे से खास तौर से उस प्रक्रिया का खुलासा होगा जो नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए अपनाई जाती है. कोर्ट ने ये भी कहा कि पुलिस थानों और अपराध की जांच में शामिल नागरिक स्वयंसेवकों की संख्या पर डेटा का खुलासा भी किया जाए।

संक्षिप्त ख़बरें

सांड के हमले से घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, पुलिस मौके पर पहुंची

शाहजहांपुर/ जनपद में शेर या बाघ का नहीं आवारा सांड का आतंक है जहां सांड ने गांव में करीब आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया है वहीं मंगलवार की सुबह4¬00 बजे एक व्यक्ति पर सांड ने इस कदर हमला किया कि उसकी जान चली गई ग्रामीणों की मांने तो ग्रामीणों ने सांड के आतंक से भयभीत होकर वन विभाग को फोन लगा दिया और सांड के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई तो वन विभाग वालों ने स्पष्ट कर दिया कि सांड वन जीव पशु नहीं है इसे मैं नहीं पकड़ सकता फिलहाल सांड के आतंक से थाना बंडा क्षेत्र के गांव पिपरा जसी में ओम प्रकाश जाटव की मौत हो चुकी है वहीं घायल रामचंद्र श्रीवास्तव अंतिम सांसें गिन रहा है घायल एक व्यक्ति ने बताया कि सांड के आतंक से लोग इतना भयभीत हैं कि मानो जैसे गांव में शेर आ गया फिलहाल अब देखना होगा कि इस सांड के आतंक से ग्रामीणों को कौन निजात दिलाता है फिलहाल मृतक ओमप्रकाश का पीएम कराया जा रहा है

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन पकडे

मथुरा। थाना वृन्दावन पुलिस ने तीन अभियुक्त को चोरी की एक मोटर साइकिल व एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन रवि त्यागी के मुताबिक चोरी गयी मोटर साइकिल को सोनानट पुत्र चिन्नीनट निवासी अयोनी हरपतगंज थाना सुबोली जिला परसा नेपाल, दीपचंद पुत्र मोहन लाल कोली निवासी राजनगर थाना लोहामंडी जिला आगरा, राजेन्द्र शंखवार पुत्र राधेश्याम निवासी कवीनगर थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद हाल किराये का मकान नगला बरी थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद के कब्जे से बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

सडक पर गौवंश देख मंडला युक्त ने जताई नाराजगी

मथुरा। आयुक्त आगरा मण्डल आगरा द्वारा जनपद मथुरा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान लक्ष्मी नगर तिराहे से बलदेव तक काफी गंदगी पायी गई। इस संबंध में नगर आयुक्त मथुरा वृन्दावन नगर निगम को संबंधित सुपरवाइजर को निलंबित करने, निरीक्षक की जिम्मेदारी तय करने एवं सफाई कर्मचारियों के क्षेत्र परिवर्तन करने के निर्देश दिए गए। इस मार्ग में जगह जगह गड्ढे पाये जाने पर संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मार्ग की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिए गये। फरह क्षेत्र में छुट्टा पशु अत्यधिक संख्या में भ्रमणशील पाये जाने पर गौवंश सरंक्षित करने के लिए पशु पालन विभाग को निर्देश दिए गये। लक्ष्मी नगर में जगह जगह खुले में कूड़े के ढेर एवं डिवाइडर पर बड़ी बड़ी घास पायी गई। समुचित सफाई के लिए नगर आयुक्त को निर्देश दिए गये। मार्ग में जगह जगह सूखे पेड़ पाये जाने पर अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग पेड़ पौधे ठीक कराये जाने के निर्देश दिए गये।

नल मरम्मत व रिबोर के नाम लाखों खर्च फिर भी नलों के हाल बदहाल

● बूंद बूंद शुद्ध पानी को तरस रहे ग्रामवासी

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी मामला विकासखंड नकहा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत का है जहां पर नल रिबोर व मरम्मत के नाम पर लाखों का बजट निकाल कर हजम कर लिया गया। पर इंडिया मार्का हैंडपंप आज भी अपनी बदहाली की दास्तान बया करते हुए भ्रष्टाचार की अनमोल कहानी बयां कर रहे है ।बताते चलें पूरा मामला ब्लाक नकहा की ग्राम पंचायत बढईडीहा का है जहां पर फर्जी फोटो व जांच रिपोर्ट लगाकर प्रशासन को गुमराह करके शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाता है ।जब के हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर भारी फर्जी वाडे के आरोप लगाए जा रहे हैं ।ग़ौरतलब हो कि विकासखंड नकहा के ग्राम पंचायत बढईडीहा में इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत और रिबोर में भारी फर्जी वाडा का खेल खेले जाने का मामला चर्चा का विषय बना है ।लोगों का आरोप है कि हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर लाखों रुपए भले ही निकल गए हैं लेकिन ग्रामीणों को शुद्ध पानी आज तक नसीब नहीं हुआ है। कई हैंडपंप खराब पड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं।ग्राम वासी गणों के बताएं अनुसार कई महीनो से खराब पड़े हैं हैंड पंप को सही करने के लिए एक डी ओ पंचायत से लेकर ग्राम प्रधान व सचिव से काफी मिन्नतें की गई लेकिन हैंड पंप सही नहीं हुआ। जांच अधिकारी/ जिम्मेदारों ने पानी देते हुए नल का फोटो लगाकर कागजों पर शिकायत का फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया ।अब देखना है कि उक्त मामले में ऊंट किस करवट बैठता है होती है कार्यवाही या फिर पूर्व की तरह जिला प्रशासन को गुमराह कर कर दिया जाएगा मामला रफा दफा। केस नंबर.2. ठीक यही मामला ग्राम पंचायत बेल खुर्द का है जहां पर काफी दिनों से इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़ा है। जिससे गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। यहां तक की आने-जाने वाले प्यासे लोगों को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। जबकि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की मंशा से नए हैंडपंप लगवाने व खराब पड़े नलों की मरम्मत करने को लाखों का बजट ग्राम पंचायतो को दिया उसके बाद भी नल खराब पड़े देखे जा सकते हैं। क्योंकि सचिव ,प्रधान की मिली भगत से फर्जी तरीके से रुपया निकालने का काम करते हैं। प्रधान, पंचायत मित्र और सचिव मिलकर सरकारी धन का बंदरबांट कर अपनी अपनी तिजोरिया तो भर लेते हैं लेकिन ग्राम पंचायत की स्थिति जस की तस बनी रहती है ।यदि मामले की गठित उच्च स्तरीय जांच टीम द्वारा कराई जाए निष्पक्ष जांच तो हकीकत स्वयं सामने आ जाएगी और कई ईमानदार चेहरों पर से ईमानदारी का नकाब हट जाएगा।

सप्ताह में एक दिन आती हैं प्रधानाध्यापिका

● गुरु जी का लबादा उतार मारपीट पर उतरे शिक्षा मित्र

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर पचपेड़वा विकासखंड के मोतीपुर हड़हवा में विद्यालय में कई दिनों से प्रधानाध्यापक बिना किसी छुट्टी के गायब है शिक्षामित्र के दुर्व्यवहार से अनेकों लोग क्षुब्ध हैं बताते चलें कि पचपेड़वा विकासखंड के मोतीपुर हड़हवा प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका सप्ताह में एकाध बार आती है और आकर पूरे सप्ताह का हस्ताक्षर कर जाती है इसे बच्चों की शिक्षा में व्यवधान उत्पन होता है साथ ही उनका वर्तमान व भविष्य दोनों के साथ खिलवाड़ होता है वहीं तैनात शिक्षामित्र बच्चों को पढ़ाने के बजाए राजनीति में ज्यादा रुचि रखते हैं ऊपर से गुस्सा इनकी नाक पर होता है तमाम बच्चों को निर्माता पूर्वक पीटने की शिकायत होती रहती हैं यहां तक कि विद्यालय पर जाने के बाद पत्रकार से शिक्षामित्र उलझ गए और गुरु जी का लबादा उतार कर हठधर्मिता पर उतर आए और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मार पीट की धमकी तक दे डाली इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी ने बात चीत में दूरभाष पर बताया कि शिकायत मिली है शिक्षा मित्र व प्रधाना अध्यापिका को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जा रहा है उल्लेखनीय है कि शासन के द्वारा बच्चों की शिक्षा पर भारी धन व्यय कर रही है परन्तु ऐसे ही लोग शासन के निर्देश का पालन न करके सरकार को बदनाम कर रहे हैं।

बीस दिन बाद भी मृतक छात्र के परिजनों को नहीं मिली की मदद

● सवर्ण युवा महासभा ने दिया एस डी एम सरोजनीनगर को ज्ञापन

अवैध खनन से उपजे तालाब में

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित एयरपोर्ट के पास बीते 26 सितंबर 2024 को अवैध खनन से उपजे तालाब में कोचिंग से लौट रहे 13 वर्षीय बालक मानस सिंह एवं दुर्गेश की मौत हो गई थी जिस पर तमाम क्षेत्रवासी एवं एसडीएम और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे और मदद का आश्वासन दिया किंतु अभी तक पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हो पाई है। मंगलवार को सवर्ण युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला डूब रहे दुर्गेश को बचाने गए 13 वर्षीय बालक मानस सिंह जिसकी डूब कर मौत हो गई थी के पिता मनोज सिंह के साथ एसडीम सरोजनी नगर श्री सचिन कुमार वर्मा से मिलकर आर्थिक सहायता यथाशीघ्र दिलाने हेतु ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। मानस सिंह के पिता मनोज सिंह मजदूरी करके परिवार का जीवन यापन करते हैं। एसडीम सरोजनी नगर ने यथाशीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। देखने वाली बात अब यह है कि पीड़ित परिवार को कितनी जल्दी आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकती है जिससे पीड़ित का कुछ दर्द कम हो सके।

हमारे पूर्वजों की पुश्तैनी जमीन, प्रधान सलमान ने गरीबों की जमीन पर कब्जा के लगे आरोप को नकारा

● हाजी बिस्मिल्लाह हमारे पूर्वज जिनके पास चार गांव की जमीदारी थी- सलमान खान प्रधान

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर जनपद के थाना पचपेड़वा, निवासी रामनगर के प्रधान सलमान खान और उनके परिवार पर गरीबों के जमीन को कब्जा करने का आरोप एक वीडियो में लगाया गया है जिस पर प्रधान सलमान खान ने कहा कि हाजी बिस्मिल्लाह खान जो कभी इस क्षेत्र के बड़ी हस्ती रहे,उनकी पुश्तैनी जमीन सेलिंग में चली गई थी,जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है,कुछ लोग गलत ढंग से पट्टा करा लिए था,हम अपनी पुश्तैनी जमीन को वापस पाने

के लिए न्यायालय की शरण में है, जो निर्णय होगा मान्य होगा।

क्या है पूरा

मामला पचपेड़वा ब्लॉक के खखादेई गांव का है, इस गांव में रहने वाले 18 दलित परिवारों की लगभग 150 बीघा जमीन पर दबंग द्वारा कब्जा की शिकायत जिला प्रशासन से कर के न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल, 27 वर्ष पूर्व सरकार ने सोमी, कामता, चन्द्र प्रकाश, भगवानदीन,

नंदलाल, अवतारी, चिन्नू, पांचू, बुधना व रामरती सहित 18 दलित परिवारों को सीलिंग की जमीन का पट्टा दिया था,यह सभी 18 दलित परिवार अब संक्रमणीय भूमिधर है, इन दलित परिवारों के पास जमीन की किसान बही और खतौनी भी है। यही आरोप का वीडियो वायरल हुआ था।

वही रामनगर के ग्रामीणों का कहना है कि स्वर्गीय हाजी बिस्मिल्लाह खान आजादी के पहले चार गांव के जमींदार थे, जिनके पास 2000 बीघा से ऊपर जमीन रहा, आजादी के बाद जमीन सेलिंग में चली गई। वर्तमान में मामला कोर्ट में है। वही वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने एसडीएम तुलसीपुर को जांच करने का निर्देश दिया था, जिस पर एसडीएम तुलसीपुर द्वारा बताया गया कि प्रकरण हाई कोर्ट लखनऊ, वा न्यायालय अपर आयुक्त प्रशासन द्वितीय में विचाराधीन है।

संक्षिप्त ख़बरें

विधायक योगेश वर्मा के साथ दुर्व्यहार के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बस्ती । अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रीय महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगलवार को जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि लखीमपुर खीरी के सदर विधायक योगेश वर्मा को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह और उनके साथियों द्वारा पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दुर्व्यवहार किये जाने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।ज्ञापन देने के बाद अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रीय महासभा के जिलाध्यक्ष रमेश चौधरी ने कहा कि यदि दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही न की गई तो महासभा आन्दोलन को बाध्य होगी। विधायक योगेश वर्मा के साथ दुर्व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में दोषियों को बख्शा न जाय। मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने वालों में मुख्य रूप से महासभा के राम आशीष चौधरी, शिव प्रसाद चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, राम कमल वर्मा, योगेन्द्र, हरिओम चौधरी, हिमांशु चौधरी, नृपेन्द्र चौधरी, रामकरन चौधरी आदि शामिल रहे।

अज्ञात युवक का मिला शव, नही हो सकी पहचान

भीटी अंबेडकरनगर। मंगलवार की सुबह महरुआ थाने से लगभग 200 मीटर दूर महरुआ भीटी संपर्क मार्ग पर काली का चौरा के सामने गड्ढे में एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई पड़ने से सनसनी फैल गई। देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंचे महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ शव को पानी से बाहर निकलवाते हुए पहचान करने की काफी कोशिश की गई लेकिन अज्ञात व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी वहीं लोगों का कहना है कि प्रथम दृष्ट अज्ञात व्यक्ति की मौत अधिक गहरा पानी होने के नाते पानी में डूब जाने के कारण ही हुई है वही महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपने हमराही सिपाहियों के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भिजवाया गया खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सका था। महरुआ थाना अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही लग सकेगा।

दुष्कर्म का विरोध करने पर किशोरी को जिन्दा जलाया, हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

जिले में सनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि किशोरी द्वारा दुष्कर्म के विरोध करने पर उसे जिन्दा जलाने कराने की कोशिश की गयी।

बस्ती। बस्तीजिलेमेंसनसनीखेज मामला सामने आया है। दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि किशोरी द्वारा दुष्कर्म के विरोध करने पर उसे जिन्दा जलाने की कोशिश की गयी। घटना को अंजाम देकर युवक फरार हो गया। किशोरी को परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से सोमवार को उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। कप्तानगंज क्षेत्र के एक गांव में घर में घुस कर किशोरी से दुष्कर्म और फिर डीजल डाल कर जला देने का मामला सामने आया है। बता दें कि किशोरी घर में अकेली थी तभी गांव का शंकर गौड़ उसके घर घुस गया और घर मे अकेला पाकर युवक शंकर गौड़ ने किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी द्वारा विरोध किये जाने के दौरान घर मे रखा डीजल डाल कर किया आग के हवाले। पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा।किशोरी के पिता की तहरीर के अनुसार बीते अक्तूबर को उनकी बेटी घर में अकेली थी। तभी गांव के ही शंकर गौड़ ने मेरे घर घुसकर बेटी के साथ अश्लील हरकत की और दुष्कर्म किया। बेटी के विरोध करने पर घर में रखा डीजल आरोपी ने बेटी के ऊपर डाल दिया और आग लगा दी। इससे वह लगभग 80 फीसदी बुरी तरह से जल गयी। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से हालत ज्यादा खराब होने के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।वहीं इस मामले में कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक दीपक दुबे ने बताया कि एक अक्तूबर को घटित घटना में 12 दिन बाद तहरीर थाने पर दी गई है। केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। विवेचना सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

नौकरी हरैया में लूट रुधौली में, सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय के विकास कार्यों की हकीकत

● -जाँच सही दिशा में बढ़ी तो ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय की बढ़ेगी मुश्किले

-धर्मेन्द्र कुमार की शिकायत पर सेक्रेटरी ऋतुराज पाण्डेय के लूट की खुली पोलकारण बताओ नोटिस जारी कर मामले को रफा-दफा करने में जुटा विभाग

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में- वैसे तो पंचायत विभाग व भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है लेकिन मामला तब और संगीन हो जाता है जब कोई सेक्रेटरी अपने स्थानान्तरण के बाद भी पूर्व के तैनाती वाली ग्राम पंचायतों से बेखौफ होकर लगातार लूट मचाए और विभाग मूकदर्शक बना रहे , ठीक ऐसा ही मामला विकास खण्ड रुधौली में प्रकाश में आया है जहाँ पूर्व में तैनात सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय का स्थानान्तरण दूसरे ब्लाक हरैया में हो गया था .और वहाँ इनके द्वारा कार्यभार भी ग्रहण कर लिया गया परन्तु रुधौली विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों के खातों से धन का आहरण / निकासी तत्समय तैनात खण्ड विकास अधिकारी से मिली भगत करके इनके द्वारा किया जाता रहा । मामले का खुलासा तब हुआ जब स्थानीय रुधौली विकास खण्ड निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने मामले की लिखित शिकायत किया । धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राम उजागिर निवासी पकड़ी सोयम विकास खण्ड - रुधौली ने जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती को दिनांक 29-02-2024 को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय के द्वारा की गयी वित्तीय अनियमितता की शिकायत किया था । जिला पंचायत राज अधिकारी ने मामले की जाँच करवाया तो वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई जिसमें सेक्रेटरी रितुराज पाण्डेय द्वारा विकास खण्ड राधौली से स्थानान्तरण के बाद ग्राम पंचायत मझौआ कला के फस्ट खाते से 59528ह्व रुपये , ग्राम पंचायत भरौली से 389718 रुपये व ग्राम पंचायत पैंडा से 519924 रुपये कुल योग रुपये 1504922 का आहरण रुधौली विकास की ग्राम पंचायतों से किया गया है । वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने के बाद विभाग द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है यदि जाँच व कार्यवाही सही दिशा में आगे बढ़ी तो ग्राम पंचायत अधिकारी रितुराज पाण्डेय की मुश्किलें बढ़ना तय हैं ।

कैकेई ने महाराजा दशरथ से मागां वरदान लीला में राम बनवास तक किया गया मंचन

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। जिले विकास खण्ड जहांगीरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कमालपुर पिकार मुबारकपुर पिकार दुर्गा मंदिर परिसर में भगवान राम के अनेकों लीला ओ का मनमोहक मंचन । श्री सूरज बाबा रामलीला समिति के रामलीला मंच के दौरान योगेश मणि त्रिपाठी मास्टर साहब ने अपने गांव में रामलीला मंच पर पहुंचकर समिति के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया रामलीला समिति के अध्यक्ष पदाधिकारियों ने योगेश मणि त्रिपाठी मास्टर साहब को फूल मालाओं एवं गीता पुस्तक देकर भेट कर स्वागत अभिनंदन किया।योगेश मणि त्रिपाठी मास्टर साहब ने बताया हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सुरजू बाबा रामलीला समिति गांव के ही कलाकारो के माध्यम से किया जा रहा है। गांव कमालपुर पिकार मुबारकपुर पिकार में रामलीला मंच पर दशरथ प्रतिज्ञा से लेकर राम वन वास तक किया गया मंचन कलाकारों के द्वारा। वहीं श्री मणित्रिपाठी मास्टर साहब ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए महाराजा दशरथ का दिया गया वचन आज भी प्रसंगीत है।राम के लीलाओं के बारे में लोगों को विस्तार से बताया।कैकेयी ने मांगा वरदान लीला में दिखाया गया कि अयोध्या नगरी में खुशी-खुशी दिन बीत रहे थे।अयोध्या में राम के राजतिलक की तैयारियां चल रही थी।इसी बात को रानी कैकेयी से सांझा करने के लिए जब दशरथ उनके महल में जाते हैं तो वहां अंधेरा छाया होता है। इसका कारण वे मंथरा दासी से पूछते हैं तो वे कुछ नहीं बताती।इसके बाद राजा दशरथ खुद उनके महल में जाते हैं तो रानी कैकेयी कोप भवन में लेटी हुई थी। इसका कारण वे बार-बार पूछते हैं, तो रानी उन्हें उनके द्वारा दो वचनों की याद दिलाती है।राजा दशरथ दोनों वचन मांगने को कहते हैं, लेकिन रानी राजा दशरथ को पहले राम की कसम खाने की बात पर कहती हैं।ये चिकनी चुपड़ी बातें करके अबला को न बहलाएं, सच्चे हैं तो रघुवंशी सौगंध राम की खाएं।इस पर राजा दशरथ राम की कसम खाते हैं. फिर कैकेयी बोली- लो सुनो प्राणपति प्राणनाथ ये दासी आज मांगती है। कौशल्या नंदन के बदले निज सुत को राज मांगती है।प्रण जो कि दूसरा है मेरा लो सुन लो-ये राम जो राजा होते हैं तो राजा नहीं उदासी है। इसलिए राम सीता लक्ष्मण को 14 वर्षो के वनवास पर भेज दिया गया।रामलीला के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी सहित गांव कलाकारों एवं कार्यकर्ताओं भूरि भूरि प्रशंसा किया पंडाल में पुरुष व महिला दर्शकों की उमड़ी भीड़ नजर आई। रामलीला अध्यक्ष बताया ने कि रामलीला की शुरुआत 11 अक्टूबर से है समापन 18 अक्टूबर को है और उसी दिन गांव का मेला भी लगेगा । वहीं रामलीला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी ने बताया कि आगामी अक्टूबर 20 को कलशयात्रा 21अक्टूबर को प्रसाद भान्डारे आयोजन किया गया है।गांव कमालपुर पिकार मुबारकपुर पिकार दुर्गा मंदिर परिसर से लेकर कलशयात्रा श्री सुरजू बाबा मंदिर इन्दौर पुर उर्फ घिनहापुर लिए कलशयात्रा निकाली जायेगी। श्री सुरजू बाबा मंदिर परिसर में अखण्ड रामायण एवं प्रसाद भान्डारे का आयोजन किया गया दुर दराज से आए श्रद्धालुओं ने श्री सुरजू बाबा दर्शन के लिए आते हैं और मंन्ते मानते हैं वह श्री बाबा की कृपा से मन्ते मुरादें पूरा होता है। इस मौके पर कार्यक्रम में रामलीला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी व्यवस्थापक ताबा बाबा डायरेक्टर फुलेश्वर तिवारी कोषाध्यक्ष नन्दलाल तिवारी संचालक राम कुमार तिवारी संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार लोकपति तिवारी शिवमतिवारी , मेला प्रभारी पत्रकार आशीष तिवारी गोविन्द तिवारी राजमणि अलोक तिवारी थाने के चौकीदार विवेका मौर्या ,नग्गे तिवारी घोल्लर, प्रवीन सुरज विकास तिवारी राम का रोल कर रहे शिवम लक्ष्मण का रोल कर रहे निक्की तिवारी निभा रहे है सहित रामलीला कलाकारों को मेडल दें कर सम्मानित किया गया आदि ग्रामवासी छोटे-छोटे बच्चे महिलाएं आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष सर्वेश वर्मा काबस्ती सीमावर्ती घघौवा पुल पर जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय और प्रदेश सचिव महिपाल पटेल के नेतृत्व में बस्ती मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पटेल जिले की कमान जिला अध्यक्ष सर्वेश पटेल को जिले कीबस्ती। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय और प्रदेश सचिव महिपाल पटेल के नेतृत्व में बस्ती मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पटेल जिले की कमान जिला अध्यक्ष सर्वेश पटेल को जिले की कमान सौंप गई आने वाले चुनाव में आम भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रीय लोकदल का परचम फहराने का काम करेंगे बस्ती की कमान संभालते ही इन्होंने बयान किया है की जनता सर्वोपरि है और जनता के हितों की रक्षा करते हुए उनके हर सुख दुख में काम आने का संकल्प लिया हू आज सुबह लखनऊ से चलकर अयोध्या में जमकर हुआ स्वागत दिन का अयोध्या के बाद बस्ती सीमावर्ती भगवा पुल पर जोरदार स्वागत करते हुए जिले के तमाम लोग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी फूल मालाओं से उनका स्वागत किया उसके बाद विक्रम जोत छावनी क्षेत्र सम्मानित जनता जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया उसके बाद जगह-जगह स्वागत का कार्यक्रम चलतारहा हरैया विधानसभा में पहुंचते ही हजारों की संख्या में लोगों नेजोरदार उसके बाद अपने क्षेत्र के सहयोगियों के साथ अपने गांव के लिए रवाना हो गए जहां पर महिलाओं सहित तमाम ग्रामीण उनका जोरदार स्वागत किया इस मौके परराष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पटेल महिपाल पटेल नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सर्वेश वर्मा प्रधान प्राथमिक बसदेवां कुवर स्वागत कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी सुभाष कनौजिया शैलेंद्र सिंह शिव कुमार वर्मा धर्मराज रामजीत रानू पटेल विक्रम भारती राजकुमार वर्मा मनीष वर्मा पूर्व प्रधान राजू वर्मा जयेश वर्मा प्रधान राजकुमार साइको ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और बधाई दिया। कमान सौंप गई आने वाले चुनाव में आम भागीदारी निभाते हुए राष्ट्रीय लोकदल का परचम फहराने का काम करेंगे बस्ती की कमान संभालते ही इन्होंने बयान किया है की जनता सर्वोपरि है और जनता के हितों की रक्षा करते हुए उनके हर सुख दुख में काम आने का संकल्प लिया हू।

आज सुबह लखनऊ से चलकर अयोध्या में जमकर हुआ स्वागत दिन का अयोध्या के बाद बस्ती सीमावर्ती घघौवा पुल पर जोरदार स्वागत करते हुए जिले के तमाम लोग दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी फूल मालाओं से उनका स्वागत किया उसके बाद विक्रम जोत छावनी क्षेत्र सम्मानित जनता जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया उसके बाद जगह-जगह स्वागत का कार्यक्रम चलतारहा हरैया विधानसभा में पहुंचते ही हजारों की संख्या में लोगों नेजोरदार उसके बाद अपने क्षेत्र के सहयोगियों के साथ अपने गांव के लिए रवाना हो गए जहां पर महिलाओं सहित तमाम ग्रामीण उनका जोरदार स्वागत किया इस मौके परराष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक पटेल महिपाल पटेल नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सर्वेश वर्मा प्रधान प्राथमिक बसदेवां कुवर स्वागत कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी सुभाष कनौजिया शैलेंद्र सिंह शिव कुमार वर्मा धर्मराज रामजीत रानू पटेल विक्रम भारती राजकुमार वर्मा मनीष वर्मा पूर्व प्रधान राजू वर्मा जयेश वर्मा प्रधान राजकुमार साइको ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और बधाई दिया।

वन दरोगा पर युवक ने लगाए गंभीर आरोप

● जंगल की कीमती लकड़ी की तस्करी कराए जाने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर- सोहेलदेव वन्यजीव अभयारण्य के वरहवा रेंज क्षेत्र के सेखुइनिया कला गांव में पकड़ी गई 120 बोटा खैर की लकड़ी जब्त करने के बाद मामले में नया मोड़ आया है। नंदापुरवा निवासी एक युवक ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि लकड़ी बरहवा रेंज में तैनात वन दरोगा की है। वन दरोगा ने ही जंगल से बेशकीमती खैर वृक्ष कटवाकर उसे सेखुइनिया कला गांव में रखवाया था। युवक ने आरोप यह भी लगाया है कि मुखबिरी करने पर वन दरोगा ने अपने सहयोगियों के साथ सीने पर राइफल लगाकर उसे जान से मारने की धमकी दी है। बरहवा के रेंजर ने कहा है कि मामले की जांच किया जा रहा है आरोप साबित होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी आरोप लगाने वाले युवक पर वन विभाग में सात मुकदमे लकड़ी चोरी के दर्ज हैं जिसमें तीन न्यायालय में विचाराधीन है वहीं वन दरोगा ने आरोप को निराधार बताते हुए कहा है कि उनके पास राइफल है ही नहीं।

उनका अवैध लकड़ी कटान से कोई लेना देना नहीं है। नंदापुरवा निवासी मनोज कुमार यादव ने एक वीडियो जारी किया है साथ ही मनोज ने मुख्यमंत्री को एक प्रार्थना पत्र भी भेजा है। वीडियो में कहा है कि बरहवा रेंज में तैनात वन दरोगा सूरज पांडेय अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जंगल की कीमती लकड़ियां कटवाते हैं।लकड़ियों को अपने निजी साधन पर लादकर सेखुइनिया कलां में एकत्रित किया था, जिसे वन विभाग के अधिकारियों ने पकड़ लिया आरोप है कि इस बात से नाराज वन दरोगा सूरज पांडेय अपने साथियों के साथ शनिवार को मनोज के घर गए थे। मनोज के मुताबिक बाद में धौरीकला गांव में उसे पकड़कर सीने पर राइफल रख दी। कहा कि तुमने ही मुखबिरी करके लकड़ी पकड़वाई है। इन सभी बातों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र मनोज ने मुख्यमंत्री को भेजकर कार्रवाई की मांग की है बरहवा के रेंजर राकेश पाठक ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि मनोज कुमार यादव जंगल से लकड़ी काटने व वन्यजीवों का शिकार करता है। उसके खिलाफ जंगल से लकड़ी चोरी करने के सात मामले दर्ज हैं। बारहव रेंज में नए रेंज अफसर के आने से लगातार वन अपराधियों की धर पकड़ तेजी से किया जा रहा है लगातार वन अपराधियों पर कार्रवाई करने से वन अपराधियों में हरकंप तो मचा हुआ है।

बलरामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला तालाब किनारे युवक का शव

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 44 वर्षीय युवक का शव सोमवार सड़क के पास स्थित तालाब के किनारे मिला है।जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। युवक रविवार शाम घर से निकला था तब से घर नहीं लौटा है ।जो सोमवार आज तालाब किनारे मृत मिला अवस्था में मिला है।मृतक राम स्वरूप पुत्र राम बहादुर कालीथान थाना नगर कोतवाली का रहने वाला है। घटना बलरामपुर के थाना नगर कोतवाली क्षेत्र का है जहां पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे बलरामपुर तुलसीपुर मार्ग बिजलीपुर गेट के सामने तालाब के किनारे युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला ।मृतक युवक रविवार शाम से घर नहीं गया था परिवार ढूंढ रहे थे।मामले पर जानकारी देते हुए उसके भाई राम रूप ने बताया कि भाई राम स्वरूप रविवार शाम को घर से भांजे के साथ निकला था कुछ घंटे बाद भांजे से कहा कि तुम घर जाओ मैं आ रहा हूं।भांजा घर पहुंच गया लेकिन यह नहीं पहुंचा जब काफी देर हो गई तो परिवार के सदस्य उसे ढूंढना शुरू किया लेकिन नहीं मिल ।रविवार सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने कहा कि सड़क बगल तालाब किनारे किसी की लाश पड़ी है। जब परिवार के लोग पहुंचे तो मृतक की पहचान हो गई है।जब मां पहुंची तो कहा कि हमार भैया कहां है और फूट फूट कर रोने लगी ।परिवार में मातम पसरा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर नगर कोतवाली पुलिस पहुंची है। वही मामले को लेकर थाना नगर कोतवाली प्रभारी शैलेश सिंह का कहना है कि मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

होंडा कंपनी पर कानूनी नोटिस जारी, ग्राहक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले केएक स्थानीय निवासी, डॉ. प्रेम नारायण ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कानूनी नोटिस जारी किया है। मामला उनकी होंडा एक्टिवा 125 डीएलएक्स (रजिस्ट्रेशन नंबर- UP 51 AC1037) स्कूटर के सर्विस में अनावश्यक देरी और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन का है।डॉ. प्रेम नारायण ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटर को अबीषेक होंडा एजेंसी, बस्ती में मरम्मत और सर्विस के लिए तीन महीने पहले जमा किया था। इसके बावजूद, कंपनी द्वारा उन्हें संतोषजनक सेवा और समय पर मरम्मत नहीं दी गई, जिसके चलते उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।कानूनी नोटिस में, डॉ. नारायण के प्रतिनिधि ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कंपनी की यह लापरवाही स्पष्ट रूप से उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। कंपनी पर आरोप लगाया गया है कि उसने उनके बार-बार अनुरोधों को अनसुना किया और समय सीमा के अंदर सेवा प्रदान करने में असफल रही। डॉ. नारायण ने मांग की है कि कंपनी तुरंत उनकी स्कूटर की मरम्मत करे और उन्हें इस देरी के कारण हुए नुकसान का मुआवजा प्रदान करे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कंपनी 7 दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं करती है, तो वे उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम में शिकायत दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

नगर पंचायत पचपेड़वा में लगभग 29.53 करोड़ से हो रहा पानी टंकी का निर्माण

● 30 हजार की आबादी होगी लाभान्वित,प्रथम किश्त 12 करोड़ जारी

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर जनपद के पचपेड़वा नगर पंचायत में पानी की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने कदम उठाया है।जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत पचपेड़वा में पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है।इस कार्य पर करीब 29.53 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।इससे लगभग 30 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा।

इस निर्माण कार्य होने से बलरामपुर जनपद के पचपेड़वा नगर की लगभग 30 हजार आबादी को पेयजल की समस्या से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। वार्ड में जलापूर्ति के लिए नगर में पाइप लाइन व पानी की टंकी (ओवरहेड टैंक) बनाई जा रही है। इस कार्य पर करीब 29.53 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहली किस्त के रूप में 12 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दी गई हैं।पचपेड़वा नगर के 16 वार्डो की करीब 30 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए नगर पंचायत पेयजल पुनर्गठन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। घर-घर जलापूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का काम भी शुरू हो गया है। इन कार्यों में कुल 29 करोड़ 53 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन की तरफ से कार्य को पूर्ण करने की तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। कार्य पूरा होते ही 30 हजार आबादी को शुद्ध पानी मुहैया हो जाएगी। वही मामले को लेकर एडीएम प्रदीप कुमार का कहना है कि कार्यदायी संस्था को समय सीमा के अंदर कार्य पूरा कराए जाने का निर्देश दिया गया है।कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है प्रथम किस्त जारी कर दी गई है।

जेल से रिहाई के बाद ठाकुर प्रेम नन्दबंशी का फूल मालाओं के साथ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले मेंजनहित के सवालों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दे रहे राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रेम नन्दबंशी को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद जमानत न मिलने के कारण जेल भेज दिया था। सोमवार को रिहाई के बाद ठाकुर प्रेम नन्दबंशी का डीएम कार्यालय परिसर के निकट अनेक संगठनों के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। ठाकुर प्रेम नन्दबंशी ने कहा कि प्रशासन चाहे जितना उत्पीड़न करे जनहित के सवालों को लेकर उनका चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा। भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने कहा कि लोकतंत्र में जनहित के सवाल उठाना, कार्रवाई की मांग करना एक प्रक्रिया है। यदि पुलिस इसी तरह से नेताओं को जेल भेजने का काम करने लगी तो सामान्य व्यक्ति तो अन्याय के विरोध का साहस ही नहीं कर पायेंगे। बहुजन मुक्ति पार्टी के मण्डल अध्यक्ष हृदय गौतम ने कहा कि हर जुल्म, अत्याचार के विरोध में संघर्ष जारी रहेगा, इसके लिये चाहे जिस भी प्रकार के उत्पीड़न का सामना करना पडे। यह कारवां रूकने वाला नहीं है। जेल से रिहाई के बाद ठाकुर प्रेम नन्दबंशी का स्वागत करने वालों में राम सुमेर यादव, उमाशंकर शर्मा, अमरजीत आर्य, पंचलाल, अब्दुल अजीम, मो. आरिफ, लालमणि शर्मा, कृपाशंकर चौधरी, आलोक ठाकुर, मनोज, चन्द्र प्रकाश, ओंकार शर्मा आदि शामिल रहे।

अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य देवी महेश्वरी ने द्वितीय दिवस कथा महात्म्य का किया वर्णन

स्वतंत्र प्रभात

भीटी अंबेडकरनगर। विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा चियुटीपारा खजुरी में चल रही है जिसके द्वितीय दिवस में वृंदावन से पधारी हुई अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य देवी महेश्वरी श्रीजी ने द्वितीय दिवस में कथा महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि आत्मदेव नामक ब्राह्मण बड़े भक्त थे किंतु उनके कोई संतान नहीं थी समाज के तानों से क्षुब्ध होकर एक दिन आत्मदेव जी नदी के किनारे आत्महत्या की सोचते है इतने में एक संत आकर उन्हें एक फल देते है जिसे आत्म देव जी आकार अपनी पत्नी धुंधली को देते है किंतु वह स्वयं न खाकर गाय को खिला देती है और खुद को गर्भावस्था में बताकर अपनी बहन के यह चली गई इधर गाय से पुत्र हुआ जिसका नाम कोकर्ण पड़ा और धुंधली ने अपनी बहन के बेटे को अपना बनाया और उसका नाम धुंधकारी रखा । धुंधकारी जैसे जैसे बड़ा हुआ वह दुराचारी, व्यभिचारी बनता चला गया और गोकर्ण भक्त एक दिन धुंधली की मृत्यु हो जाती है आत्मदेव गृह त्याग कर देते है और धुंधकारी व्यसन में डूब जाता है और गणिकाओ द्वारा उसकी हत्या कर दी जाती है धुंधकारी प्रेत योनि में पहुंच जाता है गोकर्ण जब यात्रा से लौटे उन्हें पता चला तो उसकी आत्मा की शांति के अनेक उपाय किए परंतु वह मुक्त नहीं हो पाया तब गोकर्ण ने सूर्यदेव से प्रार्थना की उन्होंने भागवत कथा सुनाने को कहा ऐसा ही गोकर्ण ने किया और भागवत कथा सुनकर धुंधकारी मुक्त हो गया । भागवत कथा ही पित्रों को मुक्त कर सकती है इस कथा के मुख्य आयोजक अनिल सिंह सपरिवार व सैकड़ों भक्त कथा श्रवण पान कर मंत्र मुग्ध हो गए।

संक्षिप्त ख़बरें

विवाहिता को भगाने के आरोप में मुकदमा

सण्डीला (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक जेवर व नगदी के विवाहिता को लेकर फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादीशुदा लड़की उसके घर पर थी। बारह अक्टूबर को करीब चार बजे उसकी लड़की को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। और घर में रक्खा सोना चांदी जेवर व 20 हजार नगदी लेकर फरार हो गया। इस संबंध में सण्डीला कोतवाल राकेश कुमार ने बताया मामला जानकारी में है पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द दोनों की तलाश कर बरामदगी की जायेगी।

राहगीर से फोन छीना,दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा

सण्डीला (हरदोई)। संडीला कोतवाली क्षेत्र में फोन पर बात कर रहे एक युवक का टप्पेबाज मोबाइल छीन कर भाग गए। पुलिस ने युवक की तहरीर पर अज्ञात दो लोगों पर मुकदमा दर्ज शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के बगवारा निवासी सलमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 12 अक्टूबर की शाम युवक अपना ई-रिक्शा लेकर अपने घर बगवारा जा रहा था अचानक रास्ते में मुन्नू खेड़ा के पास उसका रिक्शा खराब हो गया, वह फोन से अपने मामा शकील अहमद से बात करने लगा तभी पीछे आये दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसका मोबाइल छीन कर गदौरा की ओर भाग गये। इस संबंध में सण्डीला कोतवाल राकेश कुमार ने बताया मोबाइल फोन खेलने की जानकारी मिली थी मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर फोन चोरी करने वालों को जेल भेजा जाएगा।

बहू ने भाइयों के साथ मिलकर सास-ससुर को पीटा चार पर मुकदमा दर्ज

सण्डीला (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विवाहित महिला ने अपने मायके से बुलाकर ससुरालियों को पीट दिया सास की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मीतौ निवासी उषा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया मेरे लड़कें पत्नी प्रीती सोनी पुत्री गनेश सोनी बालागंज लखनऊ की रहने वाली है।सात वर्ष पूर्व उसके अभिषेक के साथ प्रेम विवाह किया था तबसे आये दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट करती रहती है। बारह अक्टूबर की देर शाम बहू ने लखनऊ से अपने भाई राजन, राज व कृष्णा को बुला लिया सभी ने एक राय होकर उसके पति राजकुमार व उसको को गंदी-गंदी गालियां दी और लात-घूंसो लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस संबंध सण्डीला कोतवाल राकेश कुमार ने बताया मामला जानकारी में है,मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मार-पीट करने वालों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगा।

दुर्गा माँ के मन्दिर पर वार्षिक भंडारे मे पहुंचे नवचेतना संघ प्रमुख राजेश वर्मा

सूरतगंज बाराबंकी। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा जी मंदिर का मंगलवार को वार्षिकोत्सव बड़े ही धूम धाम भंडारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर सामाजिक संस्था नव चेतना संघ द्वारा एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बता दे कि विकास खंड सूरतगंज क्षेत्र के ग्राम मरौचा ईश्वरी सिंह (रिछला) में मां दुर्गा जी मंदिर का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। जिसमे नव चेतना संघ का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके आयोजक प्रधान राम चन्द्र वर्मा रहे। इस मौके पर भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि व नव चेतना संघ प्रमुख राजेश वर्मा के नेतृत्व में मंदिर परिसर स्थित पांडव में कार्यक्रम की शुरुआत की नव चेतना संघ द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान को तेज गति देने की कार्यकर्ताओं में हुंकार भरी। इस मौके प्रधान प्रतिनिधि शिवराम वर्मा , नव चेतना संघ संयोजक फतेहपुर इन्द्रजीत वर्मा, संयोजक सूरतगंज समर सिंह, ब्लॉक सूरतगंज अध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा , उपाध्यक्ष अब्दुल जब्बार, निर्मल पाल , राकेश मिश्रा अमित वर्मा, संतोष वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, सुनील वर्मा, सोनू पांडे सहित सैकड़ों लोगों ने मौके पर पहुंचकर भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

सीसामऊ उपचुनाव 13 नवंबर को - जिलाधिकारी कानपुर

कानपुर। कानपुर में समाविष्ट 213 - सीसामऊ विधानसभा का उप चुनाव निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन आयोग ने तारीखों की घोषणा कर दी है। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 24 है। 28 अक्टूबर तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापिसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर होगी। और मतदान 13 नवंबर को होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर तक चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

युवक ने फांसी लगाकर कि आत्महत्या, घर में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ लखनऊ मोहनलालगंज निगोहा थाना अंतर्गत मीरखनगर गांव में 25 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में सन्नाटा फैल गया है। सूचना पर पहुंची निगोहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। निगोहा थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक विजय (25) तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जिसमें बड़ा भाई धर्मेंद्र कुमार और मझला वीरेंद्र है जिसमें विजय सबसे छोटा था विजय का विवाह सपना से 3 वर्ष पूर्व जबरौली गांव से हुआ था।

परिजनों के मुताबिक सोमवार सुबह वह पत्नी सपना को छोड़ने ससुराल गया हुआ था वहां से दोपहर में लौट के आया। खाना पीना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। देर रात लगभग 10 बजे उनके 25 वर्षीय बेटे विजय ने अपने कमरे में लगे पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच

गया। ग्रामीणों की माने तो मृतक विजय शराब का लती था। हालाकि पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

अधिष्ठा अनुष्का ने दी शानदार प्रस्तुतियां भजनों की धुन पर झूमे भक्त

● - भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ लखनऊ मोहनलालगंज में श्री श्याम भक्त मंडल के द्वारा सोमवार रात को दशहरा ग्राउंड पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिध्द भजन गायिका अधिष्ठा भटनागर व अनुष्का भटनागर ने कई भजनों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान भजनों की धुन पर हजारों श्रद्धालु झूम उठे। इस भजन संध्या में शामिल होने के लिए विनय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष व व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यम् पांडेय, एसडीएम बृजेश वर्मा सहित लखनऊ जिले व आसपास के क्षेत्र से भी लोग बाबा खाटू श्याम के भजनों को सुनने पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रही

रात 8 बजे से शुरू हुई भजन संध्या में कुंदन अकेला और वर्तिका तिवारी, पवन मिश्रा ने भजन गाए। रात 11 बजे लंबे इंतजार के बाद भजन संध्या के मंच पर प्रसिद्ध गायिका अधिष्ठा और अनुष्का भटनागर पहुंची और बाबा खाटू श्याम, भगवा रंग, सालासर बालाजी, बाबा महांकाल, सावारियां सेठ व अन्य कई भजनों की प्रस्तुति दी ।जिन्हें सुनने के लिए रात 2 बजे तक लोगों जूट थे।

भजन संध्या को सुनने उमड़ी भीड़........

मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ रामलीला ग्राउंड में हुई इस भजन संध्या को सुनने के लिए करीब 5 हजार लोगों की भारी भीड़ पहुंची थी।जिससे कंट्रोल करने के लिए मोहनलालगंज पुलिस को बीच-बीच में



काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यक्रम खत्म होने तक कस्बा चौकी प्रभारी एस आई वीर बहादुर दुबे, अतुल सिंह कान्स्टेबल विकास सहित भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

खेत में मिला कई फीट लंबा अजगर, सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ा

स्वतंत्र प्रभात

माल, लखनऊ। क्षेत्र के विराहिमपुर गांव में मंगलवार को बाग में किसानों को लंबा अजगर नजर आने के बाद दहशत मच गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से कई फीट अजगर को बड़ी मशक्कत के साथ पकड़ा और उसके बाद वनकर्मियों की मौजूदगी में सुरक्षित रूप से कोलवा के जंगल में छोड़ा। आपको बता दें कि हाल ही में मौसम में आए बदलाव के बाद, जानवर भी धूप सेंकने के लिए बाहर आने लगे हैं। ऐसे में,मलिहाबाद थाना क्षेत्र के विराहिमपुर गांव में एक अजगर का देखा जाना एक उदाहरण है। यह घटना इस बात की ओर इशारा करती है कि कैसे मौसमी परिवर्तन वन्यजीवों की गतिविधियों

को प्रभावित करता है।

गांववालों और वन विभाग की सूझबुझ

विराहिमपुर गांव में अजगर के दिखाई देने पर, गांव वालों ने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। कई लोगों ने मिलकर अजगर को एक बोरे में डाला, जो कि एक कठिन काम था क्योंकि अजगर बहुत बड़ा और भारी था,अजगर को कोलवा के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

क्या बोलें जिम्मेदार

इस संबंध में रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि अजगर को टीम के द्वारा पकड़ कर कोलवा के जंगल में सुरक्षित छुड़वा दिया गया है।

विष पीते हुए युग बीत गये अब ताण्डव नृत्य हमें करना है

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर ऐतिहासिक रामलीला मेला मैदान में नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका संयोजन साहित्यभूषण कमलेश मौर्य मृदु के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कवि संगम सीतापुर इकाई व संस्कार भारती बिसवां इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।कार्यक्रम संयोजक आनन्द खत्री आनन्द द्वारा अतिथियो का स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पद्मकांत शर्मा प्रभात ने की सफल संचालन कवि संजय सांवरा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री सोनी मिश्रा की वाणी वंदना के साथ हुआ। संचालन कर रहे संजय सांवरा ने कहा गुरुदेव कमलेश मौर्य मृदु जी आज इस मंच पर भले स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये है ।पर आज देश में जो दंगों व पत्थर बाजी की घटनाएं हो रही है उन पर प्रतिक्रिया स्वरूप एक सवैया छंद भेजते हुए सनातन धर्म के अनुयायियों का आह्वान किया है मैं उन पंक्तियों को प्रस्तुत कर रहा हूं। इन पंक्तियों पर मृदु जी सम्मान में तालियां बजाकर उनकी उपस्थिति को साकार कर दीजियेगा फुफकारते आज जेहादी खड़े हमको बिना मौत नहीं मरना है। फन को हम नाथ के नाचने वाले कन्हैया हैं व्यर्थ नहीं डरना है। भय के बिना प्रीति न होती कभी यह ज्ञान सनातन में भरना है। विष पीते हुए युग बीत गए अब ताण्डव नृत्य हमें करना है।। इस कार्यक्रम में कलकत्ता से पधारे श्यामल मजूमदार सामजिक परिपेक्ष्य पर कुठाराघात करते हुए कहा कि धूप निकली थी कल अब गलन हो गयी धूप भी आज कल बदचलन हो गयी।

काकोरी लखनऊ से पधारे कवि अशोक अग्निपथी ने कहा कि यदि काकोरी की माटी का स्वर्णिम इतिहास नही होता, तो हम सबके इस जीवन में मधुरिम मधुमास नहीं होता। काशी से पधारे अटल नारायण अटल ने कहा कि राम नाम जपते थे वीर हनुमान नित्य नाम के प्रभाव से ही पाप का शमन है। पीलीभीत से पधारी श्रृंगार की कवयित्री सरोज सरगम ने कहा कि बिन बादल बरखा की प्यास बुझा जाओ प्रीत की रीत ओ साजन आज निभा जाओ। बाराबंकी से ओज कवि शिवकुमार व्यासने कहा तन से हूं कमजोर लेकिन मन शिवाला है।

लीक से हटकर चलन का शौक पाला है। भीख में ले रौशनी मैं चांद सा दिखता नहीं, हूं भले जुगनू मगर अपना उजाला है।। हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर विकास बौखल,बाराबंकी ने खूब हंसाया किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए। सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये

किसी शख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए।

बाराबंकी से हास्य कवि संदीप अनुरागी लखनऊ से चेत राम अग्यानी ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं का मन मोह लिया।देर रात तक श्रोतागण डटे रहे तालियों से कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे ।नगरपा पालिका परिषद के अधिकारी आशीष यादव, शौरभ शुक्ला अजित सिंह अहमद हुसेन, सहित रोहित शर्मा बिन्दु पंकज आदि का विशेष सहयोग रहा। श्रोताओ में कवि अरुण बेधड़क, बैकुंठ सागर,विजय रस्तोगी, शिवानंद प्रेमी, अमोद मिश्र,एस आई रमेश सिंह, शायर नैय्यर शाकेब, अमोद मिश्र, नरेंद्र मिश्र, मनोज श्रीवास्तव अरुण मिश्र, रविन्द्र मिश्र ,आशुतोष मिश्र सहित बडी संख्या मे नगर के संभ्रांत जन उपस्थित रहे।यह कवि सम्मेलन नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सरकारी राशन की दुकानों पर करें आयुष्मान कार्ड के लिए संपर्क

● - जिलाधिकारी ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक विभाग की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की डीएचएस बैठक, जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की मासिक बैठक, जिला पंजीयन प्राधिकरण समिति की बैठक, एनएचएम के अन्तर्गत जिला ऑडिट कमेटी, पीसीपीएनडीटी की बैठक, संचारी रोग नियंत्रण, टीकाकरण, जिला अन्धता निवारण समिति की बैठक हुई संपन्न। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। इंस्टीट्यूशनल डिलिवरी, डिलिवरी को हॉस्पिटल में कराने के लिए परिवारजनों को प्रोत्साहित किया जाए। निर्देशित किया गया की कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अधिकाधिक परिवारों को लाभान्वित करे, कन्या के जन्म होते ही उनका रजिस्ट्रेशन कराएं।

पीसीपीएनडीटी कमिटी को नियमित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिये कि जिले के समस्त पी.एच.सी एवं उप केन्द्र स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स को क्रियाशील कर अधिक से अधिक लोगों को ई संजीवनी ओपीडी से आच्छादित किया जाए। आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाएं और सभी केद्रों की निरंतर प्रगति का निरीक्षण करें। आयुष्मान कार्ड बनाने में आंगनबाड़ी केंद्रों, राशन की दुकानों के कोटेदारों, आशा आदि की मदद लेते हुए अधिकाधिक कार्ड बनवाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय वर्मा, सीएमएस जिला चिकित्सालय, सीएमएस महिला चिकित्सालय तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम ने दिये फॉगिंग के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग संबंधी बैठक लेते जिलाधिकारी।

संचारी रोग नियंत्रण हेतु जिला पंचायत राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तम स्वच्छता हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम को शहरीय क्षेत्र में फॉगिंग, टेम्फोस छिड़काव, नियमित साफ सफाई आदि के निर्देश दिए गए। पर्वो के दृष्टिगत विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए। मच्छर की समस्या से निदान हेतु घरों में पानी न भरने दे, कूलर की निरंतर सफाई करे, आस पास क्षेत्र में पानी को ठहरने न दे आदि का व्यापक प्रचार प्रसार कराए। नगर निगम, नगर निकाय व पंचायती राज विभाग नालियों व बड़े नालों की सफाई कराए।

खानखाहो पर मिलता है रूहानी फैज, हाजी सोहराब अली कादरी

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर,(सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मशहूर खानकाह हज़रत रमज़ान अली शाह मुरली वाले बाबा का सालाना उर्स रूहानी माहौल में अकीदत और सादगी के साथ मनाया गया। दरगाह कमेटी के सिक्रेटरी हाजी सोहराब अली तथा मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली की सरपरस्ती में उर्स की सभी रस्में अदा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शरीक हुए। सुबह मजार शरीफ पर कुरान ख्वानी का आयोजन किया गया। उसके बाद रमज़ान अली शाह मुरली वाले बाबा की ख़ानक़ाह पर अकीदतमंदों ने गुलपाशी की एवं चादर पेश किया।फातिहा ख्वानी तथा दुरूद व सलाम के नज़राने पेश करके फ़ैज़ हासिल किया।इस मौके पर अकीदतमंदों को तबर्रुक और लंगर भी तकसीम किया गया।

उर्स के मौके पर मौजूद अकीदतमंदों को संबोधित करते हुए दरगाह कमेटी के सिक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी व मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली ने कहा कि खानकाहों और बुजुर्गो के आसतानों पर हाजिरी देने और उनसे निसबत रखने से रूहानी फ़ैज़ तो मिलता ही है साथ ही साथ

जिंदगी को बेहतर बनाने का वसीला भी मिलता है। बुजुर्गो और वलियों ने नेक अमल करने, बुराई से दूर रहने और सारी इंसानियत की भलाई एवं मदद करने का हुक्म दिया है। बुजुर्गो के बताए रास्ते पर चलना और उनकी तालीम पर अमल करना ही सच्ची अकीदत है। उर्स के मौके पर अखिल भारतीय उधोग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष हाजी रियाज अहमद बबलू, नगर पालिका परिषद लहरपुर के चेयरमैन हाजी जावेद, पूर्व चैयरमैन गुफरान अहमद खीरी, शायर अनवर बिसवानी, समाज सेवी जेड आर रहमानी एडवोकेट, डॉक्टर जर्रार अली, रजीउद्दीन अंसारी, मोहम्मद शाहान राजा, हाजी जियाउल मुदस्सिर, सद्दाम अंसारी, खुरशेद अली गौरी, सभासद मोहम्मद शोएब कुरैशी, अरफातअली, कारी नुरुल हुदा मिसबाही, हाफिज सैय्यद मुख्तार हुसैन, हाफिज अख्तर रजा बरकाती, हारून मियां कुरैशी खीरी, शफीक कुरैशी, फजल युनुस, अब्दुल अजीज शीबू , मुन्ना चूड़ी खीरी, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद यूनुस कुरैशी, इबादत अली, डॉक्टर अफजल लहरपुरी, इस्लामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आफाक, शिक्षक जुबेर वारिस, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

कोटेदारो ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

स्वतंत्र प्रभात

मिश्रिख (सीतापुर) जनपद सीतापुर में आल इंडियन फेयर प्राईज शांप डीलर्स एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह रामलखन सिंह यादव जिलाध्यक्ष सीतापुर के साथ सैकडो कोटेदारो ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सडीएम को सौप कर अपनी मांग की है।कोटेदारो ने कमीशन बढ़ाने सहित अपनी बिभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा है।आपको बता दूं कि कोटेदारो ने उप जिलाधिकारी मिश्रिख को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में 200 प्रति कुंतल कमीशन उत्तर प्रदेश के समस्त राशन डीलरों को बढ़ाए जाने के की मांग की।।80000 राशन को गोवा ,हरियाणा,दिल्ली की तर्ज पर लाभांश 200 प्रति कुंतल बढ़ाने की मांग की है। कोटेदारोने कहा हमारी ईमानदारी का सबूत वेइंग मशीन के अंदर मौजूद है हम बेईमान नहीं है ईमानदारी से कम कर रहे हैं तभी उत्तर प्रदेश सरकार को ईमानदारी का प्रमाण पत्र मिला है। अगर हमारा लाभांश समस्त राशन डीलरों का 4 दिसंबर से पहले शासनादेश नहीं किया

जाता है तो उत्तर प्रदेश के समस्त राशन डीलरों के साथ जवाहर भवन का घेराव करेंगे प्रमुख सचिव खाद्य एवं खाद्य आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराएंगे जिससे कि हमारी समस्या और हमारी मांगों को पूरा करने में सहयोग मिले।

जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ने कहा अयोध्या के खाद्य वितरण अधिकारी के द्वारा जो ठेकेदारों के पक्ष में खाद्यान्न दुकान तक नहीं पहुंचने का आदेश किया गया है ।उसका सीतापुर जिले में भी विरोध किया जाएगा। जिलाधिकारी,जिलापूर्ति अधिकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी को पत्र देकर विरोध दर्ज कराया जाएगा और यह भी कहा की सीतापुर जिले में समस्त ठेकेदारों के द्वारा समस्त राशन डीलर को शासनादेश के अनुसार खाद्यान्न दुकान तक ही पहुंचने को क्रियान्वित कराए अन्यथा सभी कोटेदार आंदोलनकरेगे। मुख्यमंत्री जी को इसका संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि दबंग ठेकेदारों के द्वारा खाद्यान्न दुकान पर नहीं पहुंचा जा रहा है खाद्यान्न दुकान पर पहुंचाया जाए ।इस मौके पर प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष सीतापुर रामलखन सिंह यादव, आलोक मिश्रा, राजेंद्र ,कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, मोनू शुक्ला, बृजलाल, वीरेंद्र मधुकर, रमेश, धर्मेंद्र, विनोद तिवारी, कन्हैया यादव, श्रवण कुमार, आदि सैकड़ो की संख्या में कोटेदार बंधु उपस्थित रहे।

किसानों से हो रहे अन्याय के खिलाफ 21 अक्टूबर को लामबंद होंगे किसान- राकेश चौहान

स्वतंत्र प्रभात

योगेश त्रिपाठी

हरदोई। विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत पंवाया में स्थित भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह बीरू के आवास पर संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि किसानों से हो रहा अन्याय अब बर्दाश्त के बाहर है। विकास कार्यों में दलाल द्वारा जमकर धांधली की जा रही है। दिन रात मेहनत करने वाला किसान छला जा रहा है।

ब्लॉक व थानों में किसानों का शोषण किया जा रहा है। गरीब किसानों से हो रहे अन्याय के विरुद्ध संडीला तहसील परिसर में 21 अक्टूबर को संगठन की किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसानों के तमाम मुद्दों को पंचायत में उठाया जाएगा। जिलाध्यक्ष बीरप्रकाश सिंह ने महापंचायत को

लेकर तैयारियों पर चर्चा की। संगठन के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, प्रदेश महासचिव कौशलेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, देवीप्रसाद यादव, प्रमोद, हरिशंकर, यशबीर सिंह, सरवन पाल, संजय बाबू, संतोष सिंह, पिंकू सिंह, विष्णु चौहान, सर्वेश यादव मौजूद रहे।

अगर फूलों की ख्वाहिश है तो सुन लो। किसी के राह में कांटे मत रखना

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां (सीतापुर)। ताबिश लिटरेरी सोसाइटी के प्रबंधन में बिसवां के एम आई डी कंप्यूटर सेंटर हाल में एक कवि संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 16 कवियों ने अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर शुरू होकर रात लगभग पौने ग्यारह बजे समाप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मसूद ने तिलावते कलाम पाक से की। कारी आजम कोठारवी ने नात पेश करके महफिल को कामयाबी की तरफ गामजन किया। इसके पश्चात नवाज बिसवानी ने अपनी कविताओं को पेश करके खूब दाद हासिल की। चंद्र प्रकाश वर्मा,आकिल बिसवानी,विजय रस्तोगी सीतापुरी, जुबैर वारिस,डॉक्टर शकील, राजेद्र, रंचक सीतापुरी, हाफिज मसूद महमूदाबादी जनरल सेक्रेटरी बज़्म ए गजल खैराबाद, महबूब खैराबादी, डॉक्टर अज़हर खैराबादी, आफाक बिसवानी, गुलशन खैराबादी, नैय्यर शकेब, सदर बज्मे समर बिसवानी, मास्टर सचिन,रशीद बिसवानी आदि ने भी अपनी अपनी रचनाएं, ग़ज़लें एवं शेर पढ़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर कफील बिसवानी ने संभाली तथा संचालन मशहूर शायर, साहित्यकार एवं प्रधानाचार्य रहबर प्रतापगढ़ी ने किया। लहरपुर से पधारे जिया न्यूज चैनल के एडिटर इन चीफ आसिफ

हुसैन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रोताओं ने शेर और ग़ज़लें सुनकर वाह वाह कर खूब दाद दी। डॉ0वकील अहमद खान अज़हर खैराबादी ने यह शेर पढ़कर खूब वाहवाही लूटी कि - " क्या समझता था मैं, क्या से क्या हो गया। ऐसा लगता है एक हादसा हो गया।।

एक पत्थर जो ठोकर में कदमों में था। जब तराशा गया, बेवफा हो गया।।"इस दौरान प्रिंसिपल इदरीस, प्रिंसिपल गुलरेज, हाजी मास्टर असलम,मास्टर आरिफ,अटेवा मंच,डॉक्टर अहमद अली अंसारी,मास्टर अल्ताफ,मास्टर आमिर खान, एडवोकेट शाहनवाज, आकिब,हाफिज अमन,आरिफ खान, इरफान खान व कादिर नवाज आदि लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर शेरी नशिस्त को बुलंदियों तक पहुंचाया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कफील बिसवानी ने कहा कि अपनी जानकारी के अनुसार 40 साल के अरसे में आज तक ऐसी कामयाब नशिस्त बिसवां की सरजमीन पर नहीं हो सकी इसका सारा क्रेडिट ताबिश लिटरेरी सोसाइटी को जाता है। अंत में नवाज़ बिस्वानी ने सभी को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। डॉ0 ताबिश मेंहदी का नाम उर्दू शेर- ओ-अदब की दुनिया में इस वक्त एक बड़ा नाम है। नज़्म और नसर के सुल्तान डॉक्टर ताबिश मेंहदी की तहरीरों को और उनकी शायरी को पेशे नज़र रखकर शायरी करें। उनके शार्गिद रहबर प्रतापगढ़ी ने अपने उस्तादे मोहतरम के मिशन और उनकी राह पर चलते हुए ताबिश लिटरेरी सोसाइटी को बना कर एक अच्छा काम किया है। शायरी दिलों को जोड़ने का नाम है। रहबर प्रतापगढ़ी ने कहा कि डॉ0 ताबिश मेंहदी का ये शेर "अगर फूलों की ख़्वाहिश है तो सुन लो। किसी की राह में काँटे न रखना।।"

" बहुत ही सुन्दर शेर है। उनका यह शेर भी ताबिश मेंहदी का मुसवात का बराबरी का पैगाम कितनी सादगी के साथ पेश करता है कि - "आदमी आदमी हैं बराबर मगर, सोचता ही नहीं ये कोई आदमी।"

मोटरसाइकिल के टक्कर मारने से साइकिल से जा रहे बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल

गोण्डा। आर्य नगर पृथ्वीनाथ मंदिर मार्ग पर साइकिल सवार को मोटर साइकिल सवार ने जो दार टक्कर मारने से गम्भीर रूप से घायल। मौके पर पहुंचे परिजन कराया गया इलाज।खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिया निवासी मंशा राम शुक्ल (66)वर्ष अपने खेत में पानी चलाने के लिए गये हुए थे कि मशीन में तकनीकी खराबी होने के कारण कस्बा आर्य नगर में मशीन के उपकरण को सही कराकर लौट रहे थे कि अचानक आर्य नगर पृथ्वीनाथ मंदिर मार्ग पर पुरैनिया मोड़ के सामने पृथ्वी नाथ मंदिर की ओर से आ रहा मोटरसाइकिल सवार युवक कृष्ण तिवारी पुत्र श्याम जी निवासी थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के ग्राम पंचायत मुडेरवा सरहदी के द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई। जिससे साइकिल सवार मंशा राम शुक्ल गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा मोटरसाइकिल सवार को रोक लिया तथा घायल के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने घायल बुजुर्ग को स्थानीय कस्बा में इलाज कराया तथा परिजनों के द्वारा आर्य नगर कस्बा चौकी पर ले जाकर घटना के बारे में जानकारी दी।मोटरसाइकिल सवार के परिजन तथा ग्राम प्रधान को सूचित किया।

संक्षिप्त ख़बरें

कुम्भकरण,मेघनाथ,रावण बध के साथ सम्पन्न हुई रामलीला

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटवा स्थित प्राचीनकालीन भैसासुर महादेव मन्दिर प्रांगण में चार दिवसीय ऐतिहासिक दशहरा मेले का भव्य आयोजन किया गया, मेले में तीसरे दिन कुम्भकरण, मेघनाथ,रावण वध के साथ ही रामलीला सम्पन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से भारी तादात में पुलिस तैनात रही। ग्रामीणों ने बताया कि मेले में चौथे दिन शाम साढ़े 4 बजे से 6 बजे तक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें एक से एक नामी गिरामी पहलवान सामिल होकर दांवपेज दिखाते है। मेले का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जाता है।

पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली गांव में सोमवार की रात को फर्राटे पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी वीरू त्रिवेदी (35) पुत्र सत्यदेव त्रिवेदी रात करीब 12 बजे घर में लगे फर्राटा पंखे को पकड़कर घुमाने का प्रयास कर रहा था, तभी वह पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। परिवारीजनों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला और फौरन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रोमी, मासूम बेटे विभु (7) व बेटी रोली (3) सहित परिवारीजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

आरेडिका में अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर वेबिनार आयोजित फोटो

लालगंज (रायबरेली)। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में सोमवार को राजभाषा के विकास के लिए अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के तत्वावधान में वैब गोष्ठी का आयोजन किया गया। रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशक डा. बरूण कुमार ने वेब गोष्ठी को सम्बोधित किया। वैब गोष्ठी में कर्मचारियों और अधिकारियों को अनुवाद में सृजनशीलता को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रभावशाली अनुवाद करने के संबंध में जानकारी दी गई। राजभाषा हिंदी के ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने के लिए उपयोगी विधियों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड की ओर से इस प्रकार के वैब गोष्ठियां समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। गोष्ठी में बड़ी संख्या में आरेडिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

यूपी डायल 112 की गाड़ी का एक्सल टूटा,अनियंत्रित गाड़ी दीवाल से टकराई,दो सिपाही घायल,अन्य बाल-बाल बचे

कौशाम्बी। जनपद में नेशनल हाइवे पर यूपी डायल 112 की चलती हुई गाड़ी का एक्सल अचानक टूट गया,जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई और हाइवे के किनारे बनी दीवाल से टकरा गई जिससे दुर्घटना में दो सिपाही घायल हो गए,जबकि टीम के अन्य बाल-बाल बच गये हैं। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर की है जहां नेशनल हाइवे पर दौड़ रही यूपी डायल 112 की PRV 1202 का अगला चक्का का एक्सल अचानक टूट गया और गाड़ी हाइवे किनारे बनी दीवाल में जाकर टकरा गई जिससे हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए जबकि अन्य बाल-बाल बच गये।घटना की सूचना पर पहुंचे सैनी कोतवाली प्रभारी ने पुलिसकर्मियों का हाल जाना और घायलों को अस्पताल में भेजकर इलाज कराया और उच्च अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी।

सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला हुई संपन्न

● भाजपा प्रदेश मंत्री एवं अमेठी प्रभारी शंकर गिरी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज, अमेठी। गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अमेठी शंकर गिरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुलतानपुर जगजीत सिंह छंगू रहे।मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 साधारण सदस्यता रेफरल कोड से अनिवार्य है 50 सदस्य जो भी कार्यकर्ता बनाए हैं वही सक्रिय सदस्य बनेगा जिसका शुल्क ?100 है 100 का शुल्क नमो ऐप से ऑनलाइन जमा करने पर सक्रिय सदस्य बनने के पात्र होंगे सभी मंडल अध्यक्षों को अलग-अलग अपने मंडलों में सक्रिय सदस्यता बनाने की दिशा निर्देश एवं योजना रचना बनाई गई। पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुलतानपुर जगजीत सिंह छंगू ने संबोधित करते हुए कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान में सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी एवं सर्वग्राही होना आवश्यक है समाज के सभी वर्गों के नागरिक भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य बने एवं आगे पदाधिकारी के चयन में सब की भागीदारी एवं सहभागिता आवश्यक है। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से दुर्गेश त्रिपाठी निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा, दयाशंकर यादव राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अमेठी, चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री, उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष, सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, प्रमुख प्रतिनिधि तिलोई, पूर्व विधायक सहित हजारों भक्तगणों ने देवी माता की उतारी आरती

●वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा सहित पत्रकारों का किया गया सम्मान समारोह पत्रकारों ने भी देवी माता की उतारी आरती

शुकुल बाजार दुर्गा पूजा महोत्सव अमेठी जनपद में रखता है प्रथम स्थान

स्वतंत्र प्रभात

शुकुल बाजार अमेठी। अमेठी जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार का दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम अमेठी जनपद में प्रथम स्थान रखता है। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा मंत्र मुग्ध कर देने वाला पंडाल, देवी माता की प्रतिमा, तथा लाइट की साजों सज्जा व सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को देखने अमेठी जनपद के साथ-साथ अयोध्या, बाराबंकी, रायबरेली सहित अन्य जनपदों के भक्तगण शुकुल बाजार आते हैं। इसी कड़ी में श्री नवदुर्गा पूजा समिति मेंन मार्केट के पंडाल में विराजमान जगत जननी मां जगदंबिका की आरती में अमेठी जनपद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, तिलोई के प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह एवं जगदीशपुर विधानसभा से पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी सहित मीडिया विभाग भाजपा अमेठी के जिला सहसंयोजक व स्वतंत्र प्रभात राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ सुशील कुमार मिश्रा सहित अन्य पत्रकारों ने भी देवी मां की आरती में भाग लिया। वही मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र शुक्ला, मुन्ना सिंह व राधेश्याम धोबी पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा सहित अन्य पत्रकारों का दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कौशल, शेखर गुप्ता व कमेटी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों सोनू कौशल, सचिन गुप्ता द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मान समारोह भी किया गया। वहीं कटरा चौराहे पर पंडित राम उंजेरे शुक्ला, जानकी गुप्ता विश्व प्रकाश शुक्ला, ध्रुव गुप्ता, लालता गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, विजय गुप्ता, पप्पी गुप्ता, पुत्तन गुप्ता, राम जी गुप्ता, शुभम कसौधन व अन्य भक्तगणों द्वारा भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई हजार श्रद्धालु शामिल हुए वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार दयाशंकर मिश्र द्वारा चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं, हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है जिसके चलते त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है।

सद्भावना दुर्गा पूजा समिति, रोड नंबर 3, इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर द्वारा मनाया जा रहा दुर्गा पूजा महोत्सव

●आकर्षक झांकी और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बन रहा आकर्षण का केंद्र

स्वतंत्र प्रभात

जगदीशपुर अमेठी। औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत सद्भावना दुर्गा पूजा समिति द्वारा रोड नंबर तीन पर अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा निर्मित पंडाल में दुर्गा माता की मूर्ति की स्थापना की गई है। जहां दुर्गा पूजा महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है समिति द्वारा प्रतिदिन माता दुर्गा की आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में झांकी और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा जागरण आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं ,आसपास के कई गांव से श्रद्धालु शाम होते ही माता रानी के दर्शन के लिए आ जाते हैं और देर रात्रि तक भक्तिमय माहौल में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं, असत्य पर सत्य की विजय और अधर्म पर धर्म की स्थापना का यह पावन पर्व पूरे क्षेत्र में काफी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है शारदीय नवरात्रि में देवी माता के विभिन्न नौ स्वरूपों के पूजन अर्चन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम भी किया जाता है। बताते चलें शारदीय नवरात्रि पर प्रत्येक वर्ष समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव का कार्यक्रम कराया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होते हैं और कार्यक्रम का आनंद लेते हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इ. संजय सिंह , अध्यक्ष हेमंत सिंह, संरक्षक अंशुमान शुक्ला, उपाध्यक्ष अंकित कौशल, गोरखनाथ शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, राजू चौरसिया, राहुल पासी की अहम भूमिका रहती है।

उत्कृष्ट कार्य के चलते व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली। दानेश्वर धाम मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारीयों द्वारा कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम को सुरक्षा व्यवस्था व दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की समस्या पर खरी उतरी कोतवाली पुलिस के कुशल कार्यो के चलते व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को सम्मानित कर पूछा कुशल क्षेम बताते चले कि, महराजगंज कस्बे के दानेश्वर मार्ग पर स्थित सैकड़ो वर्ष पुराने दानेश्वर मंदिर परिसर में पहली बार कस्बे के व्यापारियों द्वारा नवदुर्गा पूजा के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विशाल दुर्गा पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें दुर्गा जागरण, जवाबी कीर्तन का आयोजन भी किया गया था। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नवदुर्गा पूजा के अवसर पर आए हुए कलाकारों को सुना और रसपान किया तो वही व्यापारियों के आह्वान पर तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर दानेश्वर धाम मंदिर परिसर में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही तथा प्रतिदिन भारी मात्रा में पुलिस बल की मौजूदगी में हवन पूजन, आरती, दुर्गा जागरण, जवाबी कीर्तन, व मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। जिसके चलते व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन सहित प्रशासन के अनेक कर्मचारीयों को भी बधाई दी। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल, संदीप वैश्य, प्रिंकल सरदार, मुकेश मोदनवाल, लल्लन वर्मा, शिव कैलाश वर्मा, विवेक सोनी, घनश्याम चौरसिया, एमडी पासी, सूर्य प्रकाश वर्मा, सुधा अवस्थी सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

दहेज प्रथा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला की एक महिला ने ससुराली जनों पर दहेज की प्रताड़ना को लेकर आए दिन गाली गलौज मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप में कोतवाली पुलिस में पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी शाहजहां बानो पुत्री मुन्ना निवासी ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महराजगंज ने कहा है कि मेरे ससुरालीजन रजी मोहम्मद पुत्र मोहम्मद रफीक व मोहम्मद रफीक पुत्र अज्ञात व विटुला पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी गण सांई थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली द्वारा दहेज की मांग को लेकर आए दिन वादिनी को प्रताड़ित करना तथा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देना जैसी गंभीर मामलों में कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

कोल माफिया ने कराया पत्रकार के ऊपर जान लेवा हमला, मौके पर पुलिस ने पहुंच कर पत्रकार की बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात



सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश। अनपरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड के ककरी परियोजना के खदान के बैरियर पर करीब 12: 00 बजे सच-आप-तक-डिजिटल न्यूज चैनल सोनभद्र उत्तर प्रदेश & सिंगरौली मध्य प्रदेश के ब्यूरो चीफ के ऊपर जान लेवा हमला कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया।बताते चले की दिनांक 14 अक्तूबर को दोपहर करीब 12:00 बजे के आस पास विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड के ककरी परियोजना के खदान में डीओ होल्डर द्वारा ऑक्शन में लिए गए G8-G9 कोयला सीएचपी लोडिंग नही करा कर उसके जगह पर मजदूर से छटनी कराकर पेलोडर द्वारा अवैध रूप से G5-G6 का स्टीम कोयला ट्रक में लोड कराया जा रहा है और बाहर निकाला जा रहा है जो विगत कई माह से चला आ रहा है जैसे ही सच-आप-तक-डिजिटल न्यूज चैनल के ब्यूरो चीफ नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड के ककरी परियोजना खदान के बैरियर पर पहुंचे तभी बैरियर पर तैनात प्राइवेट सुरक्षा प्रहरी ने खदान के अंदर जाने से रोका और नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड के सुरक्षा प्रहरी ओम प्रकाश राय को सूचित किया और ब्यूरो चीफ से मोबाइल पर सुरक्षा प्रहरी से बात कराया तो उन्होंने ने ब्यूरो चीफ को खदान के बैरियर पर अपने आने तक रुकने के लिए कहा और जब ओम प्रकाश राय खदान के बैरियर पर आए तो उनके साथ डिओ होल्डरों के चार पांच गुंडे साथ में आए जिसमे डियो होल्डर अभिषेक पाण्डेय (मारुति टेडर्स) के मुंशी संजय यादव पुत्र दशरथ यादव ग्राम पंचायत खोखरी पोस्ट ककरी के बताए जाते हैं ने ब्यूरो चीफ के साथ हाथापाई कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया और जॉन से मारने की धमकी देने लगे लेकिन ब्यूरो चीफ ने सुझबुझ से काम लेते हुए 112 नंबर पर काल कर पुलिस को सूचित किया, तत्काल मौके पर 112 नंबर पुलिस पहुंच कर ब्यूरो चीफ के साथ बड़ी दुर्घटना होने से बचाया और साथ - साथ सुरक्षित आवास तक पहुंचाया जो बहुत सराहनीय है पर देखना यह है की पुलिस इस मामले मे क्या कार्यवाही करती है।

ओबरा टी0एम0सी0 कम्पनी द्वारा मजदूरों का बकाया भुगतान,वेतन में विसंगति व श्रम कानूनों के विरूद्ध में ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात

ओबरा/ सोनभद्र – दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 में कार्यरत सह संविदाकार मेसर्स टी0एम0सी0 के वर्करों/स्टाफ के वेतन गड़बड़ी व बकाया भुगतान के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमें क्रम में श्रम विभाग व टी0एम0सी0 कम्पनी के अधिकारियों व मजदूरों के तरफ से ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिव दत्त दूबे के मध्य वार्ता हुई थी। जिसके क्रम में दिनांक 15.10.2024 को दूसरी वार्ता में श्रम विभाग के अधिकारी द्वारा कहा गया कि दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारी के समक्ष ही वार्ता किया जायेगा किन्तु दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारियों ने उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की वार्ता करने से इन्कार कर दिया है। जिससे स्पष्ट साबित होता है कि कार्यरत मजदूरों के वेतन में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गयी है तथा वेतन भुगतान भी समय से श्रम कानून के तहत नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में श्रम विभाग द्वारा नोटिस जारी कर दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 के अधिकारियों को वार्ता में बुलाया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है। जिससे मजदूरों के साथ हो रहे शोषण को रोका जा सके एवं उनके साथ न्याय हो सके। श्री दुबे ने बताया कि अन्यथा की स्थिति में गरीब मजदूर टी0 एम0 सी0 दूसान पावर सिस्टम इण्डिया लि0 व मुख्य महाप्रबन्धक, ओबरा तापीय परियोजना के खिलाफ धरना प्रदर्शन व अनशन के लिए बाध्य होगें जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी ।ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आज कंपनियों द्वारा पैसे का बंदरबाट किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जहाँ एक तरफ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का कहना है कि श्रमिकों का शोषण विल्कुल नहीं बर्दाश्त किया जायेगा और वहीं संबंधित विभाग के अधिकारी मजदूरों की वास्तविक मांग को दरकिनार किया जा रहा है।

बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति की छठ महापर्व को लेकर पहली बैठक हुई संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

ओबरा/सोनभद्र। दिनांक 15- 10 - 2024 दिन- मंगलवार को बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति के अध्यक्ष मुकुल तिवारी की अध्यक्षता में छठ घाट सेक्टर नंबर 3 का निरीक्षण कर घाट का लिया जाएगा एवं सदस्यो के साथ पहली बैठक कर कार्यकर्ताओं के साथ ही रणनीति बनाई अध्यक्ष मुकुल तिवारी ने कहा मैं निरंतर वर्षो से इस संस्था में कार्य कर रहा था लेकिन पिछले वर्ष से मुझे अध्यक्ष का भार सौंपा गया है जिसे मैं बखूबी निभाने चाहता हूं संस्था द्वारा निरंतर 30 वर्षो से घाट के कार्यक्रम को देखरेख किया जा रहा है क्योंकि इधर कई वर्षो से बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति के साथ एक बड़ी संस्था आदर्श नगर पंचायत हमारे साथ जुड़कर कार्य कर रही है जिसकी देखरेख में छठ घाट का पूरा कार्यक्रम किया जाता है और आपको बताते चलें आदर्श नगर पंचायत का जो भी अध्यक्ष रहता है वही घाट के कार्यक्रम की अध्यक्षता करता है लाइट टेंट साउंड एवं मूर्ति पूजन से लेते हुए संस्था की कार्यालय पर भंडारे का आयोजन भी नगर पंचायत के द्वारा दिया जाता रहा है मुकुल तिवारी अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हमारी संस्था केवल कार्यदाई संस्था है जो पिछले कई वर्षो से इस कार्यक्रम का देख-रेख करती चली आ रही है जिसमें संचालन एवं हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा देखरेख किया जाता है जिसमें अध्यक्ष ने बताया कि दूसरी बैठक जल्द ही होगी जिसकी सूचना देकर सभी कार्यकर्ताओं को बता दिया जाएगा

अन्य साल के अपेक्षा जो भी हमारे बीच कमियां रही हो उसे पूरा करने की कोशिश किया जाएगा इसी के साथ अध्यक्ष ने अपनी बातों को समापन किया कार्यकर्ता कह लीजिए या सती सेवक उपस्थित रहे मनोज सोनी, निखिल तिवारी, ज्वाला कुमार , दिनेश शर्मा, सत्येंद्र कुमार, रविंद्र वाल्मीकि, भरत पांडे, विजय भाई, शुभम सिंह, सलमान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वीडियो वर्षा सिंह ने ज्योना गांव में परखी संचारी रोग अभियान की हकीकत

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/ रायबरेली। संपूर्ण जिले में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के तहत आज दिन मंगलवार को खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने पूरे स्वयंवर सिंह मजरे ज्योना गांव जाकर साफ सफाई व विकास कार्यो की हकीकत परखी। बताते चले कि संचारी रोग एवं दस्तक अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसमें विकासखंड के अनेकों ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता के साथ-साथ नालियों की साफ सफाई झाड़ियों की कटाई दवा छिड़काव व जलभराव की सफाई जैसे अनेक कार्यो की जांच करने का आदेश जिले के आला अधिकारियों ने खंड

विकास अधिकारी को किया है जिसके तहत आज दिन मंगलवार को खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने संचारी रोग दस्तक अभियान की हकीकत परखने के लिए महराजगंज विकासखंड के पूरे स्वयंवर सिंह मजरे ज्योना में जाकर औचक निरीक्षण किया और वहां कराई जा रही साफ-सफाई व अन्य चीजों के संबंध में गहनता से जांच पड़ताल की साथ ही वहां पर मौजूद सफाई कर्मचारियों को गांव की साफ सफाई व व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए तथा खंड विकास अधिकारी ने विकास की हकीकत भी परखी तथा ग्रामीणों से जन संवाद कर विकास को आगे बढ़ाने की बात कही तो वही उपस्थित सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन का एक अंग है तथा साफ सफाई बेहतर तरीके से करें जिससे की मौसम के बदलाव में होने वाली संक्रामक बीमारियां बढ़ न सके और आम जनमानस सुरक्षित रह सके। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार, ग्राम प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू लवलेश कुमार सहित ग्राम सभा के समस्त लोग मौजूद रहे।

भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास द्वारा श्रंगी ऋषि जैसी कथाओ को सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली। क्षेत्र के पहाड़पुर खेड़ा पोस्ट अटौरा गांव में आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से आए कथा व्यास भागवतोपासक वागीश रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा राजा परिक्षित का जन्म उन्हें श्रंगी ऋषि का शाप और ब्राम्हा जी की उत्पत्ति के प्रसंग पर कथा कहते हुए पंडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। विदित हो कि महराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 108

भागवतों में से तीसरी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पहाड़पुर खेड़ा पोस्ट अटौरा गांव से प्रारंभ किया। बताते चलें कि, आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानो पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास ने कहा कि राजा परीक्षित पांडवों के वंशधर व अभिमन्यु के पुत्र थे भगवान श्री कृष्णा उत्तर के गर्भ में उनकी ब्रह्मास्त्र से रक्षा की थी इसके पश्चात कथा व्यास ने ब्रह्मा जी की उत्पत्ति पर भी प्रकाश डाला वहीं कथा के दौरान बीच-बीच में भक्ति भजनों पर उपस्थित श्रोता झूम उठे। कथा के विराम पश्चात आरती और प्रसाद वितरण का कार्य हुआ। इस मौके पर मोनू अवस्थी, अंजनी पांडेय, रागेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, सुरेश शुक्ला, रामू त्यागी, समर बहादुर सिंह, अवकाश सिंह, बृजलाल, इंद्रपाल सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

सीसामऊ के उपचुनाव की घोषणा - भाजपा प्रत्याशी कौन ?

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। चुनाव आयोग ने सीसामऊ समेत उत्तर प्रदेश सभी दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का एलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव में 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। यह सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को 7 साल की सजा मुकर्रर हो जाने के बाद खाली हुई है। समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है जबकि बसपा की तरफ से व्यवसाई रवि गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है। और इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारी झटका लगा है। जहां वह मात्र 33 सीटें ही जीत सकी है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी एक ऐसे प्रत्याशी की तलाश में है जो जातिगत समीकरण को देखते हुए सही साबित हो। वैसे तो कई नाम इसमें सामने आ रहे हैं लेकिन भाजपा आलाकमान अभी तक इनमें से कोई प्रत्याशी नहीं चुन सका है। अजय कपूर, सुरेश अवस्थी, अनूप पचौरी, दीपू पांडे और बहुत से नाम शामिल हैं। लेकिन अभी संशय की स्थिति बरकरार है।

भारतीय जनता पार्टी हर हाल में इस बार सीसामऊ सीट का उपचुनाव जीतना चाहती है। जातिगत आंकड़ों के अनुसार सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में हिंदू 61.28 प्रतिशत ,जिसमें अनुसूचित जातियां 12.02 प्रतिशत हैं, मुस्लिम 36.67 प्रतिशत, ईसाई- 0.22 प्रतिशत, सिख 0.10 प्रतिशत, बौद्ध - 0.04 प्रतिशत, जैन- 0.77 प्रतिशत, अन्य - 0.92 प्रतिशत हैं। यह सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है। जब पूरे देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही थी तब 2017, और 2022 में समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर विजय प्राप्त की थी। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक भी चुनाव जीत चुके हैं तथा जनता दल व कांग्रेस के उम्मीदवार भी चुनाव जीत चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी ने यह सीट लगभग 13000 मतों से जीती थी। भारतीय जनता पार्टी को इस 13000 का अंतर समाप्त करने के लिए हिंदू वोटों को एक करना जरूरी है। लेकिन उसमें सबसे बड़ी बाधा बहुजन समाज पार्टी है क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में दलितों की तादाद भी अच्छी खासी है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से सत्यदेव पचौरी की सुपुत्री नीतू का भी नाम इस लिस्ट में आ रहा है। क्यों कि सपा ने महिला प्रत्याशी को उतारा है। और नसीम सोलंकी को टिकट मिलने के बाद जिस तरह वो रोई थीं उनको सहानुभूति का लाभ मिल सकता है।

कानपुर के सपा नेताओं ने मनाई अब्दुल कलाम की 93 वीं जयंती

● -मेहनत परिश्रम तथा गुरुजनों के सेवा संस्कार से भाग्य बदल जाएगा - हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आज विश्व प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी की 93 जयंती पर युवा जागरुक संदेश परिचर्चा सम्मेलन समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर कार्यालय में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे आरंभ हुआ।। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। परिचर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि भूतपूर्व राष्ट्रपति प्रख्यात विश्व के प्रथम पंक्ति में अग्रणी रहे माननीय एपीजी अब्दुल कलाम जी का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम के पास धनुषकोड़ी में हुआ था और परिवार नाविक का कार्य करके कलाम साहब को शिक्षा ग्रहण कराई उनके विद्वता योग्यता से रामेश्वरम धाम के महंत उनको बहुत पसंद करते रहे उनकी अलौकिक छवि और प्रतिभा से सभी प्रभावित रहते रहे।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि एक बार देहरादून परीक्षा देने आए वहां से ऋषिकेश पहुंचे और गंगा किनारे एक टीले पर बैठ गए जहां ऋषिकेश के संत स्वामी शिवानंद सरस्वती ने उनको शांत चित्त बैठे देखकर अपने आश्रम ले गए और वहां कलाम साहब रात्रि में रहे सवेरे संत जी ने कहा की धैर्य साहस रखो कभी असफलता आए तो निराश ना हो क्योंकि प्रभु तुमसे बहुत बड़ा कार्य कराएगा क्योंकि धैर्य और गुरुजनों का सम्मान कभी निराश नहीं करता है पूर्व एम एल सी दिलीप सिंह कल्लू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम मेहनत धैर्य लगन तथा अपने गुरुजनों के सम्मान से भाग्य बदल जाता है इसलिए आज की युवा टीम कलाम साहब की धैर्यता मेहनत से प्रेरणा ले आने वाला भविष्य उनका होगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद एमएलसी दिलीप यादव कल्लू यादव प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर सत्यनारायण गहरवार परमवीर सिंह गंभीर अर्पित त्रिवेदी दीपक खोटे राजेंद्र सोनकर अजय यादव नंदलाल जायसवाल अनवर अली पप्पू मिर्जा मनप्रीत सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

भाकियू अराजनैतिक ने तहसीलदार को सौंपा एसडीएम को संबोधित ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। किसानों द्वारा तहसीलदार रामाश्रय को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि विद्युत विभाग की मनमानी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में रात के समय अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिसे जहां गांवों में अंधेरा छा जाता है, वहीं सिंचाई भी बाधित हो जाती है। इसके अलावा ग्राम डड़िया सुनौरा में स्वच्छंद विचरण कर रहे आवारा पशु किसानों की फसलें चट कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि फसलों की बुआई चल रही है और साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। जिससे किसान परेशान है। ज्ञापन में ग्राम अतरधनी में कमलेश कुशवाहा के दरवाजे से बरम बाबा तक, ग्राम सुनौरा से छोटी डडिया व ग्राम तेरवा से अकबरापुर तक खड़ंजा बनवाने तथा ग्राम हरईपुर में मेंन सड़क तक जाने वाले मार्ग पर स्थित जर्जर पुलिया बनवाने की मांग भी उठाई गई है। ज्ञापन सौंपते समय यूनियन के तहसील अध्यक्ष रामसनेही यादव, रघुवीर, कृष्ण पाल सिंह, रूपनारायण, रेवती रमण, महेश्वर सिंह, बृजेंद्र कुमार, राजाराम, छेदीलाल व रामविलास मौर्य आदि मौजूद रहे।

किसान डीएपी के साथ ही एनपीके एवं नैनो डीएपी का भी करें उपयोग मण्ड़लायुक्त

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल चैत्रा वी. द्वारा मंगलवार को विकासखण्ड जवां में बहुउद्देशीय सहकारी समिति एवं पीसीएफ उर्वरक वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव बहाव, आंकिक लेखाकार प्रमोद कुमार सिंह एवं लेखपाल प्रतीक गुप्ता मौके पर मौजूद मिले। प्रभारी सचिव ने बताया कि 12 अक्टूबर को 18 मीट्रिक टन अर्थात 360 पैकेट कृभको डीएपी प्राप्त हुआ, जिसका वितरण लेखपाल की निगरानी में किसानों से खतौनी और आधार कार्ड प्राप्त करते हुए किया जा रहा है। अब तक 310 पैकेट डीएपी का वितरण कर दिया गया है, जबकि 50 पैकेट डीएपी गोदाम में अवशेष है। मण्डलायुक्त ने गोदाम का ताला खुलवाकर स्टॉक का निरीक्षण करने के साथ ही स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने ई-पॉस मशीन में पुराना रिकॉर्ड न मिलने एवं किसानों के आधार कार्ड व खतौनी अस्त-व्यस्त पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए भविष्य के लिए सचेत करते हुए निर्देशित किया कि वितरण रजिस्टर को अद्यतन रखा जाए। उन्होंने ई-पॉस मशीन से वितरण रजिस्टर का भी मौके पर मिलान किया।

पीसीएफ वितरण केन्द्र पर केंद्र प्रभारी अरूण शर्मा ने बताया कि केंद्र पर 36 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्धता के सापेक्ष मंगलवार को 450 पैकेट डीएपी का वितरण किया गया है। स्टॉक में 270 पैकेट डीएपी के साथ ही 1357 पैकेट यूरिया अवशेष है। उन्होंने बताया कि डीएपी के साथ ही किसानों को नैनो डीएपी एवं दानेदार यूरिया का भी वितरण किया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने मौके पर किसानों से फीडबैक लेते हुए उर्वरक वितरण की जानकारी ली इस पर गांव सिकन्दरपुर कोटा के सत्यप्रकाश ने बताया कि उसे 02 पैकेट डीएपी आधार कार्ड एवं खतौनी के अनुसार मिला है। वहीं जंगलगढ़ी के बंटी सिंह ने 03 पैकेट डीएपी, 500 ग्राम नैनो डीएपी एवं 01 पैकेट यूरिया मिलने की बात बताई। मण्डलायुक्त ने उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर अनावश्यक स्टॉक न करें अपनी आवश्यकतानुसार की खेती में डीएपी के साथ ही अन्य फास्फेटिक उर्वरकों का उपयोग करें। उन्होंने किसानों से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग को भी बढ़ावा देते हुए उसके लाभ के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया जाए, अन्नदाता किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह भी उपस्थित रहे।

चकबंदी अधिकारियों ने किया जनचौपाल का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बांगरमऊ, उन्नाव। चकबंदी आयुक्त लखनऊ के निर्देशानुसार क्षेत्र के ग्राम अतरधनी और डड़िया सुनौरा में चकबंदी अधिकारियों द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उप संचालक चकबंदी ने चकबंदी कर्मियों से सभी शिकायतों और वादों का जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। उप संचालक चकबंदी उन्नाव डॉ सुरेश सागर की अध्यक्षता में आयोजित जन चौपाल में किसानों ने चकबंदी से संबंधित तमाम मुकदमे अरसे से लंबित पड़े होने का मुद्दा जोरदारी से उठाया। इसके अलावा किसानों द्वारा चकबंदी कर्मियों पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली का भी आरोप लगाया। इस पर उप संचालक चकबंदी ने चकबंदी कर्मियों को सभी शिकायती पत्र और मुकदमे जल्द निस्तारित कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेजने का शख्त निर्देश दिया। चौपाल में चकबंदी अधिकारी बांगरमऊ राजेश कुमार व सहायक चकबंदी अधिकारी मुस्तफाबाद शकील अहमद, चकबंदी कर्ता गोपाल शर्मा एवं राजीव सिंह व विनय कुमार यादव लेखपाल सहित महेंद्र कुमार प्रधान, सावित्री प्रधान, फखरुद्दीन, महेश, भीमसेन व इलियास आदि किसान शामिल हुए।

शिक्षिकाओं ने दीवाली पर्व से पहले बकाया डीए दिए जाने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात

मियांगंज, उन्नाव। महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सुजाता सिंह व महामंत्री डाली निगम शिक्षिकाओं के साथ खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार से मुलाकात की। शिक्षिकाओं ने दीवाली पर्व से पहले बकाया डीए दिए जाने की मांग उठाई। इस दौरान संघ की अध्यक्ष ने बीईओ को पौधा भेंट किया। तत्पश्चात अध्यक्ष ने शिक्षिकाओ की समस्याओं से खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने मियागंज ब्लॉक की शिक्षिकाओं का अवशेष डीव एव 46-50 का बिल अति शीघ्र बनवाकर जिले में भिजवाने की मांग उठाई। जिससे कि दीपावली त्योहार से पहले शिक्षिकाओ का अवशेष डीवएव उन्हें प्राप्त हो सके। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि जो भी समस्याएं आपके संगठन के माध्यम से प्राप्त हुई हैं उनका तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर सोनू सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुष्पलता संगठन मंत्री, कामना, बबीता त्रिवेदी एआरपी, अनामिका यादव, राशि कनौजिया, शिखा वर्मा आदि उपस्थित रही।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी चाऊमिन खरीदने भुड्डा चौराहा गई थी। तभी एक युवक बहला-फुसलाकर उसे बाइक पर बैठा लिया और भाग निकला। पिता ने पुलिस से पुत्री को जल्द बरामद किए जाने की मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कमलेश पुत्र नन्हू ने उसकी 14 वर्षीय बेटी को मोबाइल दिया था। जिसके जरिए युवक अक्सर उसकी बेटी से बात करता था। एक दिन उसने बेटी को मोबाइल पर युवक से बात करते हुए देख लिया था। तब बेटी ने मोबाइल कमलेश का बताया था। बीते 14 अक्टूबर की शाम उसकी बेटी चाऊमीन खरीदने गांव के निकट स्थित भुड्डा चौराहा गई थी। जहां से किशोरी अचानक लापता हो गई। चौराहे के दुकानदारों ने बताया कि एक युवक उसकी बेटी को बाइक पर बैठाकर चला गया है। पिता ने रिपोर्ट में बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना की भी आशंका जताई है।

विकास प्राधिकरण कर्मचारियों ने दो गाड़ियों समेत सील कर दिया व्यापारी का गैराज

● - दोषियों पर कार्रवाई की मांग, आन्दोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती । बस्ती उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष प्रभात सोनी ने विकास प्राधिकरण के सचिव को पत्र देकर कहा है कि पंकज टाकीज के निकट स्थित उनके गाडी रखने के गैराज को प्राधिकरण के कर्मचारियों ने बिना किसी नोटिस या जानकारी के सील कर दिया। गैराज में उनकी दो गाड़ियां सील होने के कारण निकल नहीं पा रही हैं और उनके काम काज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होने कहा है कि उनके पास आर.बी.ओ. का नक्शा मौजूद है और वे मरम्मत करवा रहे थे। यदि मरम्मत के लिये भी नये नक्शे की जरूरत हो तो विकास प्राधिकरण से नया नक्शा बनवाने के लिये उन्हें समय दिया जाय। विकास प्राधिकरण कर्मचारियों द्वारा की जा रही मनमानी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुये बस्ती उद्योग व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष प्रभात सोनी ने कहा है कि मरम्मत के दौरान जिस प्रकार से उनकी अनुपस्थिति में गैराज सील कर दिया गया वह चिन्ताजनक है। चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र गैराज में सील उनके वाहनों को न निकलवाया गया तो व्यापारी समाज आन्दोलन को बाध्य होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों और अधिकारियों की होगी।

संक्षिप्त ख़बरें

महाराजपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

कानपुर। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान में थाना महाराजपुर पुलिस टीम ने धारा 323/306 में वांछित अभियुक्त अमरनाथ पुत्र स्व. रामकुमार निवासी ग्राम उचटी थाना महाराजपुर कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष को अभियुक्त के घर के बाहर से समय करीब 10.20 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

शहर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

कानपुर। मेस्टन रोड पर सेक्टर प्रभारी बड़ा चौराहा, मूलगंज, परेड मय क्रेन के साथ लेकर कोतवाली चौराहा से मूलगंज तक रोड के दोनों साइड थाना स्थानीय (कोतवाली, मूलगंज) के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया व सर्व संबंधित के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान एसएचओ मूलगंज मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

कानपुर बार एसोसिएशन चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

कानपुर। बार एसोसिएशन कानपुर के वार्षिक चुनाव में सभी प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। कानपुर बार एसोसिएशन का चुनाव अपने आप में काफी मायने रखता है। कई पदों के लिए होने वाले चुनाव में प्रत्याशी एक -एक बस्ते पर जाकर घरों में जाकर तथा मोबाइल कम्युनिकेशन के द्वारा अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। कानपुर बार एसोसिएशन चुनाव में क्रिमिनल मामलों के वकील तथा कार्यकारिणी सदस्य के प्रत्याशी शिवांशु सिंह गौर ने बताया कि वह कार्यकारणी के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें सभी वरिष्ठ का सहयोग समर्थन मिल रहा है।

कल की दुखद दुर्घटना में पांचों मृतकों को नम आंखों से दी विदाई

कानपुर। कानपुर में कल भौंती के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पीएसआईटी के चार छात्र और ड्राइवर की मृत्यु होने के बाद आज अंतिम यात्रा में सभी क्षेत्र वासियों ने नम आंखों से विदाई दी। घर वाले चीखते रोते हुए अपने लाड़लों को छोड़ नहीं पा रहे थे। कल दुर्घटना के बाद से आज तक सभी की जुबान पर एक ही चर्चा थी और सभी भावुक थे। मृतकों में सभी लोग सनिगवां रोड स्थित चन्द्र नगरी द्वितीय के रहने वाले थे जब कि उसमें तीन लोग एक ही गली के थे। बड़ी ही दुखद खबर थी जो सुन रहा था आता चला जा रहा था। विधानसभा अध्यक्ष और क्षेत्रीय विधायक सतीश महाना के पुत्र करन महाना भी आज कानपुर स्थित ड्योढ़ी घाट पर सम्पन्न हुए अंतिम संस्कार में पार्थिव शरीर के दर्शन कर श्रद्धा-पुष्प अर्पित करने के लिए पहुंचे।

कोहना पुलिस ने अवैध पटाखे लाते एक को पकड़ा

कानपुर। थाना कोहना पुलिस ने अटल घाट व कर्बला के मध्य चेकिंग के दौरान एक लोडर से 20 बंडल विस्फोटक पदार्थ पटाखा आदि बरामद किया है। कोहना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरिफ पुत्र आबिद अली निवासी ग्राम थानागांव, थाना माखी जिला उन्नाव उम्र 25 वर्ष जो कि पटाखे लेकर आ रहा था पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गिरफ्तार

कानपुर। थाना रावतपुर कानपुर नगर पुलिस ने आज एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जो सोशल मीडिया पर धर्म विरोधी पोस्ट डाली थी। प्रेस नोट में बताया गया कि आज अभियुक्त के खिलाफ धारा 196/299 बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त कासिम खान पुत्र सलीम खान निवासी भगवती नगर करबला रोड़ थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष है जिसने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर आपत्तिजनक धर्म विरोधी वीडियो डाला था।

रावतपुर के गौसिया जुलूस में बिरयानी को लेकर हुआ विवाद

कानपुर। सोशल मीडिया पर वायरल खबरों का खंडन करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर ने बताया कि रावतपुर में गौसिया जुलूस के समाप्ति के पश्चात एक ही समुदाय के 2-3 लड़कों में बिरयानी बांटे जाने में आगे पीछे होने में विवाद हो गया था। जिसमें दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया था। उन्होंने कहा कि गौसिया का जुलूस शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है और लाइन आर्डर की कोई समस्या नहीं है।

शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट कर भारी मुनाफे का लालच देकर करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले चार अन्तर्राज्यीय शातिर ठग गिरफ्तार

● -कैंट निवासी विनोद कुमार के साथ 1 करोड़ 78 लाख 85 हजार रूपए की गई थी ठगी, शेयर मार्केट में निवेश कर करोड़ों कमाने का लालच देकर ये ठग घटना को अंजाम देते थे।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर की साइबर क्राइम टीम ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जिसने देश के तमाम राज्यों में शेयर मार्केट में ज्यादा लाभ दिलाने के बहाने लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है। ये लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप, टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर लोगों को फर्जी लाभ दिखाते थे। अभियुक्तों से मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम स्वाइप मशीन सहित कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए। डीसीपी साइबर क्राइम ने प्रेस वार्ता में बताया कि ये फर्म के नाम से बैंक खाते खोलकर करोड़ों रुपये का लेन-देन करते थे। उन्होंने बताया कि कैंट निवासी विनोद कुमार को वाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश कर भारी लाभ का लालच दिया गया। वादी द्वारा ग्रुप में लाभ के संदेश देखने के बाद वह प्रभावित होकर उनके बताए टेलीग्राम में जुड़ गया, जिसमें वादी से समय-समय पर निवेश के नाम पर 1,78,85000/- रुपये ले लिए गए। इसके बाद वादी को ग्रुप से हटा कर ब्लॉक कर दिया गया। जिसके बाद वादी को अपने साथ हुए साइबर ठगी का एहसास हुआ। वादी द्वारा दिनांक 20/06/2024 को साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट कानपुर नगर पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था।

साइबर क्राइम थाने पर अभियोग पंजीकृत होते ही तत्काल जांच शुरू की गई और शेयर मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफे का लालच देकर देश के कई राज्यों में साइबर ठगी करने वाले चार अंतर्राज्यीय शातिर अभियुक्तों को साइबर क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया। शातिर अभियुक्त लोगों के मोबाइल नंबर को सोशल मीडिया से प्राप्त कर उन्हे अपने बनाए फर्जी वाट्सअप ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ते थे जिसमें वे अपने ही ग्रुप के सक्रिय सदस्यों को जोड़ते थे । वाट्सअप ग्रुप के सदस्य ग्रुप में फर्जी प्रोफिट के मैसेज भेजा करते थे जिससे ग्रुप के अन्य सदस्य प्रभावित होकर इंवेस्टमेंट के लिए स्वयं ही ग्रुप में मैसेज डाल देते थे। शुरूआत में ग्रुप के कुछ सदस्यों को छोटी धनराशि प्रोफिट के नाम पर दे दी जाती थी जिससे उनका विश्वास जीता जा सके, बाद में उन्हे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया जाता था और भारी मुनाफे का लालच देकर करोड़ो की ठगी की घटना को अंजाम दिया जाता था।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के विभिन्न बैंकों में करीब आठ खातों की जानकारी मिली है जिनको फ्रीज कराया गया है। तथा फ्राड करने में इस्तेमाल करने वाले तमाम उपकरण भी मिले हैं। डीसीपी साइबर क्राइम ने बताया कि अभी जांच चल रही है और यह भी देखा जा रहा है कि इसमें अन्य लोग भी शामिल होने की जानकारी की जा रही है।

संक्षिप्त ख़बरें

महिला सशक्तिकरण के लिए पुलिस कर रही कैंप



बरेली/प्रदेश सरकार के निर्देशन में चलाया जा रहा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत पुलिस गांव गांव जाकर महिलाओं लड़कियों को जागरूक करने का कार्य कर रही है साथ ही विद्यालयों में वह कैंप लगाकर महिलाओं को सचेत रहने के साथ ही उनको उनके मूल अधिकारों से अवगत कराने का कार्य कर रही है इसके तहत क्यों लड़िया पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर उप निरीक्षक दिनकर महिला कांस्टेबल बीना सिंह और कांस्टेबल निशा ने विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत नगमा भगवंतपुर में पहुंचकर वहां के प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से भी अवगत कराया ताकि किसी भी तरह का उनका उत्पीड़न ना हो सके ऐसी स्थिति आने पर वह कानून का सहारा लें जिससे उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान होगी

पीलीभीत बरखेडा में सियार ने किसान पर किया हमला, हाथ नोचकर भागा

बरखेडा क्षेत्र में नहीं थम रहे सियार के हमले से किसानों में दहशत का माहौल गन्ने के खेत में शौंच के लिए गए युवक पर सियार ने किया हमला सियार ने हमला कर युवक का हांथ चबाकर किया गंभीर रूप से घायल युवक की चीख पुकार के बाद युवक को बमुश्किल से छुड़ाया सियार के हमले में घायल युवक लहूलुहान हालत में में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और ताबड़तोड़ सियार के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है लोगों को आवा गमन में हो रही है दिक्कत बरखेडा थाना क्षेत्र के गांव दौलापुर की घटना है। पीलीभीत के बरखेडा में इन दिनों दनों सियार का आतंक है. बीते दिनों में कई अलग-अलग जगहों पर सियार लोगों पर हमला कर लहूलुहान कर चुका है. साथ ही राह चलते को भी काट लिया. सियार, भेड़िया के ही वंशज माने जाते हैं. इन्हें गीदड़ भी कहा जाता है. फिलहाल हमले के बाद से पूरे जिले में भेड़िए के हमले की भी अफवाह खूब उड़ रही है जैसे ही किसान खेत के पास पहुँचा ही था कि अचानक सियार ने सीधा हमला बोल दिया। हमले में किसान का हाथ पर काट लिया और बुरी तरह से लहूलुहान हो गई। किसान ने अपना बचाव करने के लिए हाथ चलाया तो सियार ने एक हाथ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

महर्षि वाल्मीकि की जयंती से पूर्व निकाली गयी प्रभात फेरी।

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कैम्प कार्यालय गौशाला में पूजन आरती कर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वागत किया तथा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महर्षि वाल्मीकि की जयंती आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनायी जाती है जो 17 अक्टूबर 2024 को होगी। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पहले समाज के लोगों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी जिसका नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कैम्प कार्यालय गौशाला में महर्षि वाल्मीकि का आरती पूजन कर स्वागत किया तथा सभी को प्रसाद वितरित किया।इसके बाद दोपहर में बाल्मीकि समाज के युवाओं द्वारा एक बाइक रैली निकाली गयी जिसको नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू व सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार,नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, किसान मोर्चा नगर महामंत्री गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, लवकुश अवस्थी, बाइक रैली के संयोजक राहुल वाल्मीकि, जगमोहन बाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, विनोद वाल्मीकि, दिलीप बाल्मीकि, गोविंद बाल्मीकि, नरेन्द्र बाल्मीकि आदिसहित सैकड़ों बाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

खीरी पुलिस को आखरि कार हत्या का मुक़दमा एक महीने बाद लिखना ही पड़ा

● हत्यारों को बचाने का प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हंटर चलने के बाद रुका

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। आखरि कार सुबूतो से छेड़छाड़ के बाद थाना खीरी पुलिस ने एक माह बाद मृतक सोनू गौड़ की हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।इस बीच बेटे सोनू की मां पुलिस अधीक्षक,जिलाधिकारी से लेकर थाने तक गिड़गिड़ाती रही, परन्तु थाना खीरी पुलिस हत्यारोपियों को बचाती रही। खीरी पुलिस प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हंटर चलने के बाद मु.अ.स.436अपराध धारा 103(1)हत्या जैसे गम्भीर आरोप में पंजीकृत हुआ है ?। मृतका की मां गायत्री देवी ने बताया कि मेरा बेटा सोनू अंग्रेजी में एमए पास था।सोनू 8 सितम्बर को प्रातः छः बजे नोएडा से घर आया था मेरे पैर छूने के बाद एक बैग व मोबाइल छोड कर मुझसे यह कह कर घर से गया था कि मम्मी अब मैं नोएडा नहीं गुजरात काम करने जाऊगा , चला गया था। 9 सितम्बर को देर सांय थाना खीरी से संबध पुलिस चौकी नकहा के ग्राम चहमलपुर सिथित नीम करोली आश्रम के पुजारी दिग्विजय सिंह उर्फ सीताराम मततू का फोन सोनू के पिता रमाकांत गौड़ के पास आया और बताया कि प्रातः साढ़े सात बजे सोनू आश्रम पर आये थे बैग व अपने पहने हुए जूते छोड़कर चले गये हैं अभी तक वापस नहीं आये हैं। 10 सितंबर को सोनू के छोटे भाई आयुष व चाचा ने सोनू की खोज की।11 सितंबर को शोषल मीडिया के माध्यम से पता चला कि नीम करोली आश्रम के पीछे गन्ने के खेत में अज्ञात शव पड़ा है। मेरे बेटे व सोनू के चाचा ने सोनू के शव की शिनाख्त की थी। आश्रम के पुजारी सीताराम उर्फ मततू को रमाकांत का फोन नंबर कैसे पता चला,एक दिन पहले सीताराम से मिलने वाले सोनू का शव पहचानने से बाबा ने क्यों मना किया यहज्ञसब कुछ संदेह के घेरे में है। मां गायत्री देवी ने कहा कि जिस समय नीम

करोली आश्रम के बाबा ने फोन करके सोनू के बारे में जानकारी दी थी ठीक वही समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सोनू की हत्या का समय दर्शाया गया है। चर्चा है कि सोनू की हत्या से पूर्व आश्रम पर हत्यारों ने सोनू से आत्म हत्या करने का सुसाइड नोट भी लिखाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सोनू की हत्या की पुष्टि के बाद सुसाइड नोट कहां गया चर्चा का विषय बना हुआ है। सोनू के शव के पास कीट नाशक दवा की शीशी, रूमाल व सफेद पालीथीन किसने डाली, हत्यारों के पकड़े जाने के बाद ही खुलासा हो पायेगा।

खत्री वूमेन'एस फाउंडेशन' के द्वारा डांडिया का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी में "खत्री वूमेन्स फाउंडेशन" के द्वारा निर्धन कन्याओं की सहायता हेतु डांडिया प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरभि चोपड़ा के द्वारा किया गया। तत्पश्चात क्लब की अध्यक्षा प्रीति कपूर व सचिव शिखा धवन भी उपस्थित रही व क्लब की डायरेक्टर समता मेहरोत्रा और वाइस डायरेक्टर ज्योति पुरी के निर्देशन में प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया सर्वप्रथम समय पर पहुंचने वाली महिलाओं की लिए पंचुअलिटी निकाली गई तथा उन्हें इनाम स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। गणेश वंदना क्लब की सदस्याश्वेता धवन जी के द्वारा की गई तथा दीप प्रज्वलन प्लानर मेंबर्स के द्वारा किया गया जिसमें प्रीति कपूर, शिखा धवन एडिटर रूपाली महेंद्रा, कोषाध्यक्ष सपना मेहरोत्रा,उपाध्यक्ष साधिका कपूर

आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

तत्पश्चात रति शेखर के द्वारा बहुत ही दिलचस्प गेम खिलाए गए और विजेता महिलाओं को उपहार भी प्रदान किए गए प्रोग्राम की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर समता मेहरोत्रा जी के द्वारा ढोल वाले का भी आयोजन किया गया ढोलवाले ने प्रोग्राम में पहुंचकर प्रोग्राम का समां बांध दिया जिसमें महिलाओं ने बड़े ही जोश और उमंग के साथ भांगडा नृत्य किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया तत्पश्चात स्नैक्स और डिनर का भी आनंद उठाया गया ।टिकट काउंटर पर ज्योति भल्ला और पूर्णिमा मेहरोत्रा ने अपनी ड्यूटी निभाई तथा पूजा पूरी और नूपुर महेंद्रा ने भी टिकट काउंटर पर अपना भरपूर सहयोग दिया कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को करवा चौथ और दीपावली के त्योहार के उपलक्ष में मेहंदी ,बिंदी और दिए का गिफ्ट देकर उन्हें विदाई दी गई कार्यक्रम में एक ग्रुप डांस भी प्रस्तुत किया गया जिसकी प्रस्तुति अदिति कपूर अंजलि सहगल और पृशका बेरी ने की तथा क्लब की सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

लखीमपुर खीरी में दशहरा महोत्सव का शुभारंभ- डीएम ने किया ऐतिहासिक दशहरा मेले का शुभारम्भ

● डीएम बोली, सामाजिक एकता अखण्डता का प्रतीक है दशहरा

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव संग जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन एवं दीप जलाकर दशहरे मेला का शुभारंभ किया। इसके बाद रामायण संगोष्ठी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरु हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जनपद खीरी के मुख्यालय पर होने वाला दशहरा मेला यहां का ऐतिहासिक मेला है, जो पिछलें कई दशको से हो रहा है, जहां हर जाति धर्म के लोग मेले का आन्नद लेते है। सामाजिक एकता और अखण्डता का प्रतीक है ये दशहरा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ा ही पावन होता है। इन कार्यक्रमों के जरिये समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के उत्थान में सहायक होते है। समाज में एकता, समरसता और बंधुत्व को बढ़ावा देते है।

डीएम ने कहा कि मेले में आए हुए नगरवासियों का स्वागत और अभिनंदन है। एसडीएम, तहसीलदार, ईओ, अध्यक्ष ने समय से मेला शुरू कराने के लिए दिन-रात मेहनत की है। काफी दुकाने लग गई है। शेष आज शामतक लग जाएगी। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। परिवार और बच्चों के साथ आकर मेले का आनंद उठाएं। इस मेले से बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है। मेले की आयोजक नगर पालिका को इस मेले के आयोजन से आमदनी और लाभ हो, इसके लिए अध्यक्ष और ईओ कटिबद्ध है। आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी।

मेले की व्यवस्थाओ को बनाए चाक चौबन्द- डीएम

डीएम ने ईओं को मेले में चाकचौबन्द व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देशित किया। ऐसे समारोह, मेले एवं महोत्सवों में पुलिस विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी भरोसा है कि हमारे जनपद की पुलिस इस कसौटी पर खरी उतरेगी। मेलार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। डीएम ने मेले में निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं साफ सफाई समेत सभी व्यवथाएं चुस्त दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डा. इरा श्रीवास्तव ने डीएम के मेला आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का आयोजन हो सका है।

उद्घाटन के अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, ईओ संजय कुमार, मेला अधिकारी अमरदीप मौर्य, सहायक मेला अधिकारी मुरारी लाल, मेला अध्यक्ष मनोज राज, सहायक मेल अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पिंकी देवी समेत सभासदगण कोशल तिवारी, कुमदेश शंकर शुक्ला एवं नगर पालिका कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। ये दशहरा महोत्सव 15 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 29 अक्टूबर को अतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा।

मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत,चलाया गया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पुलिस अधीक्षक जनपद खीरी के आदेशानुसार जनपद में चलाये जा रहे महिला मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गोला गवेन्द्र गौतम के दिशा निर्देशन में कस्बा गोला के काशीराम आवास कालोनी की महिलाओं और बालिकाओं को थाना गोला पुलिस टीम के द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत जागरुक किया गया। महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ तथा स्कूल की छात्राओ के साथ गोला अपराध निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय,उप निरीक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्र,महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा, महिला उप निरीक्षक शर्वेश मौर्य, महिला कांस्टेबल प्रियंका, महिला कॉस्टेबल सुगम शर्मा की मौजूदगी में गोष्टी की गई। जिसके अन्तर्गत साईबर क्राईम के बारे मे जानकारी दी गई जैसे आन लाईन धोखाधडी, द फ्रेमिंग, आदि साईबार क्राईम के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया तथा साईबर हेल्प लाईन न0

1930 के बारे में बताया। बाल विवाह, बाल श्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओ आदि के बारे मे जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचलित कल्याणकारी योजनाए जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बालिकाओ की सुरक्षा सम्मान स्वालम्बन के विषय मे चर्चा की गई तथा बालिकाओ को गुड टच, बैड टच के बारे मे भी बताया गया तथा चाइल्ड हेल्प लाईन न0 1098 तथा महिला हेल्प लाईन न0 1090, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस न0 108, मुख्य मंत्री हेल्प लाईन न0 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओ तथा बच्चों की तस्करी से सम्बंधित कानूनों, फ्री सिलाई मशीन वितरण योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। गोष्ठी में मौजूद सभी महिलाओ तथा बालिकाओ को मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरित की गयी । साथ ही निरीक्षक अपराध रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामवासियो की गोष्ठी कर विभिन्न प्रकार के अपराधो में संलिप्त ना होने के सम्बन्ध में बताया गया था उत्तर प्रदेश शासन की अपराध व अपराधियो के विरुद्ध जीरो टालरेंस के निति के बारे में अवगत कराया गया।

पीलीभीत में तालाब में मिला दलित छात्रा का शवः 4 दिनों से थी लापता, हत्या-आत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत में कई दिनों से घर से लापता चल रही एक नाबालिग दलित छात्रा की डेड बॉडी तालाब में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी छात्रा की ही होने की शिनाख्त की है। घटना के बाद मृतक छात्रा के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

4 दिनों से थी लापता

जानकारी के मुताबिक सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाय भोज गांव के रहने वाले रामसिंह की 13 साल की पुत्री किरन 11 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी, घटना के बाद परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की थी, पुलिस ने तत्काल गुमशुदा होने का मामला पंजीकृत कर नाबालिग छात्रा की तलाश शुरू कर दी थी। छात्रा के परिजनों ने गांव के ही रहने वाले एक युवक और दूसरे गांव के रहने वाले एक अन्य युवक पर छात्रा को ले जाने का शक जाहिर किया था। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही थी। परिजनों ने छात्रा का मोबाइल भी पुलिस को दिया था, जिसमें कुछ युवकों से छात्रा की मामले में जांच कर रही थी। परिजनों ने छात्रा का मोबाइल भी पुलिस को दिया था, जिसमें कुछ युवकों से छात्रा की बातचीत होने की बात सामने आई थी

तालाब में मिला शव, परिजनों ने की शिनाख्त

सोमवार को गांव के बाहर स्थित तालाब में एक शव के देखे जाने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई, और स्थानीय लोगों की मदद से डेड बॉडी को बाहर निकाला मौके पर छात्रा के परिजनों को बुलाकर जब पहचान कराई गई तो परिजनों ने किरन के शव के रूप में की। घटना के बाद पुलिस में छात्रा की डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

हत्या या आत्महत्या की गुत्थी में

उलझी पुलिस

11 अक्टूबर से लापता चल रही छात्रा का सोमवार दिन शाम तालाब में शव मिला है। नाबालिग दलित छात्रा की डेड बॉडी तालाब में मिलने के मामले में पुलिस अब हत्या और आत्महत्या के एंगल पर जांच कर रही है, पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया की नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया था, पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को देर शाम डेड बॉडी मिली है, शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया हैं। मामले की जांच की जा रही है।

पीलीभीत समाजवादी पार्टी के के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष "माननीय श्री अखिलेश यादव जी" के निर्देशानुसार आज

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत दिनांक 15-10-2024 नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी पीलीभीत कार्यालय पर प्रसिद्ध लेखक, महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं कार्यक्रम का संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद अंसारी,अशोक शमशा एडवोकेट,सपा प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक,सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश

परिहार,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सपा महिला सभा 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष ठाकुर मीता सिंह, सपा जिला सचिव पवन यादव एडवोकेट, नरेश कुमार सागर, बरखेड़ा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, रामनाथ वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश यादव, डिम्पल गौड़, संदीप सक्सेना, प्रभात रमन, बाकें लाल, चंद्र कुमार, अनीता शर्मा, शरद जायसवाल, अर्जुन भारती, शेरा,जहीर, शराफत यार खां, जयपाल सिंह, रहीस खां, मुश्ताक अली, सदाकत अली खान, रजनीश यादव, आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे !

युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला ससुराल पक्ष केआधा दर्जन पर रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव नकटी नारायन पुर में आज सूरज पाल नाम के युवक का शब सड़क के किनारे पेड़ पर झूलता मिला इसे देखकर गांव में अफरा तफरी मच गई घटना की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई विलंब से पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ज्ञात रहे नकटी नारायणपुर के सूरजपाल पुत्र पप्पू लाल की शादी नवाबगंज के दयाशंकर उर्फ तुलाराम की पुत्री बबली से हुई थी दो बच्चे भी हैं काव्या व परेव सूरजपाल गांव में ही चाट का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था परंतु सूरजपाल का पत्नी के साथ विवाद रहता था जिसके कारणससुरालयों ने शनिवार को उसके घर आकर उसके साथ मारपीट करने के बाद वह अपनी पुत्री

बबली व उसके बच्चों को ले गए थे।

उन्होंने नवाबगंज पुलिस को दहेज उत्पीड़न की तहरीर दे दी गई इस पर वहां की पुलिस द्वारा सूरजपाल को थाने बुलाने के लिए दबाव बनाया गया परन्तु आज सुबह सूरजपाल का सब गांव के ही महेंद्र पाल के खेत के सामने सड़क पर खड़े कंझी के वृक्ष सुभय झूलता हुआ मिला इसको लेकर गांव में अफरा तफरी मच गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने क्यों लड़ियां पुलिस को घटना की सूचना दी परंतु आरोप है के पुलिस कई घंटे विलंब से पहुंची

पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना पर क्षेत्र अधिकारी हर्ष मोदी ने पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली मृतक के पिता पप्पू लाल की तहरीर पर पत्नी बबली पुत्री दयाशंकर सास विमला देवी पत्नी दयाशंकर साला शिवकुमार छोटेलाल पुत्र गया शंकर निवासी नवाबगंज साढू अरविंद कुमार निवासी भदपुरा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है समाचार लिखे जाने तक पुलिस किसी भी नाम ज्यादा आरोपी को पकड़ना सकी है।

पीलीभीत में मंदित आश्रय गृह को जनहित सेवा समिति ने लिया गोद, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत- जनपद पीलीभीत में स्थित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र को जनहित सेवा समिति ने गोद लेने का फैसला लिया है। यह आश्रय गृह कई वर्षों से कुलविंदर जी निवासी उदयकरनपुर की अध्यक्षता में संचालित हो रहा था, जिसमें समाज सेवी योगदान कर रहे थे। इसके बाद आश्रम के अध्यक्ष द्वारा आग्रह पर जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने सोमवार को आश्रम का दौरा किया और सारी व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद उन्होंने आश्रय गृह को गोद लेने का ऐलान किया और कहा कि समिति अब आश्रम की देखरेख करेगी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करेगी।

आश्रम के अध्यक्ष कुलविंदर जी ने जनहित सेवा समिति ने को सारी जानकारियां दीं और कहा कि यह फैसला बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनहित सेवा समिति का आभार व्यक्त किया। जनहित सेवा समिति की इस पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। लोगों ने कहा कि यह फैसला आश्रय गृह में रहने वाले बच्चों के जीवन में नई उम्मीद लाएगा।आश्रम में रहने वाले बच्चों ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि वे अपने भविष्य के लिए आशान्वित हैं। जनहित सेवा समिति के सदस्यों ने आश्रम में रहने वाले बच्चों से बातचीत की और उनकी जरूरतों को समझने का प्रयास किया। इस फैसले से आश्रय गृह में रहने वाले बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। जनहित सेवा समिति ने आश्रम के विकास के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। दौरे के दौरान आश्रय केंद्र पर आश्रय गृह केंद्र के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह के साथ जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष तिवारी के द्वारा संस्था के कई लोग मौजूद रहे और कई निर्णय लिए गए। जिसमें मुख्य रूप से जनहित सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष तिवारी जी, राजेश, सपा नेता तौफीक अहमद कादरी, संदीप ठाकुर, मोहम्मद अहमद फौजी, जगजीत सिंह प्रधान, हरिराम वर्मा, नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

अनाथ आश्रम पूरनपुर में अनाथ बच्चों को रखा जा रहा है, जहां पर सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी त्योहारों

पर समाजसेवीयो के द्वारा बच्चों के बीच पहुंचकर खाने की वस्तुएं प्रदान की। आश्रम को अन्य सामान प्रदान किया गया। बच्चों से मुलाकात कर हालचाल जाना गया। बच्चों में काफी उत्साह देखा जाता है।अनाथालय एक आवासीय संस्थान , कुल संस्थान या समूह घर है , जो अनाथों और बच्चों की देखभाल के लिए समर्पित है , जो विभिन्न कारणों से, अपने जैविक परिवारों द्वारा देखभाल नहीं की जा सकती हैं। माता-पिता मृत, अनुपस्थित या दुर्व्यवहार कर सकते हैं। जैविक घर में मादक द्रव्यों के सेवन या मानसिक बीमारी हो सकती है, या माता-पिता बस बच्चे की देखभाल करने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं। अब यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है।

अर्बन नोडल अधिकारी द्वारा घर घर जाकर ङ्कपरिवारों का कराया गया टीकाकरण

शाहजहांपुर/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम द्वारा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटिया टोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य कुमार गुप्ता, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर, फार्मासिस्ट अनुराग एवं अन्य स्टाफ उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के समय डॉ आदित्य कुमार गुप्ता द्वारा 106 मरीजों को देखा जा चुका था। केन्द्र पर नियमित रूप साफ़ सफ़ाई करनें तथा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को डिलीवरी प्वाइंट के रूप में शीघ्र - अतिशीघ्र संचालित किए जाने हेतु अर्बन नोडल अधिकारी तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किए गए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड के प्रगति के बारे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली गई, तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में तेज़ी लाने को निर्देशित किया गया। मोहल्ला बाडूजई प्रथम में VAB परिवारों के लिए आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तक 24 बच्चों को एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जा चुका था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा VAB परिवारों को टीकाकरण के महत्व बताकर उन्हें प्रेरित कर टीकाकरण कराया गया। अर्बन नोडल डॉ मनोज मिश्रा द्वारा घर घर जाकर VAB परिवारों को समझाकर उन्हें प्रेरित कर टीकाकरण कराया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

गांव में अजगर मिलने से मचा हड़कंप

इमलिया चट्टी, मीरजापुर। क्षेत्र अंतर्गत पतिहटा ग्राम सभा में अजगर मिलने से लोगो में दहशत स्थानीय लोगो ने वन विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन विभाग चुनार के रेंजर ने टीम बुलाकर अजगर को पकड़वाया तब जाकर गांव वाशियो ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पटीहटा ग्राम सभा में एक दिन पूर्व निवासी पंकज उपाध्याय जिला पंचायत सदस्य के घर के बाहर एक विशाल काय प्रजाति का सर्प दिखाई दिया जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग की टीम को दी जिसपर वन रेंज चुनार के अधिकारियों ने टीम बना कर आज गांव का भ्रमण किया जिसके साथ में गांव वालों ने भी अगल बगल की झाड़ियों में तलाश की तो एक अजगर दिखाई पड़ा जिसको वन विभाग की टीम ने गांव वालों की मदद से पकड़ कर एक बोरी में रखा और लेकर साथ चले गए । उपस्थित रहने वालो में वन क्षेत्राधिकारी आनंद शेखर उपाध्याय ,विनीत तिवारी ,अरुण तिवारी के साथ गांव वाशी मौजूद रहे ।

दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन धुमधाम व सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई सम्पन्न

चील्ह, मीरजापुर। विकास खण्ड कोन अंतर्गत श्री पट्टी गांव में सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार की शाम करीब 6:00 बजे किया गया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। बाबा सरकार दुर्गा पूजा समिति श्रीपट्टी की ओर से शारदीय नवरात्र के सातवें दिन स्थापित कि गई मां दुर्गा की प्रतिमा सोमवार की शाम को विधि विधान के साथ श्रीपट्टी के तालाब में किया गया विसर्जन। ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चना कर रविवार की शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसने ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने सोमवार की शाम को गांव का परिक्रमा करते हुए निर्धारित स्थान श्रीपट्टी के तालाब में माता के जयकारे के साथ विधि विधान से दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बाबा सरकार दुर्गा समिति के अध्यक्ष नितेश दुबे, नृपेन्द्र दुबे, विजय शक्ति दुबे, विनोद दुबे आदि सहयोगी गण उपस्थित थे।

मछली पकड़ने गए नाबालिग लड़कें के डूबने से हुई मौत

सीखड़, मीरजापुर । चुनार थाना अन्तर्गत अदलपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र के रूदौली गांव में मित्रों के साथ तालाब में मछली पकड़ने गए नाबालिग लड़कें के डूबने से मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से लाश निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार चुनार थाना अंतर्गत अदलपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र के रूदौली गांव निवासी शिवा 15वर्ष पुत्र रंजीत मंगलवार को अपने साथियों के साथ गांव के बगल में बने तालाब में मछली पकड़ने गए थे सभी पानी में कटीया डाल कर मछली पकड़ रहें थे। मछली पकड़ने में गांव का शिवा में सामिल था मछली पकड़ते समय शिवा का पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में चला गया । साथी उसके कुछ समझ पाते कि तब तक शिवा डूब गया। साथियों ने भाग कर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते शिवा डूब गया था जिसकी सूचना ग्रामीणों ने अदलपुरा पुलिस चौकी को दी चौकी प्रभारी राम प्रताप यादव ने तत्काल मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चुनार भेज दिया। वही लड़के के डूबने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम का हुआ शानदार आयोजन

● युवा उत्सव कार्यक्रम युवाओं को सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है- विधायक विपुल दुबे

युवा उत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उनकी क्षमताओं को विकसित करना है-सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात

भदोही – जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही में आयोजित कार्यक्रम का मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाध्यक्ष? बीजेपी दीपक मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा व कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन विजय बहादुर सिंह,वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुनीत मेहरा,व प्रधानाचार्य द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। जिलाध्यक्ष? बीजेपी दीपक मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यो से जोड़ना है ।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि युवा उत्सव एवं साइंस मेला मे विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हुई जैसे सांस्कृतिक प्रदर्शन, वैज्ञानिक प्रयोग, और लोक गीत प्रतियोगिताएँ। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उनकी क्षमताओं को विकसित करना है। प्रतियोगिता में लोकगीत एकल व सामूहिक,लोक नृत्य एकल व सामूहिक तथा चित्रकला, कहानी लेखन, कविता, भाषण प्रतियोगिता एवं थेमेटिक के

अंतर्गत साइंस मेला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वुडवर्ड पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने लोकगीत में प्रथम स्थान तथा सामूहिक में कजरी लोकगीत में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चित्रकला में कशिश मौर्य प्रथम भाषण प्रतियोगिता में वैभव वैभव पांडे प्रथम, कविता में इशिता गुप्ता प्रथम एवं साइंस मेला में देवराज सिंह का प्रोजेक्ट प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी अवयवों यथा लोकगीत, लोक नृत्य ,कविता ,कहानी लेखन ,चित्रकला एवं साइंस मेला में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों एवं प्रतिभागियों को तथा युवा वैज्ञानिकों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वुडवर्ड पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक के कर कमलो द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुनीत चौधरी,आशुतोष गौतम, विजय कुमार सिंह राजा रामपाल, श्याम बिहारी, रवीश कुमार, विजय भान एवं वरिष्ठ सहायक शशि प्रकाश तिवारी का योगदान सराहनीय रहा। अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी के द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों एवं कार्यक्रम को संपन्न कराने में योगदान दिए समस्त अधिकारियों,कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया गया।

मिशन शक्ति अभियान फेज- 5 के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

स्वतंत्र प्रभात

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक 15.10.2024 को प्रभारी निरीक्षक ऊंज रमाकांत यादव द्वारा एण्टीरोमियो टीम के साथ थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रघुरामपुर में जन चौपाल लगाकर महिलाओं और बच्चियों को एकत्रित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान हेतु उपाय और आश्वासन देते हुए पुलिस द्वारा जारी किए किए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 पुलिस सहायता नंबर 112 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नारी सुरक्षा नारी जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु महिलाओं और बच्चियों को जागरूक किया गया अधिक जानकारी के लिए शासन द्वारा निर्गत किए गए पेंपलेट को भी वितरित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा महिलाओं द्वारा बताई गई कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/ कस्बों/ स्कूलों/ कॉलेजों/ मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

प्रदेश की पहली मुफ्त वाई-फाई पालिका बनेगी मीरजापुर

●निपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने वाई-फाई ट्रायल रन का किया शुभारंभ

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन भी रही मौजूद

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया को साकार करने के लिए नगर में ट्रायल रन के लिए पद यात्रा कर मुफ्त वाई-फाई सुविधा का शुभारंभ किया है।पद यात्रा के दौरान विभिन्न चौराहे पर इस सुविधा के लिए,अधिवक्तागण,पालिका के सभासदों एवं स्थानीय लोगों ने नपाध्यक्ष को माल्यार्पण कर स्वागत किया।बता दे मीरजापुर नगर पालिका प्रदेश के पहली ऐसी निकाय बनेगी जहां पालिका द्वारा नगर की जनता को मुफ्त वाई-फाई सुविधा का लाभ मिलेगा।नगर के सिटी क्लब में नपाध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि अभी नगर के दो किलामीटर एरिया में मुफ्त वाई फाई की सुविधा का ट्रायल रन किया जा रहा है।जिसमें जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, संकटमोचन, वासलीगंज, पुलिस चौकी बरियाघाट, खजांची का चौराहा, गिरधर का चौराहा एवं घंटाघर तक लोग क्यूआर कोड स्कैन कर मुफ्त वाई-फाई से इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकेंगें।आगे चलकर नगर क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों को भी वाई-फाई से जोड़ा जाएगा।इन इलाकों में प्रतिदिन एक घंटे तक पांच जीबी फ्री इंटरनेट मिलेगा,पांच जीबी उपयोग के उपरांत यदि और डाटा की जरूरत पर उसे मात्र दस रुपए में सात जीबी इंटरनेट की सुविधा प्राप्त होगी।इस योजना से समाज के अंतिम व्यक्ति के लोगो,हॉस्पिटल के तिमारदारों,जिला न्यायालय आने वाले वादकारी,अधिवक्तागण के साथ छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए इंटरनेट की जरूरतों को पूरा करेगा।नगर पालिका ने बीते महीनों में पालिका के डिजलिटीकरण,घंटाघर की घड़ी, ट्राई लाइट,पार्को एवं तालाबों का सुंदरीकरण,मीरजापुर को स्वच्छ बनाने के लिए इंदौर की बेसिक्स टीम को भी लगाया है।कई ऐसे विकास कार्य कराए गए है जो पालिका को प्रदेश में अग्रसर कर रही है।इस मौके पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी महोदय का लक्ष्य है डिजिटल इंडिया अभियान,जहा सारे लेन-देन हो वो डिजिटल माध्यम से हो।जिससे स्ट्रीट वेंडर,सब्जी विक्रेता,पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं सहित आमजनों को मुफ्त वाई-फाई से एक घंटा मुफ्त में इंटरनेट मिल सकेगा।आने वाले समय में पालिका द्वारा इसे वर्किंग आवर्स के लिए बढ़ाया जाए,जिससे रेहड़ी पटरी के व्यापारी दुकानदारों,विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।आज के युग में इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन एक हिस्सा बन चुका

है,यदि एक घंटे के लिए मोबाइल से नेटवर्क बाधित हो जाता तो लोगो को लगता है वो दुनिया से कट गए है।इसलिए बैंकिंग से लेकर तमाम क्षेत्रों में इंटरनेट की भूमिका अहम हो जाती है।नेट लाइफ नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड से विमल गुप्ता ने बताया है कि यह उत्तर प्रदेश की पहली दो किलोमीटर की रोड वाई-फाई होगी।जिसमे एक साथ एक बार में दो हजार लोग कनेक्ट होंगे,पालिका के साथ अभी तीन साल का अनुबंध किया गया है।ट्रायल रन में लोगो को बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।इस मौके पर पालिका के सभासद,व्यापारी समाज के लोग,अन्य गणमान्य व्यक्ति,अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

उ.प्र.राज्य महिला आयोग की मा.सदस्य प्रतिभा कुशवाहा आज करेंगी जनसुनवाई व निरीक्षण

● महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु 16 अक्तूबर को राजकीय गेस्ट हाऊस ज्ञानपुर में सम्पर्क करे पीड़ित महिलाएं

स्वतंत्र प्रभात

भदोही – उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में मा.सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा जिलाधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,पुलिस अधीक्षक, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम माह अक्टूबर के तृतीय बुधवार दिनांक 16 अक्तूबर को पूर्वान्ह 11 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी एवं तत्पश्चात महिला बन्दी गृह, बालिका/महिला गृह का निरीक्षण किया जाना है। उल्लिखित कार्यक्रम आयोग के मा. पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया जाना है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं/बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 16 अक्टूबर को 11 बजे राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा. सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें। जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारीयों, महिला थानाध्यक्ष को जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहकर जनपद की महिला उत्पीड़न सम्बन्धित घटनाओं की विस्तृत आख्या (कृत कार्यवाही / अद्यतन स्थिति सहित) अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने के साथ ही महिला जनसुनवाई हेतु नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

श्री बाल दुर्गा पूजा समिति द्वारा किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

● बड़ी संख्या में मां के भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण।

स्वतंत्र प्रभात

चुनार, मीरजापुर। श्री बाल दुर्गा पूजा समिति चौक बाजार के सदस्यों द्वारा सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बचाऊ लाल सेठ,संदीप कुमार गुप्ता, पंकज सेठ,अमित गुप्ता,अमित सोनी, सुमित सोनी, पप्पू गुप्ता, श्रवण कुमार सेठ, सत्यम गुप्ता, राजेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, दीपक सेठ सहित बड़ी संख्या में समिति के लोग उपस्थित रहे।

भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ पन्द्रह दिवसीय मेले का हुआ समापन



स्वतंत्र प्रभात

सीखड़, मीरजापुर । प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय रामलीला के मंचन, मेला का समापन सोमवार देर रात भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हुआ। बताते चले कि समिति द्वारा आश्विन माह के पितृपक्ष त्रयोदशी तिथि को श्री राघवेंद्र सरकार व अन्य पात्रों के मुकुट पूजन के साथ शुरू होकर आश्विन मास द्वादशी को भगवान श्री रामचंद्र जी के राज्याभिषेक के साथ भव्य समापन किया गया। व्यास धैर्यनाथ मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने वानर राज सुग्रीव, अंगद, नल नील आदि बंदरों का अंगवस्त्र देकर विदाई किया। भगवान के बार-बार कहने के बाद भी हनुमान जी ने विदाई नहीं लिए , भगवान के शरण में रहने का आग्रह किया जिसे भगवान राम सरकार ने स्वीकार किया।इधर भगवान भुत भावन शिव शंकर का आना भगवान श्री राम की स्तुति कर चला जाना यह मरम काहू नहीं जाना, इस अवसर पर प्राचीन रामलीला समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय, प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, मंत्री गुड्डू, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, कृपा शंकर चौबे, महिमा दत्त दुबे,प्रत्यूष त्रिपाठी, रतन पांडेय, अखिलेश त्रिपाठी मुकेश त्रिपाठी, दीपू पांडेय, धर्मेंद्र पाठक, छुन्ना मिश्रा, जिलानी मास्टर, शिवम् व शुभम् पांडेय, पवन पांडेय, आशु मिश्रा , धनेश मिश्रा, गणेश,महेश, पांडेय पंकज शुक्ला, शर्मा पांडेय, रत्नेश त्रिपाठी, उमेश पांडेय, सभा शंकर मिश्र, आशिष पाठक, अंकित दुबे, मनोज सिंह, सर्वेश सिंह , मिंटू तिवारी, गवर्नर दुबे, रमाकांत शुक्ला, अशोक गुप्ता, आलोक शुक्ला, सहित सैकड़ों क्षेत्रीय राम भक्त मेला प्रेमी मौजूद रहे । कार्यक्रम के अन्त में प्राचीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सौरभ पांडेय द्वारा आय व्यय का विवरण दिया गया, प्रत्युष त्रिपाठी एवं बसंत मिश्रा गोली मिश्रा द्वारा स प्रेम भेंट के रुप में अंगवस्त्र दिया गया वहीं कृपा शंकर चतुर्वेदी, महिमा दत्त दुबे ने कमेटी से लेकर उपस्थित जन समुदाय को धन्यवाद ज्ञापन किया।

भारत में वस्त्र उद्योग के साल 2030 तक 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है- श्री गिरिराज सिंह

●श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कालीन भदोही की विरासत, तुर्की हमारे सामने कुछ नहीं

केंद्रीय मंत्री ने चार दिवसीय 47वें कार्पेट एक्सपो मार्ट का किया उद्घाटन

एक्सपो में 67 देशों के 500 सौ से ज्यादा आयातक प्रतिनिधि ले रहे हैं हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात

भारत में वस्त्र उद्योग के साल 2030 तक 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की आशा है और साथ ही रोजगार में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। यह बात केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने भदोही में 47वें कार्पेट एक्सपो मार्ट के उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है इस लक्ष्य को पाने में कारपेट उद्योग की भूमिका अहम होगी।

भदोही का कार्पेट सिटी में चार दिवसीय मेला वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के द्वारा आयोजित हो रहा है। मेले के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वस्त्र और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरिटा और उत्तर प्रदेश के उद्योग मंत्री राकेश सचान भी रहे उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गिरिराज सिंह ने कहा कि वर्तमान में वस्त्र उद्योग 170 मिलियन डॉलर का है जिसे 2030 तक 350 बिलियन डॉलर तक लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय में इस बढ़ोतरी से 20 लाख मिलियन टन यार्न की जरूरत होगी। इससे में नेचुरल विस्कोस और रीप्रोड्यूस यार्न की आने वाले दिन में मांग बढ़ेगी। कालीन निर्यातक संगठन को इस पर ध्यान रखकर अपनी कार्य योजना बनानी चाहिए। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि कालीन उद्योग को अपना व्यापार 16 हजार करोड़ से 50 हजार करोड़ तक ले जाने की योजना पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दरी और कारपेट चचेरे भाई हैं। लोगों को रोजगार देने वाले इस उद्योग के विकास पर हमारा हर स्तर पर सहयोग रहेगा। कालीन भदोही की विरासत है और तुर्की हमारे सामने कुछ भी नहीं है। हमें इसमें तकनीक का प्रयोग कर अपनी विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कहा आप डिजाइन में नया पैटर्न लाकर अपनी विरासत को बढ़ाएं। उत्पादों का खर्च कम करने के लिए भदोही में कच्चे उत्पादन के लिए वूलन मिल लगाना चाहिए और कच्चा मटेरियल बैंक की भी स्थापना होनी चाहिए। उन्होंने तकनीक पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र और

राज्य सरकार दोनों सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने घोषणा की कि 6 महीने के अंदर एक नया फाइबर पर काम हो रहा है जो जूट और बंबू से मिलकर तैयार होगा। वस्त्र उद्योग के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए उत्पादन को निर्माण स्थान पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां के उद्योग के लिए कच्चा माल गुजरात से बीकानेर और बीकानेर से भदोही आती है। इससे कीमत बढ़ जाती है और इसे कम करने का रास्ता है कि यहां पर कच्चा पदार्थ का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि सस्ते कारपेट की मांग दुनिया में बढ़ रही है इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। यहां आयोजित चार दिवसीय मेले में 67 देशों 500 सौ से ज्यादा आयातक प्रतिनिधि और 260 निर्यातक देश के विभिन्न हिस्सों से भाग ले रहे है।

संक्षिप्त ख़बरें

राम भरत मिलाप के साथ संपन्न हुई खीरी की रामलीला



कोरांव प्रयागराज। खीरी की प्राचीन रामलीला का समापन लंका पति रावण के वध,राम भरत मिलाप एवं मां काली के अद्भुत नृत्य तांडव के साथ संपन्न हुआ। दुर्गा पंडाल समिति ने खीरी बाजार को जगमग विद्युत लाइटों, झालर इत्यादि के माध्यम से सजाया गया था। जिसके कारण समूचे दशहरे मेले रौनक बनी रही। केदार नगर में बीते लगभग 20 दिनों से मिर्जापुर से आए मशहूर कलाकारों द्वारा संजीव रामलीला की है। भगवान राम और भाई भरत के मिलन का दृश्य दिखाया गया वैसे ही उपस्थित श्रोताओं श्रद्धालुओं एवं सदस्यों द्वारा भगवान के ऊपर पुष्प की वर्षा की गई और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के जयकारे का उद्घोष किया गया।

मानव के जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का सर्वोच्च स्थान

कोराव,प्रयागराज। भगवान भक्तों के भाव एवं प्रेम के भूखे हैं उक्त बातें संगीतमय सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज श्रद्धालुओं को बतलाई ।आगे कहा कि शबरी का भगवान के प्रति अथाह प्रेम और विश्वास था कि भगवान को शबरी के पास स्वयं आना पड़ा, केवट का प्रभु की प्रति प्रेम ही भगवान को केवट के पास ले आता है, माता देवकी और वासुदेव जी का भगवान के चरणों में अथाह विश्वास और प्रेम ही था कि भगवान विष्णु को कंस के कारागार में जन्म लेना पड़ा अतः आप सभी को ज्ञान ,भक्ति, आराधना दिखाने के लिए नहीं बल्कि कल्याण हेतु निष्ठा पूर्वक करनी चाहिए। कथा श्रवण के दौरान आयोजक मंडल परीक्षित स्वरूप मंगला प्रसाद त्रिपाठी एवं सरोज देवी थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिला पंचायत अध्यक्ष ने की शिष्टाचार मुलाकात

कौशाम्बी। जनपद के जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर ने 14/10/2024 सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उनसे जनपद के विकास के लिए सहयोग की अपेक्षा की जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जनपद में विकास के लिए सम्पूर्ण सहयोग देने का वादा किया है उनके साथ में जनपद फतेहपुर की नगर पंचायत किशनपुर के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार सोनकर व पूर्व ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार सोनकर तथा वीरेन्द्र सिंह भी मुलाकात में शामिल रहे।

एन्टी करप्शन पुलिस टीम ने कौशाम्बी में मारा छापा,अस्द्ध को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए किया अरेस्ट

कौशाम्बी। जनपद में एंन्टी करप्शन थाना खुलने से पूर्व ही टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है,एन्टी करप्शन टीम ने जनपद के प्रभारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर/ ञस्द्ध कमलेश पाण्डेय को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ अरेस्ट किया है,टीमकी कार्यवाई से जिले में हड़कप मचा हुआ है। एन्टी करप्शन टीम ने कौशाम्बी जिले में अपनी इन्ट्री कर दी है,टीम ने मंगलवार की सुबह ट्रैफिक पुलिस के एसआई/प्रभारी कमलेश पाण्डेय को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र से अरेस्ट किया है,एन्टी करप्शन की टीम जांच में जुटी हुई है,हालांकि अभी इसकी कोई भी सक्षम अधिकारी पुष्टि नहीं कर सका है।

धूम धाम से संपन्न हुआ नैनी का दशहरा मेला

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। नैनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से भव्य दशहरा मेला का आयोजन किया गया। बेहतरीन तरीके से सजे विभिन्न चौकीया बनी आकर्षण का केन्द्र। सार्वजनिक रामलीला समिति के अध्यक्ष राकेश जायसवाल के तरफ से धूमधाम से भव्य रामदल निकाला गया। सार्वजनिक रामलीला समिति के तत्वावधान में रावण का वध,पुतला दहन किया गया। इस दौरान राम और रावण के बीच हुए रोमांचक युद्ध के मंचन ने वहाँ उपस्थित भीड़ को उत्साहित कर दिया। जैसे ही प्रभु श्रीराम के धनुष से निकला तीर रावण के पुतले पर लगा, पुतला धू-धू कर जल उठा। चारों ओर "जय श्रीराम" के नारों से माहौल गूंज उठा। प्रयागराज-मिरजापुर मुख्य मार्ग पर लगने वाले इस ऐतिहासिक मेला स्थल पर बड़ी संख्या में नैनी कोतवाली पुलिस फोर्स, की तैनाती की गई थी। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिससे मेला शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह एनाउंसर इकरामुलला जी के नेतृत्व में कैम्प लगाकर माइक से लोगों को अराजक तत्वों से सावधान कर जागरूक किया गया। एसपीओ टीम ने गुम हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाया। तथा अराजक तत्वों, चोर उचक्कौ को कड़े शब्दों में चेताया कि मेला में किसी भी तरह की माहोल खराब करने की कोशिश किया तो उसके साथ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने महाकुम्भ के विभिन्न निर्माण कार्यो का लिया जायजा

● - एयरपोर्ट से संगम मार्ग व सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के कार्य को 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को महाकुम्भ के दृष्टिगत जनपद में हो रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही एयरपोर्ट से संगम को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के स्टार्ट पॉइंट और एंड पॉइंट का निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने वहां पर कार्यरत मैनपावर, मशीनरी, मटेरियल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए पर्ट चार्ट के अनुसार कार्य की भौतिक प्रगति का जायजा लिया। कार्यो को सयमबद्ध रूप से निर्धारित समय तक पूर्ण करा लिए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद आईआईआईटी चौराहें से कालिंदीपुरम के बजरंग चौराहे तक की सड़क पर हो रहे सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य को 30 नवम्बर तक पूर्ण कराये जाने साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। उन्होंने सड़क के किनारे थ्री लेयर में एवरग्रीन व फ्लावरिंग प्लांट लगाने और रोड के किनारे दीवार पर पेंट माय सिटी के तहत थीमेटिक पेंटिंग करने एवं बजरंग चौराहे के पास फशाड लाइट लगाने के निर्देश दिए हैं। एयरपोर्ट के पास सड़क के किनारे लगे हुए बिजली के दो खंभों को 100 मीटर दूर शिफ्ट करने के लिए कहा है। उन्होंने पीडब्लूडी एवं पीडीए द्वारा कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को कराये जा रहे कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने थर्ड पार्टी से कार्यो की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से कराते रहने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोज अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पी के राय, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, आर्किटेक्ट सूरज केसरवानी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कैंब्रिज विद्यालय में पीपीजीसीएल द्वारा आयोजित हुआ ऊर्जा मेला 'कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

शंकरगढ़ (प्रयागराज)- नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में पीपीजीसीएल बारा प्रयागराज द्वारा ऊर्जा मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ऊर्जा के संरक्षण पर कई कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।क्विज प्रतियोगिता में अमित तिवारी को प्रथम, आर्यन मिश्रा को द्वितीय तथा अंश शुक्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ड्राइंग प्रतियोगिता में रागिनी सिंह को प्रथम, अंश नामदेव को द्वितीय तथा आदित्य राज को तृतीय स्थान हासिल हुआ। इसी प्रकार साइंस मॉडल प्रतियोगिता में सृष्टि सिंह को प्रथम, दिव्यांशी सिंह को द्वितीय तथा शुभि सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पीपीजीसीएल कम्पनी के अधिकारिगण एवं विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय ने ऊर्जा के संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक किया। इसी क्रम में पीपीजीसीएल के अधिकारिगण द्वारा बच्चों को प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार वितरित किया गया। मॉडल प्रतियोगिता में रश्मि सिंह एवं साक्षी सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने बच्चों की सहभागिता पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में पीपीजीसीएल के अधिकारिगण तथा विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, पंकज मिश्रा, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, सुधीर नारंग, राजेश गोस्वामी, अखिलेश पांडे, दीपक केशरवानी, इमरान अहमद, अनुभव पांडेय, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता,रेखा सिंह,मीरा श्रीवास्तव, रीना गोस्वामी, मधु,दीपा, सोमवती, उषा, प्रीती, वन्दना, स्मिता,निहारिका आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद, लगाया जनता दरबार, दिये निर्देश

● - जनता की शिकायतों के निस्तारण में कोई हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं... एसपी बृजेश श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिदिन की तरह 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को लोगों की समस्याओं को सुनने व उनके निस्तारण के लिए जनता दरबार लगाया गया जिसमें एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव लगातार जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओ का निस्तारण कर रहे हैं। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का जनता दरबार लगभग रोजाना लगता है। आमजन का कहना है कि एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के जनसुनवाई कार्यक्रम से हम फरियादियों की सुनवाई करते हैं और सभी को लाभ मिल रहा है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं बताई। पुलिस अधीक्षक ने समस्त फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना।इस दौरान जन सामान्य की शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को एसपी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये और कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कोई भी हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जिलाधिकारी ने फसल अवशेष प्रबन्धन प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। फसल अवशेष प्रबन्धन यथा-पराली/ पुवाल/ पैरा/ठूॅठ एवं केले का तना इत्यादि फसल अपशिष्ट जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे धुयें द्वारा वातावरण में पहले से विद्यमान विभिन्न गैसों के साथ कोलाइड बनाने से वायु अत्यन्त ही प्रदूषित व जहरीली हो जाती है। उक्त के सम्बन्ध में आप अवगत हों कि मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली ओ0ए0 संख्या-666/2018 (पूर्व ओ0ए0 नं0-451/2018) श्रीमती गंगा लालवाणी बनाम यूनियम ऑफ इण्डिया एवं अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनॉक-15.10.2019 में आदेश दिया गया कि फसलों की कटाई के उपरान्त बचे हुये भूसे को जलाया जाना प्रतिषिद्ध करते हुये अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कृषि अपशिष्टों को जलाये जाने की घटनाओं को रोकने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण करने एवं पराली/कृषि अपशिष्ट को जलने से रोकने हेतु प्रचार-प्रसार वाहन- फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने तथा इसके न जलाने से भूमि में होने वाले लाभों से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील/विकासखण्डों में प्रचार वाहन द्वारा लोगों को जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डा0सन्तराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार कुश्वाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन विकास का आधार - डॉ. डी.बी. सिंह

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में आज दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को कृषि विज्ञान परिसर में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मीनाक्षी सक्सेना ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि डॉ. डीबी सिंह पूर्व प्रोफेसर, सुआठस नेनी एवं कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक कौशाम्बी सत्येन्द्र कुमार तिवारी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। केन्द्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने सम्बोधन में देश की महिलाओं और लड़कियों की भूमिका और महत्व को कृषि के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ स्वालम्बन की भागीदारी की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थी डॉ. डी बी सिंह ने महिलाओं को कृषि क्षेत्र में जोड़कर वित्तीय एवं सामाजिक पहलुओं पर जागरुक करते हुए स्वत~ के स्वालम्बन कार्यक्रम से जोड़कर कार्य करने पर जोर दिया जिसमें घरेलू उत्पाद द्वारा आमदनी लघु कुटीर उद्योग, मसाला उद्योग, सिलाई कढ़ाई से सशक्तिकरण की बात कही और अपने अनुभवों को साझा किया। इसी क्रम में जनपद के उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा संचालित कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और शिक्षित महिलाओं की बी.सी. सखी, ड्रोन दीदी व कृषि विभाग द्वारा संचालित समूह बनाकर व कृषि प्रशिक्षण लेकर महिला किसान समुदाय को लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में केन्द्र के द्वारा दो महिलाओं का चयन उनके साल भर के गतिविधियों एवं उपलब्धिया पर आकलन करते हुए पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें सीता निगम, रतिगहा एवं शिवांगी गिरिया खालसा को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के अन्त में सभी अतिथियों एवं महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए केन्द्र की महिला वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सक्सेना ने शिक्षा जागरूकता एवं व्यवहारिक जीवन शैली को एक साथ निभाते हुए परिवार वह आए सृजित कार्य करते हुए अपने साथ परिवार के विकास की बात कही। कार्यक्रम में 95 महिलाओं की सहयोगिता रही। केन्द्र की ओर से मनोज, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. नवीन, डॉ अमित, सुनील, प्रदीप व विनायधर शुक्ला ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

गांव गांव हुई सकिपा की ग्राम मासिक बैठक

● - पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम देश के असाधारण व्यक्ति थे....मनोज सोनी

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में दिनांक 15 अक्टूबर मंगलवार को जिले के कई गांवों में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयन्ती मनाई गई। मंगलवार 15 अक्टूबर को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के तमाम गांवो जैसे उदहिन बुजुर्ग, घाटमपुर, गम्भीरा पूर्व, देवखरपुर, सरसवा, अंधावा, मनौरी, महुआखाडा, शमसाबाद, टिकरी आदि गांवो में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर मनौरी में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की कार्यकर्ताओ ने जयन्ती मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया और डॉक्टर कलाम अमर रहें अमर रहें के नारे लगाए गए। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम असाधारण व्यक्ति थे। उनका सारा जीवन देश के कल्याण के लिए समर्पित था। उन्होंने देश के विकास में बहुत योगदान दिया। इस अवसर पर मनोज सोनी, सुरजीत वर्मा, भैरव प्रसाद, प्रवीण यादव, हिमांशु वर्मा, ज्ञान सिंह, सलोनी यादव, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण के लिए किया रवाना

● - सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ;आत्माद्ध योजनान्तर्गत 100 कृषकों के दलों को पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर क्षेत्र में भ्रमण सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ;(आत्मा) योजनान्तर्गत 100 कृषकों का दल पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सैम हिंग्गिनबाटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी एण्ड साइन्सेस शुआट्स नैनी प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। यह दल पाँच दिवसों तक विभिन्न फसलों की उच्च उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के साथ ही पशु.पालन एवं दुग्ध उत्पादन की भी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं प्राकृतिक खेती का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त करेंगे और जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस.पास के अन्य कृषकों में भी नयी तकनीकी का प्रचार.प्रसार करेंगे।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा की गई बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स की समीक्षा

● - खण्ड शिक्षा अधिकारी निपुण विद्यालय बनाना सुनिश्चित करें - डीएम

सभी स्कूल सम्बन्धी निर्माण कार्य समय से हों पूरे, किया जाये हैंडओवर

कायाकल्प के तहत हो सभी 19 बिन्दुओं पर हो कार्य

पुस्तकें कार्यालय में डंप मिली तो होगी कड़ी कार्यवाही - डीएम

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। - मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, मिड डे मील, विद्यालयों में विद्युतीकरण, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत विद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत चाहर दिवारी, शौचालय, पेयजल आदि 19 बिंदुओं पर विद्यालयों का कायाकल्प सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पुस्तकों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय तक शत प्रतिशत पुस्तक पहुंचाई जाए यदि किसी स्तर पर लापरवाही प्रदर्शित होंगी तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही जरूर की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की विद्यालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और संबंधित को हैंडओवर किया जाए। निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। जल्द से जल्द समय के अंदर ही निर्माण कर पूरा कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, एडी बेसिक शिक्षा विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, समस्त डीसी बेसिक शिक्षा विभाग सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति फेज-05 'अभियान

● -महिलाओं/बालिकाओं एवं छात्राओं से वार्ता कर पंफलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवो/कस्बो, स्कूलों/कॉलेजों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन-शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पम्पलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

भाजपा कार्यालय में हुई बैठक, मनोज यादव को कार्यकर्ताओं ने जिताने का लिया संकल्प

चौपारण- बीते मंगलवार को भाजपा की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मनोज यादव को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र चंद्रवंशी व संचालन महामंत्री आशीष सिंह ने किया। बैठक में प्रभात सिंह, रितेश सिंह, बलराम दांगी, अरविंद सिन्हा, योगेश सिंह, रामजतन सिंह, सुमन सिंह, अशोक सिंह, महबूब आलम, इजराइल अंसारी, रामचन्द्र सिंह, फूल कुमारी देवी, यशोमति देवी, किरण देवी, मिना देवी, सन्तु भुइयां, उर्मिला देवी, सारो देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

विधान सभा आम चुनाव-2024 के तिथि की घोषणा किसी भी समय संभावित

साहेबगंज, झारखंड- उपायुक्त- सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम चुनाव- 2024 के तिथि की घोषणा से पूर्व की तैयारी एवं आदर्श आचार संहिता के प्रभाव की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, एवं जिला के वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

पाकुड़िया प्रखण्ड में पूरे उत्साह व उल्लास के साथ दुर्गा पूजा हुई सम्पन्न

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- आदि माता शक्ति स्वरुपिणी महिषासुरमर्दिनी माँ दुर्गा की आराधना पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी भक्ति-भाव से की गई। शारदीय नवरात्र की मंगलमयी बेला में आयोजित माता की उपासना के पावन शुभावसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।इस अवसर पर मेला का भी आयोजन हुआ। पाकुड़िया में माँ की प्रतिमा का विसर्जन पूरी श्रद्धा-भक्ति से मेला प्रांगण के बाद नगर परिक्रमा कराते हुए अश्रुपूरित नयनों से माँ को जल में विसर्जित किया गया। वहीं प्रखण्ड के कुल 19 में से 18 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 14 अक्टूबर तक नम आंखें से किया गया। वहीं दुसरी ओर अश्विन महीने की शुभ तिथि शरद पूर्णिमा को आज धन-समृद्धि की महादेवी माँ लक्ष्मी पूजा की तैयारी पाकुड़िया पूजा समिति तत्परता कर करने में जुटी है। पूजन के निमित्त माँ लक्ष्मी जी की भव्यतापूर्ण स्वरूप मूर्तिकार ने कृतज्ञता पूर्ण प्रदान कर दिया है। माता जी की उपासना भक्ति-भाव से आज शुभ में की जायेगी। लक्ष्मी पूजा को लेकर लोगों में काफी उल्लास दिख रहा है।

मेहरमा थानाक्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, तीन घायल

मेहरमा- मेहरमा थाना क्षेत्र के भलुआ गाँव में दो पक्षों के बीच हुई विवाद में जमकर मार पीट हुई जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गया।बताया जाता है कि खेत में बकरी चले जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया।विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के गुजन यादव ने पिस्टल निकाल कर हवाई फायरिंग कर दी।इधर द्वितीय पक्ष के लोगों ने अपने बचाव में लाठी डंडा निकाल कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया।जिसमें अरूण कुमार यादव उम्र 45 वर्ष, राकेश कुमार यादव उम्र 24, शंभू यादव उम्र 62 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय बुद्धिजीवि ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मेहरमा थाना प्रभारी नीतीश अश्विनी को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही मेहरमा पुलिस घटना स्थल पहुंच कर गंभीर लोगों का इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेहरमा लाया गया जहां डाक्टर के द्वारा घायल का इलाज किया गया।वही एक पक्ष के शंभू यादव द्वितीय पक्ष के राकेश यादव को पुलिस अपने हिरासत मे लेकर मामले की जांच मे जुट गई है।जबकि अवैध पिस्टल से फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी गुजन यादव फरार है।इधर मेहरमा थाना के एस आई विधान चंद पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार कर मामले की जांच को जा रही है।वही दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज किया जायेगा।

झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा, 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान

● -राज्य में आज से आदर्श आचार संहिता लागू, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे

स्वतंत्र प्रभात

रांची- झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। निर्वाचन आयोग ने आज दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। राज्य की 81 सीटों पर दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा, जिसमें 43 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जबकि दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा, जिसमें 38 सीटों पर मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में से 44 सीटें सामान्य वर्ग के लिए, 28 अनुसूचित जाति और 9 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। राज्य में कुल

2.6 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.9 करोड़ महिलाएं और 1.39 करोड़ पुरुष मतदाता शामिल हैं। चुनाव के सफल संचालन के लिए राज्यभर में 29,562 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 5,042 शहरी इलाकों में जबकि 24,520 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 881 मतदाता वोट डालेंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। राज्य सरकार का मौजूदा कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है, इसलिए चुनाव समय से पहले कराए जा रहे हैं। पहला चरण के तहत कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर को 13 नवंबर को वोटिंग होगी। वही दूसरे चरण के तहत राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पोड़ैयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी मे 20 नवंबर को वोटिंग की जाएगी। वोटों की मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

● - भोजन का अधिकार, बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए अहम - डॉ सुधांशु

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस एवं विश्व खाद्य दिवस के मौके पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ के वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय वर्षाश्रित उपरी भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग के वैज्ञानिक डॉ विभास चंद्र वर्मा, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधांशु शेखर ने कहा कि भोजन का अधिकार एक बुनियादी मानव अधिकार है। यह बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए अहम है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बीते एक दशक से भी अधिक समय से भूख के खिलाफ लड़ाई में प्रगति आई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित लोगों के अनुपात घटे हैं। इस दौरान डॉ शेखर ने सरकारी योजनाओं की जानकारी भी मौजूद लोगों से साझा की। विशिष्ट अतिथि डॉ विभास चंद्र वर्मा ने भी भारत में कृषि की स्थिति, उसकी अहमियत और उन्नत तकनीक से कृषि कार्य के लाभ से लोगों को अवगत कराया। साथ ही जलसंरक्षण को भी अहम बताया और कहा कि जलसंरक्षण को लेकर भी बड़े पैमाने पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने आधी आबादी की अहमियत बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को बड़ी तादाद में कृषि संबंधित प्रशिक्षणों से जोड़े जाएं और कृषि संबंधित जानकारियां प्रदान की जाए, ताकि कृषि कार्यों को और बढ़ावा मिल सके। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि हालांकि संतुलित आहार हर नागरिक को मिले, यह बेहद जरूरी है लेकिन वर्तमान समय में यह एक चुनौती बन गई है, जिसे जागरूकता के जरिए सकारात्मक दिशा में सफर पूरा कर मंजिल हासिल किया जा सकता है। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा और कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने भी खाद्य संबंधित महत्वपूर्ण पक्षों से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में 150 से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी कार्यों में सहयोग प्रभात किरण, मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व प्रतिभा हेंब्रम तथा धन्यवाद ज्ञापन कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुलसचिव अमित कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, कैलाश प्रसाद, कपिल, मुकेश, अजय, सोनू, प्रकाश कुमार, सौरभ सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पाकुड़ विधानसभा कार्यकर्ता स्तरीय सम्मेलन में जोश और उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़/झारखंड- प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित मिल्लत हाई स्कूल मैदान में पूर्व विधायक अकिल अख्तर के पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक अकील अख्तर का भव्य अभिनंदन किया गया, जिनके नेतृत्व और समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण में काफी जानताओं की भीड़ देखी गई ! सभी कार्यकर्ताओं के बुलंद आवाज अखिल अख्तर जिंदाबाद बीच से आई आवाजों से समझ पूरे से पता चलता है कि अखिल अख्तर जानताओं के लिए जनहित में बहुत सारे कार्य किए हैं।उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है । अखिल ने बताया किउनका समर्पण और ईमानदारी, जनता के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति पूरे पाकुड़ विधानसभा के अंतर्गत आयोजित कार्यकर्ता स्तरीय सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता अफीक

अमसल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और प्रतिबद्धता का परिचय के साथ बधाई दिया , जो आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित कर ने , एवं सम्मेलन में आए सभी कार्यकर्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। अकील अख्तर ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा, ÷आपकी मेहनत और समर्पण ही हमारे संगठन की असली ताकत का प्रतीक है ,हम सही दिशा में आगे बढ़ कर पूरे पाकुड़ विधानसभा में परिवर्तन ला सकेंगे।÷तपती धूप में भी कार्यक्रम स्थल में उत्साह का माहौल बना रहा। उक्त कार्यक्रम में युवा नेता मो. मोसब्बर, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, मो. साबेयान, मुजीबुर रहमान, अब्दुल मालिक, अशोक घोष, सरफराज अहमद, राजीव रंजन, रमजान अली, इकबाल अंसारी, अब्दुर रशीद, अफजल मुखिया, कमरुज्जमान, कमरुद्दीन, अब्दुल हाजी, मौलाना अंजारुल, मौलाना खैरुल, राहुल मुखिया, मौलाना करामुल्लाह, मंजूर आलम, लखी कुमारी सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

बोरियो विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम दे सकती है महिला प्रत्याशी

● - बोरियो विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम सीट से शीला सोरेन ने दावेदारी पेश की

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज, झारखंड- झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव अब सामने आ चुका है जिसको लेकर झारखंड के सभी विधानसभा सीटों से सभी पार्टी द्वारा अपने अपने प्रत्याशी के टिकट को लेकर चारों ओर चर्चा है।वहीं बोरियो विधानसभा सीट से जेएमएम केंद्रीय समिति सह पूर्व जिला परिषद सदस्य मंडरो शीला सोरेन ने मंगलवार को जेएमएम केंद्रीय कार्यालय रांची पहुंचकर विधिवत रूप से केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे के समक्ष पार्टी प्रत्याशी के लिए दावेदारी पेश की।जो वाकई बोरियो विधानसभा क्षेत्र में सबसे प्रबल दावेदार उम्मीदवार मानी जा रही है।जिनका बोरियो विधानसभा क्षेत्र में पूरा

तहलका मचा हुआ है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोरियो विधानसभा में अब तक जेएमएम पार्टी के द्वारा किसी भी महिला प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया गया है।लेकिन इस बार हेमंत सोरेन की धमाकेदार योजना मैया सम्मान योजना को देखते हुए ऐसा लगता है कि हेमंत सरकार महिलाओं को विशेष रूप से ध्यान दे रही है।कहीं ना कहीं हो सकता है कि महिला के सम्मान को लेकर इस बार शीला सोरेन को बोरियो विधानसभा सीट से जेएमएम टिकट दे।अगर ऐसा होता है तो क्षेत्र के लिए यह एक इतिहास होगा।की हेमंत सरकार महिलाओं के लिए सिर्फ महिला सम्मान योजना ही नहीं बल्कि महिलाओं को हर जगह हर परिस्थिति में उनका सम्मान करती है।वहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र में भी एक चर्चा बना हुआ है कि अगर इस बार बोरियो विधानसभा सीट से महिला उमीदवार को टिकट मिलती है। तो यह सोने का सुहागा हो जाएगा।महिलाएं और अधिक उत्साहित होकर वोट करेंगे।और अधिक से अधिक वोट देकर महिला प्रत्याशी को जिताने का कार्य करेंगे।

बरही के नव पदस्थापित बीडीओ एवं सीओ का बुके देकर किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

बरही- बरही के नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो एवं सीओ अमित किस्कू का प्रखंड अध्यक्ष एसएसी विभाग कार्तिक पासवान ने बुके देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें रवि कुमार सिंह, मनोज रविदास, अजय आनंद, पंकज पासवान और मिथिलेश कुमार शामिल थे। कार्तिक पासवान ने नव पदस्थापित पदाधिकारियों से प्रखंड के सुदूर इलाकों में सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लाभ पहुंचाने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए यह आवश्यक है कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही दिशा में और

समय पर हो, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

यूथ चैरिटी के जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी लुत्फल हक, निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़, झारखंड- पाकुड़ सदर प्रखंड के मनीरामपुर उत्तर टोला में सोमवार को यूथ चैरिटी संस्था की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ के मशहूर समाजसेवी लुत्फल हक शामिल हुए। लोगों में समाज सेवा के कार्यों के प्रति जागरूक करना और गरीबों तथा असहाय जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। बता दें कि यूथ चैरिटी संस्था पिछले करीब दो महीने से सक्रिय है और गरीबों जरूरतमंदों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाने का काम रही है। मरीजों को रक्तदान कर इलाज में भी मदद पहुंचा रही है। यूथ चैरिटी ने लोगों को सेवा देकर कम समय में ही अपनी पहचान बनाने में कामयाबी हासिल की है। आयोजित कार्यक्रम में यूथ चैरिटी के संस्थापक अकीमुद्दीन शेख ने मुख्य अतिथि समाजसेवी लुत्फल हक का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। वहीं लुत्फुल हक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मजिबुर रहमान, मो. रिजाउल शेख, साफिकुल शेख, जौहर शेख सहित यूथ चैरिटी के सदस्यों ने भी समाजसेवी लुत्फल हक को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं मंच का संचालन यूथ चैरिटी के वाकर आजम ने किया। आयोजित कार्यक्रम में लुत्फल हक के समाजसेवा के कार्यों की

सराहना की गई। उनके द्वारा गरीब जरूरतमंदों को किए जा रहे मदद का जिक्र करते हुए प्रशंसा की गई। उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए देश विदेशों में लुत्फल हक को मिलें सम्मान का भी जिक्र किया। आयोजित कार्यक्रम में यूथ चैरिटी के उद्देश्यों को रखा गया। मंच संचालन कर रहे वाकर आजम ने बताया कि जरूरतमंदों को मदद करने के उद्देश्य से ही यूथ चैरिटी का गठन किया गया है। पिछले करीब दो महीने से समाजसेवा में उतरी यह संस्था गरीब जरूरतमंदों को आर्थिक रूप से मदद कर रही है। यूथ चैरिटी मरीजों को रक्तदान के रूप में भी मदद करती है। इन्हीं उद्देश्यों को साथ लेकर चलने की मंशा से बनी यूथ चैरिटी से युवाओं का जुड़ना लगातार जारी है। अगर इसी तरह युवाओं का जुड़ना जारी रहा तो यह संस्था अधिक से अधिक लोगों को मदद पहुंचा सकती है। यूथ चैरिटी के संस्थापक अकीमुद्दीन शेख ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस नेक काम में हमारा साथ दें। आपका साथ हमें ज्यादा ताकत देगी और हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को मदद कर सकेंगे। अकीमुद्दीन शेख ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ और सिर्फ गरीबों को मदद करना है। मरीजों को रक्तदान के जरिए उनका सेवा करना है। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लुत्फल हक ने कहा कि आपको हमसे जो भी उम्मीदें हैं, हम उसे पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। लुत्फल हक ने मंच से मरीजों की सुविधा के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा मुहैया कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आप सबों के बीच एंबुलेंस उपलब्ध होगा। पाकुड़ प्रखंड के सभी पंचायतों और गांवों में यह एंबुलेंस सेवा मुहैया कराया जाएगा। किसी एक जगह पर मिडल प्वाइंट में एंबुलेंस दिया जाएगा। एंबुलेंस सेवा के लिए मोबाइल नंबर जारी किया जाएगा। पाकुड़ प्रखंड के किसी भी पंचायत या गांव से जरूरत पड़ने पर मोबाइल नंबर पर संपर्क करेंगे। लुत्फल हक के इस घोषणा से ग्रामीणों ने खुशी जताई। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

पाकुड़िया बाजार में पक्की नालियों की पूर्ण सफाई नहीं किये जाने से सड़कों पर बह रहा है गंदगी भरा पानी

● -काली-शिव मंदिर ध्वस्त रोड पर पुलिया निर्माण नहीं की जाने से रोड पर बह रहा है नाली का गंदा पानी

गंदा पानी रोड पर प्रतिदिन बहने से श्रद्धालुओं को मंदिर जाने-आने में हो रही है भारी कठिनाई

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड- चमचमाती व सुन्दर सड़कें प्रगति का निर्मल वह प्रतिबिम्ब है जिससे ग्राम्य विकास की गति का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया की मुख्यत कई

सड़कें विगत कई वर्षों से जीर्ण हो चुकी हैं परन्तु अब तक उन ध्वस्त पंथों का पुनर्निर्माण नहीं किये जाने से लोगों में रोष बढ़ता दिख रहा है। इस क्रम में पाकुड़िया चौक पीडब्ल्यूडी पथ से हाट टोला स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक रोड होकर स्वर्गीय रामेश्वर मास्टर के मकान तक की जीर्ण पीसीसी सड़क 26 सालों के बाद भी अब तक निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलने से आमजनों के आवागमन में विशेष कर वर्षा के दिनों में भारी कठिनाइयाँ होती रही है। बताया जाता है कि उक्त बैंक पीसीसी पथ का निर्माण तत्कालीन बीडीओ अंजनी कुमार ने लोगों की असुविधाओं को देखते हुए जिला से स्वीकृति कराया पर उक्त ध्वस्त सड़क 26 वर्षों के बाद भी निर्माण नहीं किया जा सका है। वहीं काली मंदिर सड़क भी जीर्ण हो चुकी है। बैंक आने-जाने वाले लोगों ने भी बताया कि रोड खराब रहने से लोगों को दिक्कतें होती हैं।

लाल पहाड़ी के मांझी टोला गांव में भाजपा नेता बाबधान मुर्मू का जनसंपर्क अभियान, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान का वादा

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़ - लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड के तालपहाड़ी स्थित मांझी टोला गांव में भाजपा नेता और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबधान मुर्मू ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गांव में न तो इंदिरा आवास योजना के तहत किसी को घर मिला है, न ही सड़कों का निर्माण हुआ है, और पीने के पानी की भी भारी कमी है। बाबधान मुर्मू ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में आने वाली

बाधाओं को दूर करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, जिससे गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज साहा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय कुमार और कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भी ग्रामीणों से मुलाकात की और बैठक आयोजित की। बैठक में ग्राम प्रधान देव मुर्मू, दासु टुडू, अमीन मुर्मू और सभी ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

रजिस्ट्री के बाद मकान खाली कराने को विवाद -मारपीट मे आठ घायल

● -पेट फटने से महिला वाराणसी के ट्रामा सेंटर मे रेफर

रजिस्ट्री के बाद कब्जा के लिए पुलिस अधीक्षक से लगाई थी गुहार

इसी मामले मे बृद्धा की हत्या का चला था मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

अदलहाट, मीरजापुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम बैकुंठपुर मे मंगलवार को लगभग एक बजे खरीदे गये मकान को खाली कराने को लेकर विवाद के बाद मारपीट मे दोनो पक्षो के आठ लोग घायल हो गये।गम्भीर रुप से घायल महिला को वाराणसी के ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया

गया।इसी मकान को खाली कराने को लेकर मारपीट मे एक वर्ष पूर्व बृद्धा की मौत हो चुकी है।मकान खाली कराने को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर से भी गुहार लगाई थी। मकान खाली कराने को क्रेता पक्ष के मौके पर पहुंचने पर दोनो पक्षो मे मारपीट शुरु हो गयी। काउंटर मे लगे शीशे को तोड़कर हथियार की तरह प्रयोग किया गया जिसमें प्रथम पक्ष के गुड़िया देवी 40 वर्ष पत्नी राजेश सेठ बिहारी,पुत्र संजय 21 वर्ष पुत्री सोनी 12 वर्ष व नीसू 10 वर्ष तथा दुसरे पक्ष के कृष्णा सेठ 50 वर्ष पत्नी राजेश सेठ,पुत्रीमोनिका सेठ 29 वर्ष,मोनी सेठ 24 वर्ष,स्वतंत्र सेठ26 वर्ष घायल हो गये।घायलो का प्राथमिक उपचार कराया गया।प्रथम पक्ष की गुड़िया देवी की स्थिति गम्भीर होने से वाराणसी के ट्रामा सेंटर मे रेफर किया गया।वही दुसरे पक्ष की मोनिका सेठ का नारायणपुर मे उपचार चल रहा है।मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट ने मकान मे ताला बंद करा दिया।

प्रथम पक्ष के बैकुंठपुर निवासी राजेश सेठ बिहारी ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व बैकुंठपुर सब्जी मंडी के पास की मकान तीन भाइयो से रजिस्ट्री कराया था।रजिस्ट्री के बाद बिक्रेता राजेश सेठ मकान को खाली करने से इनकार कर दिया। इसी विवाद मे मेरी माता श्यामा देवी सेठ 65 वर्ष की हत्या करदी गयी थी जिसमें पुलिस कार्यवाही चली थी। पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाया था तो 20 सितम्बर को थाना अदलहाट मे बुलाया गया था लेकिन कोई निस्तारण नही किया गया था।आज फिर विवाद होने पर पत्नी गुड़िया के पेट मे शीशा मारा जिसमें उसकी आत बाहर निकल गयी।पुत्री व पुत्र भी घायल हुए है।

दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का आयोजन 19 अक्टूबर को

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया । उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया है कि 19 अक्टूबर को एग्रोक्लाइमैटिक जोन स्तरीय दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का आयोजन आचार्य नरेन्द्रदेव इण्टर कालेज पथरदेवा में किया जाना निर्धारित है, जिसमें प्रगतिशील / एचीवर किसानों को कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, सहकारिता, एग्रो, सिंचाई, लघु सिंचाई, विद्युत, बैंकर्स, एन0जी0ओ0 कृषि ज्ञान केन्द्र/विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों आदि विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें विभिन्न विभागों एवं निजी क्षेत्र के कृषि निवेश कम्पनियों की प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। साथ ही क्षेत्रीय किसान मेले में विभिन्न विषयों पर किसानों को जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। जनपद के समस्त कृषकों को उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त तिथि को किसान मेले में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें। कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा गेहूं बीज, कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा रसायन, उर्वरक इत्यादि का स्टाल लगाया जायेगा जिसमें ऑन लाइन पंजीकरण कराकर कृषक स्टालों से सीधे क्रय कर सकते हैं। किसान मेले में कृषक विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों/ योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते हैं।

हरियाणा में कांग्रेस की हार से सचेत रहेंगे घटक दल

कांग्रेस ने हरियाणा में अपनी जीती हुई बाज़ी हार में बदल ली है। और यह कार्य सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है क्योंकि जहां इनकी फाइट सीधे भारतीय जनता पार्टी से होती है वहां यह हर मुकाबला हार रहें हैं और जहां क्षेत्रीय दल मजबूत स्थिति में हैं वहां यह अधिक सीटों की मांग रखते हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने 90 सीटों वाली विधानसभा में 48 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। यह पार्टी के लिए लगातार तीसरी जीत है, जिसे भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐतिहासिक सफलता बताया। कांग्रेस पार्टी ने यहां सिर्फ 37 सीटें जीती हैं जब कि माहौल पूरा कांग्रेस के पक्ष में दिखाई दे रहा था। 3 सीटों पर निर्दलीय और 2 सीटें इंडियन नेशनल लोक दल के प्रत्याशी विजई हुए हैं। इसी साल 24 में ही सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को करारी टक्कर दी थी और लोकसभा की दस सीटों में से 5 सीट जीत कर भारतीय जनता पार्टी को भी पांच सीटों पर सीमित कर दिया था। तब ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हरियाणा विधानसभा चुनाव कांग्रेस आसानी से जीत सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

यदि हम हरियाणा में 2019 के विधानसभा चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो भारतीय जनता पार्टी को 40 सीटें, कांग्रेस को 31 सीटें, जननायक जनता पार्टी को 10 सीटें, निर्दलीयों को 7 सीटें तथा अन्य को दो सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। हरियाणा विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं, और बहुमत के लिए 46 सीटों की आवश्यकता होती है। 2019 में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था लेकिन उसने जननायक जनता पार्टी और कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, और दुष्यंत चौटाला से उपमुख्यमंत्री बने बने थे। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले 8 सीटें ज्यादा जीतीं और स्पष्ट बहुमत पाया। जब कि कांग्रेस पिछले बार के 31 सीटों के मुकाबले 37 सीटें ही जीत सकी। कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या तो बढ़ाई लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी को बढ़त बनाने से नहीं रोक सकी। अब यहां पर यह निश्चित हो चुका है कि कांग्रेस बिना सहयोग या गठबंधन के सत्ता में नहीं आ सकती। लेकिन उसकी सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह गठबंधन की बागडोर अपने हाथों में ही रखना चाहते है।

कांग्रेस के लिए यह मायने नहीं रखता कि किसी भी तरह से भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोका जा सके बल्कि उसकी चाहत यही है कि विपक्षी दलों की बादशाहत उसी के हाथों में रहे। यदि हम उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां कांग्रेस बिना समाजवादी पार्टी के समर्थन के शून्य है लेकिन फिर भी वह सपा से अधिक से अधिक सीटों की उम्मीद रखती है। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने जब जनता दल बनाया था तब बड़े से बड़े नेता उनके साथ उनकी छत्रछाया में आ गए थे। और जनता दल ने कांग्रेस को बुरी तरह पराजित किया था। क्यों कि उस जनता दल का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस सरकार को सत्ता से बेदखल करना था। लेकिन 2014 से लेकर अब तक भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कोई भी ऐसी पार्टी सामने नहीं आई जिसका लक्ष्य भाजपा को सत्ता से हटाना हो। कांग्रेस जहां मजबूत है वहां किसी के साथ गठबंधन करना नहीं चाहती लेकिन जहां कांग्रेस के पास कुछ नहीं है वहां वह अपने गठबंधन वाले दलों से अधिक से अधिक सीटें चाहती है। इसका सीधा मतलब यही है कि उनको भाजपा को सत्ता से हटाने से ज्यादा दिलचस्पी अपने आप को उन क्षेत्रों में मजबूती हासिल करना है जहां वह दशकों से गायब है।

उत्तर प्रदेश में दस सीटों के लिए विधानसभा उपचुनाव चुनाव होने हैं। इन दस सीटों में से पहले समाजवादी पार्टी के पास पांच सीटें थीं जब कि एक सीट उसके गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के पास थी। उस लिहाज से समाजवादी पार्टी ने अपने 6 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। तथा दो सीटों पर वह और अपने प्रत्याशी उतारना चाहती है जब कि कांग्रेस को वह दो सीटें देना चाहती है। लेकिन कांग्रेस इतने में राजी नहीं दिख रही है। सूत्रों की मानें तो वह कम से कम चार सीटें चाहती है और यही कांग्रेस की सबसे बड़ी कमजोरी है। वह अपने सहयोगी दलों को भी बढ़ते नहीं देखना चाहती। जब कि वहीं भारतीय जनता पार्टी सीट के हिसाब से अपने सहयोगी दलों को पूरा समर्थन करती है। इन दस सीटों में से एक सीट भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दल संजय निषाद की निषाद पार्टी के पास थी। और भारतीय जनता पार्टी ने उस सीट को निषाद पार्टी के लिए छोड़ दिया है। यदि देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में अकेले भी चुनाव लड़ सकती है और जीत भी सकती है लेकिन जातीय समीकरण बैठाने के लिए उसने अन्य छोटे दलों को हिस्सेदारी दी है जो कभी भी भविष्य में काम आ सकती है।

- जितेन्द्र सिंह पत्रकार

बुलडोजर थमा और यूपी के अमन-चैन से खिलवाड़ शुरू

उत्तर प्रदेश के अमन-चैन से कौन खेलना चाहता है?

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान 13 अक्टूबर को दंगा आगजनी हुई हमलावरों ने जलूस में शामिल एक हिन्दू युवक की गोली मारकर हत्या कर दी । इससे कुछ दिन पहले भी यूपी के कई और शहरों में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान विवाद के मामले सामने आए हैं।यह सभी वारदात एक ही पैटर्न पर है जिनमें बहराइच कुशीनगर गोंडा कौशांबी समेत कई जिलों में बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की आस्था से जुड़ी दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान गड़बड़ी फैलाने और उत्पात मचाने का कुत्सित प्रयास किया गया है वह बताता है कि यूपी में भी कुछ जहरीली ताकतें मोजूद हैं जो यूपी को बांग्लादेश बनाने पर आमादा हैं । क्या यूपी में हिन्दू त्योहार मनाना दूसरे समुदाय की आंखों की किरकिरी बन गया है? आपको बता दें कि यूपी के बहराइच जिले के महराजगंज इलाके में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई. इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। यूपी के कुशीनगर जिले में मां दुर्गा का प्रतिमा ले जाते समय पथराव की खबर सामने आई जिसमें कई लोग घायल हुए और मां दुर्गा का प्रतिमा भी छतिग्रस्त कर दिया गया. मामला कुशीनगर के पडरौना नगर पालिका अंतर्गत छावनी नगर का है जहां पर मौके पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मामले को काबू में किया. पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और उनके खिलाफ केस दर्ज किया. श्रद्धालु पडरौना से मां दुर्गा का प्रतिमा लेकर अपने गांव गनेशी पट्टी और भिसवा लाला जा रहे थे इसी समय छावनी में कुछ लोगों ने छत और घरों से मां दुर्गा की प्रतिमा और श्रद्धालुओं पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए. लोग घायल हुए और प्रतिमा भी क्षतिग्रस्त हुई जिसके बाद दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी. हालांकि पुलिस ने मामला संभाला।

यूपी के कौशाम्बी जिले में 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दौरान गुलाल उड़ाने को लेकर दो समुदायों आपस में भिड़ गए. मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव में घटना में हुई झड़प देखते ही देखते विवाद में तब्दील हो गई. दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हुई. सूचना के बाद डीएम और एसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे गए और मामले को काबू में किया। दरअसल, मूर्ति विसर्जन करने के लिए दुर्गा प्रतिमा लेकर निकले लोग गांव में भ्रमण कर रहे थे. इस दौरान कुछ लोगों पर इमामबाड़ा पर गुलाल उड़ाने का आरोप लगा. इसका विरोध करते हुए दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा किया फिर दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई. कई लोग घायल हुए और फिर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी भी हुई. मौके पर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात करनी पड़ी. इससे पहले गोंडा में दशहरा पर देर शाम गोंडा शहर के एक इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गए. नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला बड़गांव में नूरामल मंदिर से आगे तकिया मस्जिद और घोसियाना मोहल्ले करीब पत्थरबाजी शुरू हो गई जिससे हालात बिल्कुल खराब हो गए. सूचना मिलते ही इलाके मौके पर पुलिस बल और पीएसी के जवानों तैनात किए गए। दरअसल, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के आसपास वाले दो और तीन मंजिला घरों से पत्थरबाजी करने का श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया और इसका विरोध किया इसके लिए प्रदर्शन और हो हल्ला शुरू कर दिया. कंट्रोल रूम से संदेश मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल मौके पर खुद पहुंच गये और हालात को नियंत्रित करने की कोशिश की.

यहां आपको बता दें कि बीती 29 सितंबर को यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर हजरत मुहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब तक थमा नहीं है. इसके विरोध में रविवार 13 अक्टूबर को महापंचायत का आयोजन किया गया जाना था पर प्रशासन ने अनुमति नहीं दी. महापंचायत को लेकर जुटे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया. इस मामले को लेकर गाजियाबाद में तनावपूर्ण माहोल पैदा हो.डासना देवी मंदिर के पास बीते 4 अक्टूबर, शुक्रवार देर रात तो हालात ऐसे हो गए कि भीड़ इकट्ठी हो गई और पुलिस ने मौके से 150 से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है. वेव सिटी थाने में डासना चौकी इंचार्ज की शिकायत पर सुबह मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गाजियाबाद के डासना मंदिर के पुजारी यति नरसिंहानंद के बयान

का विवाद सहानपुर जा पहुंचा जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा विरोध ज्ञापन देने के दौरान पुलिस पर पथराव का आरोप लगा और इस मामले में बड़ी कार्रवाई भी की गई. सहारनपुर के शेखपुरा कदीम गांव में हुई इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोप है कि पुलिस को निशाना बनाकर पथराव किया गया जिसमें कई पुलिस गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. हमलावर भीड़ को काबू में करने की कोशिश करते रहे. पुलिस ने फिर हल्के बल प्रयोग से उन्हें खदेड़ दिया था। दरअसल यति के बयान को मुद्दा बनाकर समूचे यूपी को सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी का माहौल बनाने की कोशिश की गई।

इस सबका ही नतीजा है कि षडयंत्र कारी प्रदेश में एक खास समुदाय की नफरत की भावना को भड़काने में कामयाब रहे और उसकी परिणति बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन यात्रा पर हुई पत्थरबाजी व गोलीबारी के रूप में हुई। इस मे एक युवक रामगोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के विरोध में भी प्रदर्शन हिंसक हो गया . पुलिस आंसू गैस और लाठीचार्ज करके प्रदर्शन को कंट्रोल करने का प्रयास कर रही है जिसका वीडियो सामने आया है. महसी के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बहराइच की घटना के दूसरे दिन 14 अक्टूबर सोमवार को भी बहराइच में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया. अस्पताल और दुकानों में आग लगा दी गई. बहराइच जिले के एक गांव में रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मामले में करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है. हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी.

इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद लापरवाही बरतने वाले हरदी थाने के प्रभारी और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है. मामला हरदी थाना इलाके के रेहुआ मंसूर गांव का है. मिली जानकारी के अनुसार यहां रविवार की शाम मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के लिए निकली थी. जुलूस जब महराजगंज बाजार में पहुंचा और लोग जयकारा लगाते हुए अब्दुल हमीद के घर के सामने से जा रहे थे. इसी दौरान अज्ञात लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया. इतना ही नहीं पथराव के बीच में ही उपद्रवियों ने फायरिंग भी कर दी. इनमें रेहुआ मंसूर गांव के ही रहने वाले राम गोपाल मिश्रा (22) पुत्र कैलाश नाथ को गोली लग गई, जबकि एक अन्य शख्स भी घायल हो गया. घटना में घायल हुए दोनों युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई. जब इसकी जानकारी महाराजगंज बाजार में पहुंची तो विसर्जन के लिए जा रहे लोगों ने वाहनों और घरों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी. खबर है, इसमें चार घर जल गए. हिंसा और आगजनी के बाद मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगा दी गई, लेकिन जब इलाके में पुलिस फोर्स तैनात हुई तो फिर विसर्जन शुरू कर दिया गया।

सारी वारदातों के पीछे कौन तत्व हैं जो यूपी की आबोहवा में दंगों आगजनी और सांप्रदायिक तनाव का जहर घोल रहे हैं। कमोबेश हर घटना को तूल देकर एक खास नेरेटिव गढ़ कर समुदाय विशेष को भड़काने एक ही पैटर्न पर पत्थरबाजी कराने के पीछे कोई गहरी साजिश तो नही है? या योगी बाबा के बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद प्रदेश की सांप्रदायिक ताकतें एक खास षडयंत्र के तहत निर्भय होकर अराजकता और सांप्रदायिक हिंसा का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहीं हैं। इन सब हालात ने योगी सरकार के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनौती बढ़ा दी हैं। क्या अब सूबे में हिन्दू समुदाय के हर जुलूस शोभायात्रा पर पत्थरबाजी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाएंगी। इसी माह दीपावली जैसा बड़ा त्योहार भी मनाया जाना है योगी सरकार को अराजक तत्वों के मंसूबों को पहचान कर समय रहते साजिशों को नाकाम करना होगा ताकि किसी को भी सूबे के अमन-चैन से खेलने की छूट न मिले।

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संपादकीय

ताली और थाली बजाने का दिन है आज

जम्मू-काश्मीर में 16 अक्टूबर 2024 को चुनी हुई सरकार का गठन होने जा रहा है, इसके बारह घंटे पहले वहां से राष्ट्रपति शासन का समापन भी हो गया, इसीलिए बुधवार 16 अक्टूबर की तारीख उसी तरह से इतिहास में दर्ज की जाएगी जिस तरह इस सूबे को तीन टुकड़ों में बाँटने की तारीख दर्ज की गयी थी । जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र बहाली के इस मौके पर स्थानीय जनता के साथ ही पूरे देश को ताली और थाली बजाकर अपनी ख़ुशी का इजहार करना चाहिए। दरसल जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र बहाली के लिए ताली और थाली बजाने का आव्हान करना तो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को था, लेकिन वे अपनी दूसरी व्यवस्तताओं के चलते देश को सम्बोधित करना भूल गए। उन्हें भूलने की पुरानी आदत है। वे जनता से दस साल में किये गए तमाम वादे भूल गए, अच्छे दिन लाना भूल गए, कालाधन लाना भूल गए। लेकिन वे प्रधानमंत्री हैं इसलिए उनकी सौ भूलें क़ाबिले माफ़ी हैं। बीते रोज ही जम्मू कश्मीर पर विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राष्ट्रपति शासन को हटा लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। शुक्रवार को नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने सरकार ने बनाने का दावा पेश किया था। उन्होंने राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भेंट की थी। इस दौरान उमर अब्दुल्ला ने उनके समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसमें उन्होंने सहयोगियों दलों से मिली समर्थन की चिट्ठियां भी सौंपी थीं। उन्होंने 54 विधायकों के समर्थन होने का दावा किया है।शुरू में मुझे लगा था कि डॉ फारुख अब्दुल्ला साहब खुद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे ,लेकिन मै और मेरे कयास गलत निकले। अब उमर अब्दुल्ला साहब ही मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्हें बनना भी चाहिये। वे खंडित सूबे की अवाम के, नई जनरेशन के करीब हैं। और उम्मीद है कि उन्हें दिल्ली के अरविंद केजरीवाल की तरह केंद्र से रोज-रोज टकराना नहीं पडेगा।

जम्मू-काश्मीर की विधानसभा उस जीव के समान है जिसके दांत और नाख़ून पहले ही क़तर दिए गए हैं। पांच साल पहले जम्मू-कश्मीर जिस तरह से एक पूर्ण सूबा था, वैसा अब नहीं है।। अब तमाम मुद्दों और विषयों पर नव निर्वाचित सरकार की नहीं बल्कि केंद्र सरकार की चलेगी। दिल्ली से जम्मू-कश्मीर के विकास और जन कल्याण की योजनाओं को चलाने के लिए उमर अब्दुल्ला साहब को दिल्ली की तरफ ताकना ही पडेगा। वे यदि ईडी और सीबीआई से बचकर केंद्र के साथ तालमेल करने में कामयाब हुए तो मुमकिन हैकि अगले आम चुनाव से पहले जम्मू-काश्मीर को राज्य का दर्जा वापस मिल जाये, अन्यथा जम्मू-कश्मीर एक लंगड़े घोड़े की तरह ही रह जाएगा। हम बचपन से पढ़ते आए हैं कि जम्मू-कश्मीर इस मुल्क के माथे का मुकुट है। यहां की जाफरान जब महकती है तो पूरा देश महकने लगता है ,लेकिन पिछले कुछ वर्षो से यहां की जाफरान में जाफरनी सुगंध कम, बारूदी गंध ज्यादा आने लगी थी। भाजपा ने शुरू के वर्षों में यहां पीडीपी के साथ सरकार चलने की कोशिश की और आतंकवाद को नाथने का प्रयास किया किन्तु अपेक्षित कामयाबी नहीं मिली और सूबे की गठबंधन की सरकार गिर गयी और फिर योजनाबद्ध तरीके से जम्मू-काश्मीर पर राष्ट्रपति शासन थोप दिया गया। राष्ट्रपति शासन में भी केंद्र सरकार जम्मू-काश्मीर में आतंकवाद को नेस्तनाबूद नहीं कर पायी । जम्मू-काश्मीर के विस्थापितों को वापस नहीं ला सकी। निर्वाचित सरकार के लिए यही दो काम सबसे बड़ी चुनौती हैं। जम्मू-काश्मीर में यदि केंद्र की भाजपा के गठबंधन की सरकार ने दिल्ली के साथ किये जा रहे व्यवहार को ही दुहराने की गलती की तो आप तय मानिये कि यहां विधानसभा चुनाव कराने का कोई लाभ न स्थानीय जनता को मिलेगा और न देश को। क्योंकि दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की भौगोलिक स्थितियों और मुद्दों में जमीन -आसमान का फर्क है। जम्मू-कश्मीर में जो सरकार बनने जा रही है वो दक्ष राजनीतिक दलों की सरकार है। उसे कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं बल्कि अनुभवी राजनेता चला रहे हैं। केंद्र की सरकार यदि घाटी की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का पाप करेगी तो उसे ये भारी पड़ेगा, यहां आपरेशन लोटस के लिए कम ही गुंजाईश है ,हालाँकि केंद्र सरकार ने इसके लिए इंतजाम चुनाव से पहले ही कर रखे हैं। आपको याद होगा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए नेशनल कांफ्रेंस ने कांग्रेस से गठबंधन किया था। नेशनल कांफ्रेंस को 90 सदस्यों वाली विधानसभा में 42 और कांग्रेस को छह सीटों पर जीत मिली है।चूंकि केंद्र सरकार और माननीय प्रधानमंत्री के सिर से कांग्रेस और राहुल गांधी का भूत उतरने का नाम नहीं ले रहा है इसीलिए मुझे लगातार आशंका है कि यहां ताली-थाली बजना बहुत दूर की बात है। केंद्र की कोशिश होगी कि जितनी जल्दी मुमकिन हो नेशनल कांफ्रेंस का कांग्रेस से समझौता समाप्त हो और उमर अब्दुल्ला साहब भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार चलाएं। उम्र अब्दुल्ला ऐसा कर भी सकते है। सूबे की भलाई कि नाम पर उनके लिए ऐसा करना आसान भी है। खैर आगे जो होगा सो देखा जाएगा,लेकिन अभी तो सब खुश हैं कि जम्मू-काश्मीर में एक बार फिर लोकतंत्र की बहाली हुई है। हम सूबे की जनता को मुबारकबाद देते हैं और उम्मीद करते हैं के अब इस खंडित सूबे में जम्मू-कश्मीर में 14 वीं मर्तबा राष्ट्रपति शासन लागू न किया जाये। इस सूबे में पहली बारराष्ट्रपति शासन कांग्रेस ने 1977 में लागू किया था। 1977 और 1986 में राष्ट्रपति शासन की वजह कांग्रेस खुद थी । 1977 में कांग्रेस ने तत्कालीन अब्दुल्ला सरकार से अपना समर्थन वापस लिया था। 1986 में भी कांग्रेस की वजह से ही राष्ट्रपति शासन लगा था, उस समय शायद जीएम शाह सरकार से कांग्रेस ने स्मार्थन वापस लिया था। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन की सबसे लम्बी अवधि 1990 में लागू किये गए राष्ट्रपति शासन की था। तब राष्ट्रपति शासन पूरे 7 साल चला था ।इस तरह जम्मू-कश्मीर के साथ कांग्रेस द्वारा किये गए गुनाहों की फेहरिश्त भी लम्बी है। भाजपा सरकार द्वारा लगाया गया राष्ट्रपति शासन 5 साल में ही हटा लिया गया । हालाँकि भाजपा ने कांग्रेस से भी बड़ा पाप इस सूबे के तीन टुकड़े कर किया है। वर्ष 2002, 2008 ,2015 और 2016, 2018 में भी राष्ट्रपति शासन से गुजरे जम्मू-कश्मीर ने बहुत खुछ सीखा है।

राकेश अचल

हिंदी की बैसाखी से बढ़ता वैश्विक उपभोक्ता बाजार

हिंदी बनी अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक भाषा।

भारत की जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है। देश के लिए जरूर यह समस्या के रूप में देखी जा सकती है पर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए यह एक बड़े बाजार का खजाना ही साबित हो रही है । भारत अब एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता बाजार बन चुका है। भारत में न जाने कितनी अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक संस्थाएं अपने उत्पाद बेचने के लिए आतुर रहती हैं और यही एक बड़ा कारण है कि उन्हें अपने विज्ञापन तथा माल बेचने के लिए भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करने हिंदी में विज्ञापन में बेची जाने वाली वस्तुओं की समस्त जानकारी रखनी होती हैं ।यह उनकी व्यावसायिक मजबूरी ही है कि भारत तथा विदेशों में रहने वाले तमाम हिंदुस्तानियों के लिए हिंदी भाषा के माध्यम से प्रचार प्रसार तथा विज्ञापन करती रहें तब जाकर उनका निर्मित उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में आ सकेगा। वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज़ चैनल में न्यूज़ एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं। विडंबना यह है कि भारत में 141 करोड़ उपभोक्ता की उपस्थिति में विशुद्ध हिंदी का प्रयोग करना थोड़ा कठिन हो जाता है।जैसे हम टी,वी, को दूरदर्शन नहीं कहते, इंटरनेट को इंटरनेट ही लिखा जाता है, अंतरजाल नहीं लिखा जाता ।यह जितनी अंग्रेजी की शब्दावली हिंदी में जुड़ी हुई है,यह संचार माध्यम टी,वी व्हाट्सएप,फेसबुक,ट्विटर, इंटरनेट सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के बाजार वाद के कारण जुड़े हुए हैं। हिंदुस्तान में लगभग 141 करोड़ उपभोक्ता निवास करते हैं, और उन तक पहुंचने के लिए हिंदी का प्रयोग अंग्रेजी तथा उर्दू की मिलावट के साथ किया जाता है। वैश्विक स्तर पर भी देखा जाए तो हिंदुस्तानी मूल के लोग श्रीलंका, मॉरीशस, फिजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यू जीलैंड, साउथ अफ्रीका में फैले हुए हैं। ऐसे में हिंदी का वैश्विक विस्तार अपने आप हिंदी भारतीय अप्रवासी, प्रवासी भारतीय लोगों के माध्यम से होने लगता है।फिर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रॉस, इटली, जापान,चाइना इनके उत्पादक को भारत के उपभोक्ताओं के बीच बेचने के लिए उन्हें हिंदी की आवश्यकता होती है, भारत एक शक्तिशाली उपभोक्ता बाजार है। एक साथ एक ही जगह इतने ग्राहक मिलना किसी अन्य देश में असंभव है। इन परिस्थितियों में विश्व का हर देश अपने बनाए गए उत्पादन का बाजार खोजने भारत की ओर खिंचा चलाआता है। और हिंदी को माध्यम बनाकर वह अपना माल बेचना शुरू करता है। और इसके लिए टी, वी, इंटरनेट, कंप्यूटर, व्हाट्सएप तथा फेसबुक में हिंदी में विज्ञापन देकर उसका प्रचार प्रसार करता है। विज्ञापनों में हिंदी का व्यापक रूप से प्रचार और प्रसार वैश्विक स्तर पर होने लगा है।

डॉक्टर जयंती प्रसाद नौटियाल ने भाषा शोध अध्ययन 2012 में यह दावा किया है कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी ही है। हिंदी में अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं का उपयोग करने वालों को पीछे छोड़ दिया है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाए जाने का निर्णय लिया था। इसी तारतम्य में भारत में प्रत्येक पर 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर देश की राजधानी दिल्ली चलेगी ग्राम पंचायत तक मनाया जाता है। डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया। वैसे भी अंग्रेजों के आगमन के पूर्व हिंदी देवनागरी लिपि में उर्दू तथा फारसी शब्दों का समावेश होता रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद इसने अंग्रेजी शब्दों को भी आत्मसात किया। हिंदी एक विशाल हृदय की विशाल भाषा है। इसमें अन्य भाषा के अपभ्रंश आने से हिंदी कभी मूल रूप से दिग्भ्रमित या विकृत नहीं हो पाई है। यही वजह है कि हिंदी वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे विस्तारित, प्रचारित एवं प्रसारित होती जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 45 करोड़ से अधिक लोग हिंदी भाषा बोलते हैं, इसकी सरलता विश्व के लोगों को प्रभावित करती जा रही है, भारत के विद्वानों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कवियों, फिल्मी गीत कारों के प्रयासों से हिंदी ने वैश्विक रूप लिया है। हिंदी को वैश्विक रूप से उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए फिल्म निर्माताओं गीतकार एवं संगीत, गानों का भी बड़ा योगदान रहा है। हिंदुस्तान में बनी फिल्म को विदेशों में रह रहे भारतीय तथा अन्य भाषाई लोग उसके गीतों तथा उसके संवाद के कारण उस फिल्म को देखने जाते हैं, जिससे सीधे-सीधे भारतीय फिल्मकारों को विदेशी मुद्रा का अर्जन होता है। इस तरह उपभोक्तावाद, बाजारवाद के नजरिए से देखें तो हिंदुस्तानी उपभोक्ताओं का बहुत बड़ा बाजार वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। जिससे हिंदी भाषा न सिर्फ बाजारवाद की भाषा बनी है, बल्कि साहित्यिक रूप से भी गीत, ग़ज़ल और गानों के रूप में समृद्ध हुई है। वर्तमान में हिंदी न सिर्फ हिंदुस्तान में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय होती जा रही है। भारत में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना कर एवं वैश्विक स्तर पर विश्व हिंदी सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता रहा है। इस संदर्भ में पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने कहा कि हिंदी के प्रचार प्रसार तथा विस्तार को कोई भाषा रोक नहीं सकती है। हिंदी भारत की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसके माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न भाषा वासी लोग आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान सकते हैं। एनी बेसेंट ने हिंदी भाषा को लेकर काफी सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह हिंदी है। वह व्यक्ति जो हिंदी जानता है पूरे भारत में किसी भी प्रांत की यात्रा कर सकता है और हिंदी बोलने वालों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। अब तो बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार पूर्णता हिंदी में करना शुरू कर दिया। इसी तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि हिंदी वैश्विक बाजार वाद या उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी एवं सशक्त भाषा बन गई है, तो यह अतिरेक नहीं होगा। अंग्रेजी जरूर अंतर राष्ट्रीय भाषा है,पर हिंदी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोले जाने वाली द्वितीय भाषा तो जरूर है ही, एवं उपभोक्ताओं के लिए यह प्रथम स्थान रखती है।भारत में हिंदी भाषा सभी प्रांतों सभी राज्यों को एकता के सूत्र में पिरोने वाली एक मातृभाषा स्थापित रूप से है। इसीलिए इसे राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा का वास्तविक सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है।

संजीव ठाकुर

संक्षिप्त ख़बरें

आवास के 43 लाभार्थी हुए अपात्र

देवरिया । उप जिलाधिकारी/परियोजना अधिकारी डूडा देवरिया ने बताया है कि संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के सापेक्ष बरियारपुर, सलेमपुर एवं भटनी के नगर निकायों के 2150 पात्र लाभार्थियों में से 43 लाभार्थी अपात्र पाए गए है। इसके दृष्टिगत उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरियारपुर, सलेमपुर, भटनी को निर्देशित किया है कि वे 7 दिन के अन्दर प्राप्त आपत्तियों को निस्तारण हेतु प्रस्तुत करें, ताकि ससमय निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया है कि लाभार्थियों की सूची नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत मे चस्पा कराया गया है।

रेड क्रॉस के महासचिव का यूथ अवार्ड विजेता ने किया स्वागत

देवरिया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश की महासचिव डॉ. हिमा बिन्दु नायक का मंगलवार को देवरिया पीडब्लूडी डाक बंगला पर आगमन हुआ। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के उपसभापति अखिलेन्द्र शाही के उपस्थिति में इंडियन रेड क्रॉस के सदस्य एवं विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता साहू विशाल कुमार गुप्ता ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। स्वागत के दौरान इंडियन रेड क्रॉस देवरिया के संरक्षक विष्णु अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, हिमांशु सिंह, डॉ संजय गुप्ता, अनिल तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

संकुल समयथान भीटी में क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

गोलाबाज़ार गोरखपुर । गोला तहसील।के ब्लॉक गगहा क्षेत्र के समयथान भीटी संकुल में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संकुल के सभी विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कबड्डी, खो - खो, लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ फीता काटकर और मां सरस्वती की पूजा आराधना से हुआ। इस अवसर पर समयथान भीटी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू सिंह, मुन्ना मिश्र, विकास सिंह, विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष बजरंगी शर्मा और नसरुद्दीन, श्रवण सिंह, रणजीत सिंह व संकुल के सभी विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे।

दुर्गा प्रतिमा का सकुशल विसर्जन संपन्न

खजनी- थाना क्षेत्र व चौकी उनवल एवं चौकी महुआडाबर में लगभग 197 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थी जिसमें 193प्रतिमाओं का शनिवार, रविवार,एवं सोमवार देर रात तक लोग गाते बजाते तथा शंखनाद एवं जै श्रीराम के गगन भेदी नारे लगाते हाथ में केसरिया ध्वज लहराते हुए नम आंखों से माता दुर्गा के प्रतिमाओं को आस्था के साथ विसर्जित किया । थानाध्यक्ष खजनी ने बताया कि तीन प्रतिमाएं बुधवार को तथा एक प्रतिमा बृहस्पतिवार को विसर्जित किया जायेगा। उक्त प्रतिमा विसर्जन में एस डी एम खजनी कुंवर सचिन सिंह, क्षेत्राधिकारी खजनी उदय प्रताप सिंह तहसीलदार खजनी, कृष्ण गोपाल तिवारी, थानाध्यक्ष खजनी सदानंद सिन्हा,चौकी प्रभारी उनवल राजीव तिवारी,चौकी प्रभारी महुआडाबर विवेक चतुर्वेदी सहित सभी कांस्टेबल उक्त कार्यक्रम में अपना सक्रिय योगदान दिया।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण को ले अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया । संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की मंगलवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कैम्प कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अभियान में सहयोग करने वाले विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में चल रहे विशेष 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्रवाई के लिए बने माइक्रोप्लान एवं विभिन्न विभागों द्वारा कार्य एवं दायित्वो का निर्वहन गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभियान को पूरे जनपद में गति के साथ संचालित कराये जाने का निर्देश दिया। संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियत्रंण पाने के लिये इस विषय पर एक सम्पूर्ण सोच के साथ सम्बन्धित विभागों के मध्य उचित समन्वय होना अत्यंत आवश्यक है। लार्वा रोधी गतिविधियां तथा आवश्यकता अनुसार फॉगिंग कराने व सूकर पालक के बाड़े आबादी से बाहर स्थापित करने के निर्देश दिए। नगर विकास, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायतीराज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को भी व्यापक जनजागरूकता प्रसारित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। विद्यालयों तथा आबादी क्षेत्रों के आसपास जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करें तथा जल जमाव न होने दें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण चौराशिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एके वैश्य, डिप्टी सीएमओ कार्तिकेय पाण्डेय, ईओ संजय तिवारी, सीडीपीओ सत्येंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि सहित डब्ल्यएचओ, सीफार और यूनिसेफ़ संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

रेल और जेल में रहकर कार्यकर्ताओ ने बनाया विश्व की सबसे बड़ी पार्टी- पवन

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 2 सितम्बर से चलाए जा रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के अंतिम दिन किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने बरहजिया ट्रेन में भटनी से बरहज के बीच यात्रा कर रहे 100 से अधिक यात्रियों को मिस्ड कॉल के माध्यम से भाजपा सदस्य बनाया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा की पूर्व की सरकारो ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर जुल्म करते थी, विपक्षी पार्टियों ने 2014 के पहले भाजपा कार्यकर्ताओ पर अत्यधिक जुल्म किया है, तब कार्यकर्ताओ ने रेल में लगातार भ्रमण कर भाजपा की आवाज को बुलंद किया, पूर्ववर्त्ती सरकारो ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जेलों में भी डाला, रेल और जेल में रहकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के माध्यम से भाजपा देश मे नई राजनीतिक संस्कृति ला रही है, जिसमे सभी वर्गो का समावेश होगा। भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश राय ने कहा कि सदस्यता अभियान विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से सुबोध तिवारी , सोनू यादव, राकेश प्रसाद, सुमन्त चतूर्वेदी, विवेक श्रीवास्तव, गत्ते लाल, सुमन्त चतूर्वेदी, अविनाश उपस्थित रहे।

डा कलाम ने देश के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन कर दिया समर्पित -चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। महानतम वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति महामना एपीजे अब्दुल कलाम साहब देश की अमूल्य निधि थे जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, उक्त उद्गार कलाम साहब की जंयती पर रामपुर कारखाना विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व ज़िला प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि कलाम साहब जिस क्षेत्र में रहे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करते हुए राष्ट्र को सर्वोच्च मुकाम पर पहुंचाने हेतु कार्यरत रहे जो वर्तमान दौर के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। यादव ने कलाम साहब के राष्ट्र हित में दिए गए अतुलनीय योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि जब चारों तरफ़ कालिमा ही कालिमा हो, ऐसे में कलाम साहब के ईमानदारी, निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव की तेजवान लालिमा अविस्मरणीय है। राष्ट्र के महानतम सेवक एवं मिसाइल मैन महामना अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम साहब को उनके जन्म जंयती पर नमन है। इस अवसर पर एपीजे अब्दुल कलाम साहब को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में जितेंद्र यादव बुलबुल, व्यास यादव, सचिन कुमार, दयानंद यादव, रमेश यादव, मुस्तकीम, सुरेश नारायण सिंह, अयोध्या वर्मा आदि मौजूद रहें।

मादक पदार्थ चरस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के फरेंदी तिवारी बाजार से स्थानीय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहे दो अभियुक्तों के कब्जे से 1.6 किलो चरस (कुल 165 गोली) बरामद किया है। संयुक्त टीम ने बरामद चरस के साथ अभियुक्त को कब्जे में लेकर कोतवाली लाई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने सोमवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के फरेंदी तिवारी बाजार से मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से 1.6 किलो मादक पदार्थ चरस बरामद किया है। बरामद चरस का अंतरराष्ट्रीय कीमत लाखों रुपए आंका जा रहा है। वहीं संयुक्त टीम ने बरामद चरस के साथ दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोनौली कोतवाली क्षेत्र के पिपरहिया निवासी 28 वर्षीय मुलायम यादव पुत्र श्याम सहाय यादव तथा दूसरे की पहचान सोनौली वार्ड नं 12 घनश्याम नगर निवासी 21 वर्षीय अनिल चौधरी पुत्र झीनक चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक अभय कुमार उपाध्याय, हेड कांस्टेबल अक्षय कुमार, कांस्टेबल अवनीश कुमार यादव, एसएसबी सेनानायक हरिमोहन मीना, एसआई महेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल मारकाण्डेय, कांस्टेबल श्यामनरायण महतो, जीवन कुमार आदि मौजूद रहे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ चरस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही से कतरा रही शिक्षा विभाग

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के तमाम ऐसे परिषदीय विद्यालय हैं जहां निरंतर शिक्षक विद्यालय पढ़ाने नहीं आते। शिक्षकों की निरंतर उपस्थिति नहीं होने से नौनिहालों के भविष्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाह शिक्षकों से अच्छा तालमेल होने के कारण शिक्षक महीने या दो महीने में एक दिन विद्यालय पहुंचकर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से सिग्नेचर बनाकर मौज कर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी शिकायत के बाद भी लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही करने से कतरा रही है। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षक महेंद्र गुप्ता विगत कई वर्षो से नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में जुटे हुए हैं। वहीं शिक्षा विभाग की मिलीभगत होने के कारण उक्त लापरवाह शिक्षक पर कार्यवाही करने से शिक्षा विभाग कतरा रही है। वहीं शिक्षक महेंद्र गुप्ता अपनी पहुंच के बलबूते विगत कई वर्षो से बिना सीएल के ही विद्यालय से गायब रहते हैं तथा महीने-दो महीने में एक बार विद्यालय पहुंचकर फर्जी तरीके से सिग्नेचर बनाकर मौज कर रहे हैं। वहीं शिक्षक महेंद्र गुप्ता द्वारा बिना विद्यालय आए ही सरकार से सैलरी ले रहे हैं जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी ऐसे लापरवाह शिक्षकों पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

सकुशल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन होने के बाद गोला पुलिस ने लिया राहत की सांस

●-कोतवाल ने मूर्ति आयोजको को दिया बधाई

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर- गोला उपनगर के पक्का घाट एवम ग्रामीण क्षेत्र में नदी के तट पर बने घाटों पर सोमवार को कुल मिला कर 165 दुर्गा प्रतिमाओं के देर रात सकुशल एवम शांति पूर्वक विसर्जन होने के बाद गोला पुलिस राहत की सांस लेते हुए शांति ब्यवस्था में सहयोग करने के लिए आयोजक मंडल को बधाई दिया है। अब मात्र दो प्रतिमाएं शेष है।जोड़ो दिन बाद विसर्जित होगी। प्राप्त बिबरण के अनुसार गोला थाना क्षेत्र में नगर और ग्रामीण मिलाकर कुल 167 रजिस्टर्ड दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हुई थी ।जिसमे 40 गोला उपनगर में व 127 देहात क्षेत्र में स्थापित थी।प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार से ही आरम्भ था ।अधिकांश प्रतिमाएं देहात क्षेत्र की शनिवार को ही विसर्जित कर दी गयी ।लेकिन कुछ देहात व नगर की 40 प्रतिमाएं शेष रही ।जिनका विसर्जन सोमवार को शांति पूर्वक सकुशल देर रात सम्पन्न हुआ । विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद गोला पुलिस राहत की सांस लिया।कोतवाल गोला ने इस कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे पुलिस जवान अधिकारी व आयोजक मंडल को बधाई दिया है।

लोक निर्माण विभाग के मार्ग पर अतिक्रमण से जनजीवन बेहाल

●सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षण संस्थान और थाना है इस मार्ग पर स्थापित

स्वतंत्र प्रभात

रुद्रपुर,देवरिया। योगी 2 कि सरकार एक ओर सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को लेकर काफ़ी गंभीर है वहीं उनका ह्रदय कहे जाने वाले देवरिया जनपद के रुद्रपुर नगर पंचायत में लोक निर्माण विभाग के मार्ग पर अतिक्रमण से लगने वाले भीषण जाम से आम जन जीवन बेहाल है परन्तु नगर पंचायत प्रशासन के अलावे स्थानीय प्रशासन के कान में जूँ नहीं रेंगती। नगर पंचायत के मुख्य सभी मार्गो में स्थिति कुछ इसी तरह की है। बता दें कि जमुनी चौराहा से थाना मार्ग होते हुए पुन्नी शाहू चौराहा व आगे इमाम बाड़ा चौराहे तक अतिक्रमण के कारण जाम बना रहता है। इस मार्ग पर थाना, नगर पंचायत कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुग्धेश्वर नाथ इंटर कॉलेज और राम जी सहाय डिग्री कॉलेज भी स्थापित है। रोज इसी मार्ग से एम्बुलेंस भी गुजरते हैं। अक्सर जाम के कारण गंभीर मरीज समय से इलाज न हो पाने के कारण काल के गाल में समा जाते हैं। इस मार्ग पर इतना अतिक्रमण है कि इधर से होकर गुजरने वाले राहगीरों के माथे पर चिंता कि लकीरें खिंच जाती हैं। इसी मार्ग पर नगर के प्रथम नागरिक अध्यक्ष नगर पंचायत का आवास भी है। अक्सर प्रशानिक अधिकारी भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं परन्तु जाम कि समस्या को देख कर अनदेखा कर देते हैं। शिक्षण संस्थानों से सैकड़ों छात्राएं भी इसी मार्ग से होकर निकलती हैं। नगर वासियों ने बताया कि भविष्य में यह मार्ग काफ़ी चौड़ा था और इसी मार्ग से रोडवेज कि बसें भी गुजरती थीं लेकिन अतिक्रमण बढ़ता गया और लगने वाले जाम के कारण इधर से गुजरना काफ़ी दुरूह हो गया। लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले इसी मार्ग से एक क्रेन गुजरा जो साइड में खड़ी कार को फाड़ते हुए निकल गयी थी। नगर के अन्य चौराहों कि बात करें तो जमुनी चौराहा, सेमरौना मार्ग रोडवेज चौराहे पर भी गंभीर जाम बना रहता है और राहगीरों को खून के आंसू पीने को मजबूर होना पड़ता है।

मास्टर प्लान लागू करने को बोर्ड ने शासन को भेजा है पत्रक – छट्ठे लाल

इस सम्बन्ध में नगर पंचायत अध्यक्ष छट्ठे लाल निगम ने बताया कि नगर में जाम कि समस्या गंभीर बनी हुई है। नगर पंचायत कार्यालय के सामने जो मार्ग है वह लोक निर्माण विभागकी है इस मार्ग पर अतिक्रमण होने के कारण आवागमन प्रभावित है, और सबसे विचित्र बात यह है कि यहां मास्टर प्लान लागू नहीं है। बोर्ड कि बैठक में सभी सभासद गणों ने जाम कि समस्या को उठाया था, जिस आधार पर मास्टर प्लान लागू करने को प्रस्ताव शासन को भेजा गया था परन्तु आज तक सब हवा में बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरी भी मंशा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त हो जिससे नागरिक आवागमन कि दुश्वारियों से निजात मिल सके।

मुख्य मार्ग को शीघ्र कराया जायेगा अतिक्रमण मुक्त – जिलाधिकारी

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नगर पंचायत रुद्रपुर अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के मार्ग पर यदि अतिक्रमण है तो शीघ्र संज्ञान लिया जायेगा और इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा।

तीन साल में एनएच सड़क बनकर हो जायेगा तैयार- नितिन गडकरी

●- मंत्री सतीश चन्द्र दुबे, विधायक राम सिंह के योगदान को कभी नहीं भूलेगी जनता

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। चंपारण बिहार जिले के वाल्मिकीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार द्वारा बीते 8 अक्टूबर को लोक सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 2880 में यह पूछा गया कि कुशीनगर जिले में एनएच-727 की स्थिति क्या है। क्या सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री यह बताए कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-727 परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, इसके कब तक पूरा होने की संभावना है, और उक्त परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ? सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी द्वारा प्रश्नोत्तरी देते हुए अवगत कराया गया कि एनएच 727 उत्तर प्रदेश राज्य में कुशीनगर के पास एनएच-27 के साथ अपने जंक्शन से शुरू होकर बगहा, बेतिया को जोड़ता है और बिहार राज्य में छपवा के पास एनएच-527डी के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होता है। बिहार राज्य में, 97 किलोमीटर लंबाई को 2 लेन पक्की सड़क के मानकों के अनुसार विकसित किया गया है और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली शेष 13 किलोमीटर लंबाई में कैरिजवे और फुटपाथ के मानकों में कमी है।

उन्होंने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य में एनएच-727 की लंबाई लगभग 58 किमी (डिजाइन लंबाई) है। मंत्रालय ने कसया बाईपास और पडरौना बाईपास सहित 46.5 किमी के लिए पक्के शोल्डर कार्यो के साथ 4-लेनिंग/2-लेनिंग में उन्नयन के लिए कार्य को मंजूरी दी है और कसया और पडरौना से गुजरने वाले मौजूदा संरेखण पर एक बार सुधार कार्य और शेष 12 किमी लंबाई को मंजूरी दी है। यह कार्य अक्टूबर, 2027 तक पूरा हो जाएगा।

सांसद एवं मंत्री की पहल से हुआ पुल पास

यूपी-बिहार को जोड़ने वाली वाल्मिकीनगर वन क्षेत्र मार्ग निर्माण हेतु जंगल विभाग ने एन एच विभाग को एनओसी देने से इनकार कर दिया, इसके बाद सड़क मंत्रालय द्वारा एन एच 727 कट मार्ग को यूपी से बिहार (आर ओ बी) को जोड़ने के लिए विकल्प की तलाश में जुटा था। उस परिस्थित में रही बात जटहां गंडक से शास्त्रीनगर सेतु पथ निर्माण कार्य मुद्दा किसने उठाया तो वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार द्वारा जटहां से शास्त्रीनगर गंडक सेतु पथ निर्माण हेतु लोकसभा में प्रश्न उठाया गया। तब एनएच के इंजीनियरों द्वारा आरओबी मार्ग को जोड़ने के लिए मैप में एक संरेखण बना। तदोपरांत प्रतिभाशाली राज्यसभा सांसद कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, वाल्मिकीनगर विधायक रिंकू सिंह की एक प्रतिनिधिमंडल सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री गडकरी से मिला और पत्र देकर अनुरोध किया गया, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री द्वारा तत्काल मांग पत्र पर मंजूरी देते हुए जटहां से शास्त्रीनगर गंडक सेतु पथ निर्माण कार्य हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को सर्वे करके अविलंब डीपीआर रिर्पोट मंत्रालय को सौंपने का आदेश जारी कर दिया गया। अभी जटहां गंडक से सर्वे का कार्य हो चुका है डीपीआर रिपोर्ट बनाई जा रही हैं। इस खबर को सुनकर यूपी बिहार गंडक सीमावर्ती गांवों के लाखों जनता में हर्ष कायम है।

गंडक सेतु पथ निर्माण संघर्ष समिति ने मंत्री को बुके भेंट कर किया सम्मानित

यशश्वी सांसद एवं मंत्री सतीश चन्द्र दुबे के पहल पर जटहां से शास्त्रीनगर (आरओबी प्रोजेक्ट) पास होने की खुशी में गंडक सेतु पथ निर्माण समिति के सदस्य प्रमोद रौनियार, मंत्री पूर्व पीआरओ पंकज गुप्ता, भाजपा नेता श्रीकांत जायसवाल, पूर्व ग्राम प्रधान भोला जायसवाल, व्यापारी नेता प्रदीप जायसवाल आदि किसान मजदूर बेरोजगार युवकों द्वारा बगहा पार्टी कार्यालय पर पहुंच मंत्री सतीश चन्द्र दुबे को बुके देकर सम्मानित किया गया । मंत्री के सराहनीय कार्य की यूपी बिहार गंडक सीमांचल क्षेत्र की जनता बधाई देते हुए खूब सराहना करते थक नहीं रही है।

वनवास के बाद प्रभु के अयोध्या वापस होने से पूरा अयोध्या हुआ राम मय

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर । गोला थाना क्षेत्र के ग्राम ख़िरकीटा दीगर में चल रहे प्रसिद्ध रामलीला के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम चंद्र के 14 वर्ष बाद अयोध्या वापस लौटते है। जहा भरत जी प्रभु के इंतजार मे अपना प्राण त्यागने वाले थे लेकिन जैसे ही प्रभु श्रीराम दिखाई दिए वह अपने आसू नही रोक पाये ।वहा बैठै सभी श्रद्धालु यह मिलन देखकर भावविभोर हो गए सम्पूर्ण वातावरण राममय हो गया। चारों तरफ सनातनियों द्वारा जयकारा लगने लगा । माता सीता सहित भगवान राम,लक्ष्मण और हनुमानजी की आरती के लिए क्षेत्र के समस्त नर-नारी आरती की थाल लिए दौड़ पड़े। इससे पहले दिन मे शानदार मेले का आयोजन किया गया।इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम सभा ख़िरकीटा दीगर के हर युवा का योगदान सराहनीय रहा। इस दौरान रामलीला अध्यक्ष पंडित विजय प्रकाश भट्ट, उपाध्यक्ष राजकपूर शर्मा, कोषाध्यक्ष सुबेदार शर्मा, विनोद शर्मा अजय एडवोकेट अध्यापक आलोक शर्मा ने प्रभु की आरती की ,कलाकार निखिलेश भट्ट अम्बेश शर्मा आशीष,माखन,दिपक शर्मा,सतेन्दर,अविनाश शर्मा,मोनु बरुण भट्ट, मिटुं शर्मा सर्वेश गुप्ता निरंजन सहित हजारों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

रैली निकालकर दो पहिया गाड़ी चालकों को किया गया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात

सहजनवां /गोरखपुर। सहजनवां क्षेत्र के बाबू लालजी सिंह पी जी कॉलेज भगौरा में एनएसएस के सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय प्रांगण से एक रैली निकाली गई। रैली में एनएसएस के स्वयंसेवक और स्वंय सेविकाएं पोस्टर, बैनर लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात के संबंध में नारा देते हुए चल रहे थे। रैली कंपोजिट विद्यालय भगौरा से भगौरा गांव स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची जहां दो पहिया गाड़ी के चालको को जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था उनको हेलमेट लगाने के लिए छात्र-छात्राओं ने जागरूक किया । वापस रैली महाविद्यालय प्रांगण पर पहुंची। इस अवसर पर एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेंद्र प्रसाद, डॉ राजकमल सिंह ,डॉ राजीव यादव, डॉ हिमांचल सिंह, डॉ दिनेश चंद चौबे, कुमारी अल्का, संजय कुमार यादव सहित दर्जनों की संख्या में स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।।

संक्षिप्त ख़बरें

कबाड़ में बेची गई, सरकारी स्कूलों की किताबें

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी ब्लॉक संसाधन केंद्र के अंतर्गत बांसी कस्बे में परिषदीय विद्यालयों में दी जाने वाली पुस्तकों को कबाड़ी को कुंतलों किताब बेचने का मामला प्रकाश में आने से बेसिक विभाग में हड़कंप मच गया है बांसी बीआरसी क्षेत्र में कबाड़ी को परिषदीय विद्यालयों में दी जाने वाली पुस्तकों को बेच दिया गया जो किताबें इसी सत्र की बताई जा रही हैं। परिषदीय विद्यालयों के किताबों को बेचने के मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी आरके शुक्ला

आश्रम पर कब्जे के प्रकरण में तीन गिरफ्तार

गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपित भी हुए थे मारपीट में घायल

मथुरा। वृंदावन में 13 अक्टूबर की रात एक आश्रम पर कब्जे के प्रयास में हुए विवाद के बाद एक पक्ष की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नामजद तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना वृंदावन पर दर्ज कराई गई एफआईआर में छह लोगों को नामजद कराया गया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये तीनों आरोपी भी झगडे के दौरान घायल हुए थे। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन रवि त्यागी ने बताया कि नीरज पुत्र अशोक कुमार निवासी पुराना बजाजा पडरौना कुन्ज कस्बा व थाना वृन्दावन, राघव पुत्र मुन्ना लाल निवासी केसी घाट वृन्दावन तथा मनीष पुत्र सुरेश निवासी गौतमपाडा वृंदावन को सौ फुटा पुल के नीचे मथुरा की तरफ से गिरफ्तार किया गया। आश्रम पर कब्जे के लिए इन लोगों द्वारा मारपीट की गई थी। मारपीट में एक व्यक्ति को गोली लगी थी जबकि दूसरे साधु संत घायल हो गये थे।

दो मोबाइल चोर पकडे

मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस ने भीड़ भाड़ वाले इलाके, बाजार से मोबाइल फोन चोरी करके भागने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक मोबाइल व एक अवैध चाकू बरामद किया है। थानाध्यक्ष थाना रिफाइनरी सोनू कुमार ने बताया कि टाउनशिप नगर गेट के पास हाईवे के सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान मंगलवार को अशरफ उर्फ चिंगम पुत्र मारूफ व अमन उर्फ जमन उर्फ नकटा पुत्र मारूफ निवासीगण काशीराम कालोनी थाना रिफाइनरी को गिरफ्तार किया गया

हर स्तर पर फार्मासिस्टों की लड़ाई लड़ेगी सपा - तनवीर खान

शाहजहांपुर/मंगलवार को जनपद के फार्मासिस्ट खिरनी बाग रामलीला मैदान में एकत्र हुए जहां फार्मासिस्टों ने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम एक संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा और प्राथमिक उपचार की अनुमति देने की मांग की इस दौरान प्रदर्शन में शामिल सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खां नें कहा कि कोरोना काल के दौरान यही फार्मासिस्ट कोरोना मरीजों को घर-घर जाकर उनकी सेवा सेवाएं कर रहे थे आज भाजपा सरकार रजिस्टर्ड फार्मासिस्टों के साथ नाइंसाफी कर रही है जिनकी लड़ाई समाजवादी पार्टी हर स्तर पर लड़ेगी इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू,नसीम खान,डॉक्टर सर्वेश वर्मा, नरवीर फौजी, डॉ बृजेश सिंह,डॉ राम जी वर्मा, डॉ पुनीत कुमार, डॉ आदित्य कुमार, डॉ राहुल कुमार, डॉ सुबहुल कुमार वर्मा, डॉ अनूप कुमार, खिज़र महबूब खान उर्फ चंदू,टिंकू सिंह, गुफरान खां,सत्येंद्र यादव एडवोकेट, साजिद खान,डॉ अजय राय, इदरीसी, डीआर जुबैर, डॉ अकरम, डीआर अशफ़ाक मंसूरी, डॉक्टर सुहेल डॉ विक्रम सिंह, डॉक्टर दिलीप कुमार, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे.... !

प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर हो रहे पंचायत के दौरान मारपीट, चार घायल

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के टड़िया धाम में सोमवार की देर रात गांव में लड़का लड़की के प्रेम प्रसंग को लेकर गांव में ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पंचायत हो रही थी। अचानक मामला बिगड़ने पर लड़की पक्ष के लोगों को कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। जिसमें चार लोगों को चोट आयी। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ पर पहुंचाया गया। गावं में हो रही पंचायत के बीच मारपीट की घटना पर लड़की पक्ष ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान के साथ मौजूद लोगों ने मारा पीटा। लड़का व लड़की के प्रेम प्रसंग में लड़का ने पंच व ग्रामीणों के सामने गावं की ही लड़की से शादी रचने के लिए तैयार हो गया था। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों को यह बात नागवार लगी और झगड़ा पर आमादा हो गये। जबकि ग्रामीणों का कहना कि पंच गावं में ही शादी के लिए तैयार नहीं थे।

इसी को लेकर पूरा मामला उलझा रहा और देर रात मामला मारपीट में तब्दील हो गया। घायलों में ग्राम टड़िया धाम निवासी राम मोहित चौहान (45) पुत्र हरिश्चंद्र, सोनमती (40 वर्ष) पत्नी राम मोहित चौहान, इंद्रमती (18 वर्ष) पुत्री राम मोहित व करीना (15 वर्ष) पुत्री राम

मोहित चौहान शामिल है। अस्पताल पर इलाज के बाद पीड़ित पक्ष थाना पर पुलिस को जानकारी देने के लिए पहुंचा। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि मंगलवार को दोनों पक्षों के लोगों को थाना बुलाया गया था लेकिन तक कोई नही आ है और तहरीर भी नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

बिना डॉक्टर के सहारे चल रहा है बलरामपुर डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर

- 24 सितंबर को स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र ने ग्रामीण य नगर की समस्या को गंभीरता से किया था प्रकाशित लेकिन अधिकारियों के कान तक जो नहीं रहेंगे

स्वतंत्र प्रभात

जनपद सिद्धार्थनगर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री वा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के आदेशों को धज्जियां उड़ा रहे हैं जिले के जिम्मेदार। स्वास्थ्य मंत्री का है आदेश बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल बलरामपुर व डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर पर हो कठोर कारवाई। स्वास्थ विभाग की मिली भगत से जिले के शोहरतगढ़ तहसील विकासखंड बढ़नी चौराहा पर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे फर्जी बलरामपुर व डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर। अनट्रेंड बच्चों से निकलवाते है ब्लड सैंपल। नोडल अधिकारी जांच के नाम पर करते हैं सिर्फ खानापूरी। जांच के नाम पर लोगों से वसूली जा रही है मोटी रकम। शोहरतगढ़ तहसील विकासखंड बढ़नी चौराहा के क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही अवैध बलरामपुर व डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर। संवाददाता

फोन पर संपर्क किया तो हुआ की डॉक्टर की जरुरत यहां नहीं है मोटी रकम जाता है महकमा को बरगदवा वार्ड नंबर 1 में जल जमाव से मच्छर का प्रकोप से परेशान नगर पंचायत के लोग

बलरामपुर पचपेडवा नगर पंचायत कस्बा के बरगदवा वार्ड नंबर 1 में रोड पर जल जमाव वार्ड वासी परेशान है वार्ड में रुबीना खातून चौधरी के प्लांट से (घर) रामप्रसाद के घर तक 4 महीने से जल जमाव बना हुआ है वार्ड के रुबीना खातून

चौधरी व अन्य लोगों ने बताया कि जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और जल जनित बीमारी का भी फैलने का संभावना बनी हुई है शिकायत के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल जमाव की समस्या से वार्ड वासी परेशान हैं। नागरिकों ने प्रशासन से ऊविलंब जल जमाव दूर करने की मांग की ईओ अविनाश सिंह ने कहां की सूचना की जानकारी है की सूचना के जल जमाव के समस्या है उसके लिए नगर पंचायत के कुर्मी को भेज कर जल भराव की समस्या की निस्तारण कराया जा रहे।

जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार)- जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा लोक शिकायत के आए हुए फरियादियों से समाहरणालय कार्यालय कक्ष में प्रत्येक फरियादी से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना गया और उसके निष्पादन के लिए उनके आवेदन पर संबंधित विभाग को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

जिला पदाधिकारी से अपनी समस्याओं को लेकर मिलने वाले मनोज कुमार यादव, नीरज कुमार, संजीत कुमार तिवारी, रजनी कुमारी, राजन माझी, विकास कुमार सिंह ,बेनी कुमारी, शोभा कुमारी, मंजू देवी, रानी कुमारी, मीरा कुमारी, सीमा कुमारी, गायत्री देवी, कृष्णावती देवी, मुकेश कुमार, सीमा कुमारी आदि द्वारा होमगार्ड चयन समिति के द्वारा शारीरिक दक्षता में सफल घोषित होने एवं इससे संबंधित माननीय उच्च न्यायालय पटना के 13 अगस्त 2024 के आदेश के आलोक में उन्हें पदस्थापित करने का आवेदन दिया गया जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा विधि सम्मत

कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया बजरंगबली दुबे ग्राम धनौती प्रखंड विजयीपुर और रुदल प्रसाद हजियापुर वार्ड नंबर 26 प्रखंड गोपालगंज के आवेदन पर संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में जिला उद्योग विभाग तथा पर्यटन विभाग कि, की गई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

गोपालगंज (बिहार)- जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच द्वारा उपविकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक की उपस्थिति में समाहरणालय कार्यालय कक्ष में जिला उद्योग विभाग एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की गई। संबंधित बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यकता अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय बनवाने अथवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के जीर्ण शीर्ण अवस्था वाले प्रखंडों में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण संबंधी प्रस्ताव की मांग की गई साथ ही जिनके प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं वहां के अंचल अधिकारी जमीन चिन्हित कर जमीन की पूरी स्थिति की जांच करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्म योजना स्तर -2 की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रखंड वार लंबित आवेदनों का संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी इसे प्राथमिकता के आधार पर टीम गठित करते हुए लंबित आवेदनों की जांच कराकर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिया गया कि अत्यधिक लंबित आवेदन वाले प्रखंड में स्वयं भ्रमण कर निस्तारण सुनिश्चित करायें। वहीं पर्यटन विभाग की समीक्षा के क्रम में *मेरा प्रखंड -मेरा गौरव प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा प्रखंड स्तर पर आगामी माह में होना है इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से वैसे पर्यटक स्थल जिसकी पहचान अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है उन स्थलों का फोटोग्राफ /वीडियो एवं संक्षिप्त आलेख प्रतिभागियों द्वारा अपलोड किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत जानकारी https://bihartourism.innovase.in/termcondition.asp& वेबसाइट उपलब्ध कराई गई है । इसके लिए जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक प्रखंड से कम से कम दो ऐसे स्थलों को चिन्हित करते हुए वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

वहीं मनरेगा के माध्यम से खेल मैदान

निर्माण करने के लिए निर्धारित 1.5 एकड़ और 4 एकड़ भूमि की उपलब्धता वाले पंचायत की सूची उपलब्ध कराएंगे ,इसके लिए विद्यालयों के खेल मैदान को प्राथमिकता देनी है और उन्हें चिन्हित कर प्रत्येक पंचायत के लिए खेल मैदान का विकास कराना है। संबंधित बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोपालगंज आयुष कुमार, जिला पर्यटन पदाधिकारी प्रशांत अभिषेक जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी- सह- विशेष कार्य पदाधिकारी मंकेश्वर कुमार मौजूद रहे साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने प्रखंड से बैठक में शामिल हुए।

असम के करीमगंज जिले के विद्यानगर चाय बागान ने कृष्णमोहन माला मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

- करीमगंज सांसद कृपानाथ माला ने फीता काटकर खेल का उद्घाटन किया।

स्वतंत्र प्रभात

असम करीमगंज- असम करीमगंज जिले के रामकृष्णानगर विधानसभा अंतर्गत विद्यानगर खेल मैदान में एक माह तक खेले गये कृष्णमोहन माला मेमोरियल फुटबॉल मैच में 32 टीमों ने भाग लिया. विद्यानगर चा बागान और फकीराग्राम (एफसी) ने 14 अक्टूबर (सोमवार) को फाइनल में भाग लिया, लेकिन दोनों टीमों के बीच 90 मिनट की लड़ाई प्रतिभा में बराबर थी। अंत में ट्राईब्रेकर के माध्यम से विद्यानगर चाय बागान ने 03-04 से जीत हासिल की. उक्त खेल में हजारों खेल प्रेमियों को संभालने में पुलिस व प्रशासन को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा. हालांकि, करीमगंज के सांसद कृपानाथ मालाह ने खेल के शांतिपूर्ण समापन के लिए पुलिस प्रशासन और उपस्थित खेल प्रशंसकों के प्रति आभार

व्यक्त किया. वहीं, विद्यानगर खेल के मैदान में सार्वजनिक बैठने के लिए गैलरी बनाने का आश्वासन दिया। फाइनल खेल में रेफरी बिलाल अहमद और विद्यानगर यूथ क्लब की ओर से अध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, कोषाध्यक्ष ए जेड तालुकदार, सचिव सादिकुर रहमान के साथ दुल्लभछड़ा स्पोर्ट्स कमेटी के संपादक चंद्रकांत सिन्हा, सलाहकार आशु ग्वाला और कमिटी के सदस्य बदर उद्दीन, देवेंद्र बारई , अमित बारई , साबिर अहमद, बप्पन अहमद, अलीम उद्दीन, साहेल अहमद, अब्दुल जलील व कमेटी के अन्य लोग मौजूद थे। खेल का उद्घाटन सांसद कृपानाथ माला ने फीता काटकर और दीप जलाकर किया। वहीं करीमगंज सांसद पुत्र कृष मालाह द्वारा खिलाड़ियों के बीच चेक का वितरण किया गया।

नगर निगम: एक और कार्यदायी संस्था पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा

- पेयजल पाइप लाइन डालने में सामने आई गड़बड़ी

जमुनापार में डाली गई पानी की पाइल लाइन की गुणवत्ता देखने के लिए खुदाई कराते नगर आयुक्त शशांक चौधरी।

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। नगर निगम के अंतर्गत कार्यकर रही एक और कार्यदायी संस्था पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा पैदा हो गया है। कार्यदायी संस्था नगर निगम क्षेत्र में इस समय अंडरग्राउंड पेयजल पाइप लाइन डालने का कार्य कर रही है। लोगों की ओर से लगातार शिकायत मिल रही थीं कि संस्था द्वारा काम ठीक से नहीं किया जा रहा है। जो पाइल डाले जा रहे हैं वह भी घटिया किस्म के हैं और चल नहीं पाएंगे। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने मेसर्स सूरज एग्रीकल्चर एण्ड इन्डस्ट्रीज मथुरा के द्वारा वार्ड संख्या 14 लक्ष्मी नगर के अन्तर्गत प्रताप नगर कॉलोनी एवं राजेश्वरी नगर में 1500 मीटर 4 इंच पीवीसी पेयजल पाइप लाइन विस्तार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत की। प्रताप नगर की दो गलियों में क्रमशः विजय सारस्वत एवं गिर्राज कुमारी के मकानों के सामने गड्ढा खुदवाकर पेयजल के लिए इस फर्म द्वारा डाली जा रही लाइन की जांच की गयी, जांच के दौरान पाया गया कि लाइन की गहराई मानकों के अनुरूप नहीं थी तथा कार्य करने के पश्चात इंटरलॉकिंग टाइल्स सुव्यवस्थित रूप से भी नहीं लगायी गयी एवं इस पेयजल पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए उपयोग किये गये पाइप का सैम्पल भी मौके से लिया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अवर अभियन्ता (जल) को अधोमानक पाये गये कार्य को तत्काल मानकों के अनुरूप कराये जाने के लिए आदेशित किया गया तथा महाप्रबंधक (जल) को कड़ी कार्यवाही करने एवं कार्यदायी फर्म के द्वारा अन्य जो भी कार्य किये जा रहे हो उनकी भी जांच करने के निर्देश दिये। गुणवत्ता खराब पाये जाने पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। फर्म के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के साथ साथ मौके से पाइप के लिये गये सैंपल की जांच कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

बजहा और मझौली सागर अंतरराष्ट्रीय महत्व की संभावना हो सकती है, आचार्य आशुतोष कुमार वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के वनस्पति विभाग के संयुक्त आचार्य डॉ० आशुतोष कुमार वर्मा एवं उनकी शोध टीम ने सिद्धार्थनगर जनपद की प्रमुख आर्द्रभूमियो सर्वेक्षण किया और पाया कि जिले की पांच से अधिक आद्रभूमियां है, जो कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की हो सकती है। प्रारंभिक अध्ययनों से पता चला है, कि ये आर्द्रभूमि आर्थिक, पारिस्थितिकी रूप से महत्वपूर्ण पौधों व जंतु प्रजातियां के संरक्षक के रूप में कार्य कर रहा हैं। सर्वेक्षण की गई। आर्द्रभूमियो में भारत- नेपाल सीमा के पास मौजूद बजहा सागर और मझौली सागर आर्द्रभूमि के 'रामसर साइट' बनने की संभावना काफी प्रबल है। भौगोलिक स्थिति, जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति आदि इन दोनों स्थानों को उपरोक्त संबंध में अधिक आशावान बनाता है। वर्तमान में भारत में 85 रामसर साइट है, जिसमें से10 उत्तर प्रदेश में स्थित है। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि सिद्धार्थनगर की प्रमुख आर्द्रभूमियों का 'रामसर मानकों' पर वैज्ञानिक रूप से मूल्यांकन करने की तत्काल आवश्यकता है। यदि किसी आर्द्रभूमि को 'रामसर साइट' का दर्जा मिलता है, तो यह जैव विविधता संरक्षण,

पारिस्थितिकी पर्यटन के साथ साथ आकांक्षी जिला सिद्धार्थनगर को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने में सहायक होगा। इस संदर्भ में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन से भी संपर्क किया जाएगा।

डीएपी की किल्लत पर राजनीति शुरू

- कांग्रेस ने दिया राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

भाकियू अराजनैतिक आज करेगी चक्का जाम

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। डीएपी की किल्लत पर जारी है। अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस ने ज्ञापन सौंप कर किसानों की पैरवी की है। बुधवार को भाकियू ने चक्का जाम करने का ऐलान किया है। रवी की फसल के लिए किसान डीएपी के जुगाड़ में जुटे हैं। डीएपी खाद के लिए मारामारी मची हुई है। किसान तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। वहीं अधिकारी भरपूर खाद की उपलब्धता की बात कर रहे हैं। इस बीच खाद की किल्लत पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में डीएपी खाद की बढ़ती किल्लत के लिए, जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। भगवान सिंह वर्मा ने कहाकि किसान सबसे ज्यादा परेशान है, योगी सरकार के राज्य में किसानों को एक तो वैसे ही समय से खेतों के लिए पानी नहीं मिल रहा है, क्योंकि रजबाह और बम्बों की सफाई हुई नहीं है, वहीं आलू की बुवाई का सीजन चल रहा है, किसान डीएपी खाद की जरूरत के लिए लाइन में लगे हुए हैं, उनको खाद नहीं मिल पा रहा, घंटों घंटों लाइन में लगने के बाद भी प्रशासन द्वारा उनके साथ मारपीट की जा रही है, उनको समय से खाद भी मुहैया नहीं करवाया जा रहा। बाजार

कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

में खाद नकली बिक रही है। हम इस ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से अनुरोध करते है, कि किसानों को अभिलंब बुवाई के लिए खाद उपलब्ध करवाई जाए। बृजेश शर्मा एडवोकेट, प्रवीण ठाकुर, अशोक शर्मा, महेश चौबे, महिला जिलाध्यक्षा शिखा चौधरी, रोशन लाल, चंद्र मोहन जायसवाल, प्रकाश शर्मा, दीपक पाठक, मलिक अरोड़ा, महेश गौतम आदि थे।

नगर आयुक्त ने किया परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 28 शिकायत प्राप्त हुयी जिसमे 19 शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित नौ शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। वृंदावन परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था के स्थलीय निरीक्षण में नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा परिक्रमा मार्ग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली गई एवं परिक्रमा मार्ग से दूर अस्थाई डलाव घर बनाने व उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं परिक्रमा मार्ग में सफाई हेतु कार्यरत संस्था किंग सिक्योरिटी सर्विस प्रा लि के मैनेजर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सी पी पाठक सहायक नगर आयुक्त अनुज

जनसुनवाई करते नगर आयुक्त।

कौशिक जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चंद्र सफाई निरीक्षक सुभाष चंद्र उपस्थित रहे।

वृद्ध महिला श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ी, आगरा किया रैफर

मथुरा। बांके बिहारी मंदिर दर्शनार्थ आई वृद्ध महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसे बांके बिहारी मंदिर में तैनात पुलिसकर्मियों ने आनन फानन में संयुक्त चिकित्सालय ले गए। जहा उसकी हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक चिकित्सा देकर आगरा रैफर कर दिया गया है। इस संबंध में ईएमओ डॉक्टर शशि रंजन ने बताया कि दिल्ली निवासी 75 वर्षीय सरोज भाटिया पत्नी राजेंद्र भाटिया अपने परिवार के साथ बृंदावन के बांके बिहारी मंदिर दर्शनों के लिए आई थी। जिनकी भिड़ के कारण अचानक तबीयत बिगड़ गई।जिन्हे उनके परिजन और मंदिर सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए थे। महिला के परिजनों ने जानकारी दी कि वह पहले से ही हृदय सम्बन्धी बीमारी से ग्रसित है। महिला के परिजन उन्हें बेहतर इलाज मिल सके इसलिए प्राथमिक उपचार देकर आगरा एसएन हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया है। जिन्हे उनके परिजन इलाज के लिए आगरा ले गए है।